3 **बस्तर संभाग** पत्रकार के नाम से की गई शिकायत की श्रमजीवी ने ...

6 **अभिमत** आर्थिक रूप से गरीबों के प्रति न्याय

10 **संस्कारधानी** बेटी ने धोखे से हड़प ली जमीन, नातिन जूते से मारती है ...

11 **छत्तीसगढ़** सरकंडा बालक शाला के 1000 बच्चों के पास ...



रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 25 नवम्बर 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 93 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### बजट पूर्व बैठक में आज हिस्सा लेंगे मुख्यमंत्री भूपेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल केन्द्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बजट पूर्व बैठक में हिस्सा लेंगे। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 25 नवंबर को 11 बजे देश के सभी राज्यों के वित्त मंत्रियों की बैठक बुलाई है। जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। आम बजट 2023-24 की तैयारियों को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा राज्यों से सुझाव व प्रस्ताव आमंत्रित करने राज्यों के वित्त मंत्रियों की बैठक रखी गयी है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राज्यहित से जुड़े आर्थिक मुद्दों पर अपने प्रस्ताव रखेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री पूर्व की लंबित मांगों पर केन्द्रीय वित्त मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराएंगे।

### ट्रेनिंग के दौरान जवान की मौत

**बीजापुर।** बीजापुर जिला मुख्यालय के धनोरा 15 वीं बटालियन में पदस्थ जवान मुन्नालाल पोयाम पुलिस ट्रेनिंग के दौरान अचानक चक्कर खा कर गिर गया और उसकी मौत हो गयी। उप पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल ने बताया कि मुन्ना लाल पोयाम जो 15 वीं बटालियन घनौरा में पदस्थ था। सुबह ट्रेनिंग के दौरान चक्कर खा कर बेहोश हो गया। जवानों ने उसे बीजापुर अस्पताल में इलाज के लिए ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होने बताया कि जवान निवासी कोंडागाँव बस्तर का था।

### नौसेना को मिला मोरमुगाओ युद्धपोत

**नई दिल्ली।** अत्याधुनिक मिसाइल और अन्य हथियारों से लैस मोरमुगाओ युद्धपोत नौसेना को मिल गया जिससे उसकी मारक क्षमता कई गुना बढ गयी है। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने नौसेना को परियोजना 15 बी श्रेणी का दूसरा पोत विध्वंसक यानी यार्ड 12705 (मोरमुगाओ) गुरूवार को सुपुर्द किया। स्वदेशी इस्पात से बनाया गया यह पोत नौसेना के सबसे बड़े विध्वंसकों में एक है जिसकी लंबाई 164 मीटर और वजन 75000 टन से अधिक है। यह पोत समुद्री युद्ध के पूर्ण स्पेक्ट्रम में फैले विभिन्न प्रकार के कार्यों और मिशनों को पूरा करने में सक्षम है। इसे सतह से सतह पर मार करने वाली सुपरसोनिक 'ब्रह्मोस' मिसाइल और लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली 'बराक-8' मिसाइलों से लैस किया गया है।

# एसटी-एससी एवं ओबीसी के आरक्षण के बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव को मंजूरी

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ मंत्रिपरिषद ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में इजाफा करने वाले प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी। राज्य विधानसभा के अगले सप्ताह आहूत विशेष सत्र में इस आशय का संशोधन विधेयक पेश किया जायेगा। राज्य में आदिवासियों के आरक्षण में उच्च न्यायालय के निर्णय से हुई कमी को लेकर मचे घमासान के बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद ने आरक्षण में बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी। मंत्रिपरिषद ने इसके साथ ही छत्तीसगढ़ शैक्षणिक संस्था में प्रवेश में आरक्षण संशोधन विधेयक के प्रस्ताव का भी अनुमोदन कर दिया। मंत्रिपरिषद ने जिला खनिज संस्थान न्यास से संपादित अधोसंरचना के कार्यों पर व्यय हेतु न्यास निधि में प्राप्त राशि से निश्चित प्रतिशत राशि के बंधन से मुक्त किए जाने के संबंध में छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान नियम 15 में संशोधन किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी।इसके तहत् डीएमएफ के अन्य प्राथमिकता मद में उपलब्ध राशि का 20 प्रतिशत सामान्य क्षेत्र में तथा 40 प्रतिशत अधिसूचित क्षेत्र में व्यय किए जाने के प्रावधान को समाप्त कर दिया गया है, इससे अधोसंरचना के कार्य को गति मिलेगी जिससे प्रदेश में सामाजिक एवं आर्थिक विकास तेजी से होगा। मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ राज्य वनोपज संघ एवं निजी निवेशकों के मध्य सम्पादित त्रिपक्षीय एमओयू के आधार पर स्थापित वनोपज आधारित उद्योगों द्वारा उत्पादित छत्तीसगढ़ हर्बल ब्रांड के अंतर्गत 40 प्रतिशत की छूट के साथ क्रय करते हुए संजीवनी एवं अन्य माध्यमों से विक्रय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी।इस निर्णय के फलस्वरूप उन उद्योगों को जो वनोपज आधारित उत्पादों का निर्माण करना चाहते हैं उनको बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ हर्बल के अंतर्गत अच्छी क्वालिटी के उत्पादों का विक्रय हो सकेगा। बैठक में द्वितीय अनुपूरक अनुमान वर्ष 2022-23 का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक 22 का अनुमोदन किया गया।

इसके साथ ही सेरीखेड़ी रायपुर पटवारी हल्का नम्बर 77 में स्थित शासकीय भूमि 9.308 हेक्टयर भूमि का आबंटन प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन साधारण प्रकृति के प्रकरणों को जनहित में वापस लिए जाने हेतु निर्धारित अवधि 31 दिसंबर 17 को बढ़ाकर 31 दिसंबर 18 करने के प्रस्ताव,मुख्यमंत्री के स्वेच्छानुदान राशि को 70 करोड़ से बढ़ाकर 110 करोड़ किए जाने के प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया गया।



### नवीन मछली पालन नीति केबिनेट में मंजूर

मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य की नवीन मछली पालन नीति में मछुआरा के हितों को ध्यान में रखते हुए संशोधन को मंजूरी दी गई। मछुआ समुदाय के लोगों की मांग और उनके हितों को संरक्षित करने के उद्देश्य से नवीन मछली पालन नीति में तालाब और जलाशयों को मछली पालन के लिए नीलामी करने के बजाय लीज पर देने के साथ ही वंशानुगत-परंपरागत मछुआ समुदाय के लोगों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया है। तालाबों एवं सिंचाई जलाशयों के जलक्षेत्र आबंटन सीमा में 50 फीसद की कमी कर ज्यादा से ज्यादा मछुआरों को रोजी-रोजगार से जोड़ने का प्रावधान किया गया है। प्रति सदस्य के मान से आबंटित जलक्षेत्र सीमा शर्त घटाने से लाभान्वित मत्स्य पालकों की संख्या दोगुनी हो जाएगी। संशोधित नवीन मछली पालन नीति के अनुसार मछली पालन के लिए तालाबों एवं सिंचाई जलाशयों की अब नीलामी नहीं की जाएगी, बल्कि 10 साल के पट्टे पर दिए जाएंगे।

# आदिवासियों को वनवासी बनाकर उनका हक छीनने किया जा रहा प्रयास : राहुल

पायनियर संवाददाता ‹ खंडवा
www.dailypioneer.com

वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्र में सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला करते हुए कहा कि हमारे देश के आदिवासियों को वनवासी बनाकर उनका हक छीनने का प्रयास किया जा रहा है। गांधी की भारत जोड़ो यात्रा जनजातीय नायक टंट्या भील की जन्मस्थली खंडवा जिले के बड़ौदा अहीर पहुंची। यहां उन्होंने एक आदिवासी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी का एक भाषण सुना और उसमें उन्होंने एक नया शब्द प्रयोग किया, 'वनवासी'। अब ये शब्द, इसके पीछे एक दूसरी सोच है। आदिवासी के पीछे सोच है कि इस देश के पहले मालिक आदिवासी हैं। इसका मतलब अगर आदिवासी पहले मालिक है, तो उन्हें जमीन पर, जंगल पर, जल पर उनका हक होना चाहिए। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आदिवासियों और उनके बच्चों को उनका अधिकार मिलने चाहिए। अगर उनका बच्चा इंजीनियर, डॉक्टर बनने का सपना देख रहा है तो सरकार को पूरी मदद करनी चाहिए। लेकिन जब भाजपा की सरकारें स्कूल और कॉलेज को 'प्राईवेटाइज' कर देती हैं, उद्योगपतियों के हवाले कर देती हैं। अस्पतालों को उद्योगपतियों के हवाले कर देती हैं, तो आदिवासी के बच्चे शिक्षा नहीं पा पाते और उनके परिवारों को जब अस्पताल की जरुरत होती है, तो वहां नहीं जा पाते। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारें रेलवेज को, बीएचईएल को 'प्राईवेटाइज' करने का काम, बेचने का काम करती है, तो वो सीधा आदिवासियों को चोट मारती है। उन्होंने कहा कि टंट्या मामा के बारे में सोचें, तो हमारे दिमाग में आदिवासी आता है, संघर्ष आता है, निडरता आती है, क्रांतिकारी आता है, ये शब्द आते हैं। जब वो अंग्रेजों के सामने फांसी पर चढ़ रहे थे, तो उनके दिल में डर नहीं था, क्योंकि उनके दिल में आदिवासियों के लिए प्यार था। नोटबंदी, जीएसटी और कोरोना काल के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा किए गए कार्यो को लेकर कांग्रेस नेता गांधी ने कहा कि जीएसटी, नोटबंदी और कोरोना के समय जो सरकार ने किया, उसमें दलितों को, पिछड़ों को, आदिवासियों को, किसानों को, मजदूरों को चोट पहुंचायी गयी।



### प्रियंका और राबर्ट भी हुए शामिल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा मध्यप्रदेश के खंडवा जिले के बोरगांव से प्रारंभ हुयी, जिसमें पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और उनके पति राबर्ट वाड्रा भी शामिल हुए। सुबह बोरगांव से प्रारंभ हुयी पदयात्रा पहले अपने निर्धारित स्थल दुल्हार फाटा पेट्रोल पंप पर लगभग दस बजे पहुंची। इसके बाद यात्रा निर्धारित समय पर लगभग ढाई बजे जनजातीय नायक टंट्या भील की जन्मस्थली बड़ौदा अहीर पहुंची और वहीं पर आदिवासी सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान मंच पर श्री गांधी के अलावा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, जीतू पटवारी और दर्जनों नेता मौजूद रहे।

# इसरो ने किया लगातार 200वें साउंडिंग रॉकेट की सफल लांचिंग

एजेंसी ‹ चेन्नई
www.dailypioneer.com

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने लगातार 200वें साउंडिंग रॉकेट आरएच-200 को सफलतापूर्वक लांच किया है जो संगठन के लिए ऐतिहासिक और गौरव का विषय है। इसरो के सूत्रों ने कहा कि आरएच 200 ने लगातार 200वीं सफल उड़ान बुधवार को टीईआरएलएस लांच पैड से दिन में 11.55 बजे भरी। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इसरो के अंतरिक्ष विभाग के चेयरमैन एवं सचिव डॉ. एस. सोमनाथ के साथ इस ऐतिसाहिक पल को देखा। टीईआरएलएस के थुम्बा के तट से इसरो के बहुमुखी साउंडिंग रॉक्ट आरएच200 का सफल लांच किया गया जिसके लिए 200ञ्च200 कार्यक्रम आयोजित किया गया। कोविंद ने विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) समुदाय को संबोधित करते हुए डॉ विक्रम साराभाई, प्रो सतीश धवन और डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सहित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान में अग्रणी लोगों के महत्वपूर्ण योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि हमें इस आरएच200 के ऐतिहासिक पल में देश के अनुसंधान एवं विकास समुदाय पर गर्व है। भारतीय रॉकेट विज्ञान के लिए नवंबर एक महत्वपूर्ण माह होता है। देश की धरती से 21 नवंबर, 1963 को पहला साउंडिंग रॉकेट लॉन्च किया गया था। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. सोमनाथ ने कहा कि रॉकेट विज्ञान एक गंभीर कार्य है। हाल ही में एक छोटे रॉकेट का निजी लांच किया गया था जिससे इसरो ने 1960 के दशक के अंत में प्रदर्शित किए गए प्रयास का अनुकरण किया।



### बेरोजगारी की दर 7.2 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** देश में विनिर्माण गतिविधियों और कृषि आधारित कार्यों में गति आने से मौजूदा वित्त वर्ष की जुलाई - सितंबर की तिमाही में बेरोजगारी की दर 7.2 प्रतिशत दर्ज की गई है। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने जारी 'सावधि श्रमबल सर्वेक्षण जुलाई - सितंबर तिमाही 2022' में कहा है कि जुलाई- सितंबर में 2022 में बेरोजगारी की दर 7.2 प्रतिशत रही है। जुलाई - सितंबर 2021 की तिमाही में यह आंकड़ा 9.8 प्रतिशत रहा था। आंकड़ों के अनुसार पुरुषों में बेरोजगारी की दर 6.6 प्रतिशत और महिलाओं में 9.4 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार इससे पिछली तिमाही अप्रैल -जून 2022 में बेरोजगारी दर 7.6 प्रतिशत थी। श्रम बल सर्वेक्षण में पूरे देश से शहरी क्षेत्रों के 15 वर्ष से अधिक आयु के श्रमबल को शामिल किया जाता है। जुलाई - सितंबर 2022 के सर्वेक्षण में 5,669 शहरों और कस्बों के 44,358 परिवारों के 1,71,225 लोगों को शामिल किया गया।

## पीएम मोदी ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया

# ग्रीन हाइड्रोजन हब बनने वाला है गुजरात : मोदी

वार्ता ‹ पालनपुर (गुजरात)
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि गुजरात आने वाले दिनों में ग्रीन हाइड्रोजन हब बनने जा रहा है। पेट्रोल डीजल से चलने वाली कारें ग्रीन हाइड्रोजन से चलें हम इस दिशा में काम कर रहे हैं। मोदी ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए गुजराती में कहा कि मैं आज पालनपुर आया हूं तो मेरा ध्यान पांच प पर जाता है। इसलिए मैं पांच मुद्दों पर बात करना चाहता हूं। प से पालनपुर है तो प से पर्यटन, पर्यावरण, पानी, पशुधन और पोषण के बारे में बताना चाहता हूं। यह पांच मुद्दे एसे हैं जो शायद चुनाव की चर्चा में नहीं आए होंगे। अब आपके ध्यान में आएगा कि मेरे दिल दिमाग में इस मेरे बनासकांठा के लिए, इस मरे गुजरात के लिए, इस भारत के लिए कैसा सीधी रेखा का रोड मेप पड़ा है।



उन्होंने कहा कि आज दुनिया में पर्यटन उद्योग सबसे तेजी से बढ़ने वाला उद्योग है। बनासकांठा, पाटन और कच्छ जिलों में पर्यटन का विकास किया गया है। पर्यावरण के मामले में भारत विश्व में आगे बढ़ रहा है। कहा जाता था कि भारत पर्यावरण खराब करेगा। उस छवि को बदलने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। आने वाले दिनों में गुजरात ग्रीन हाइड्रोजन हब बनने जा रहा है। पेट्रोल डीजल से चलने वाली कारें ग्रीन हाइड्रोजन से चलने लगें हम उस दिशा में काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा पहले उत्तर गुजरात पानी के लिए परेशान रहता था। भाजपा सरकार में सुजलाम सुफलाम के माध्यम से नर्मदा माता का जल घर-घर पहुंचा है। हम पशुपालन में बहुत काम कर रहे हैं जिसमें पहले दूध का पैसा मिलता था। अब बायोगैस पर काम किया जा रहा है जिससे पशुओं के गोबर और मूत्र से आमदनी हो सके। पांचवां मुद्दा पोषण के लिए, हमारी संतान खास कर हमारी बेटियों का शरीर स्वस्थ बने उसके लिए काम शुरू किया।

### गुजरात में लोग मांग रहे हैं 27 साल का हिसाब : खडगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि गुजरात में बच्चों का भविष्य बिगाड़ा जा रहा है और कुपोषण तथा शिशु मृत्यु दर में राज्य की स्थिति बहुत खराब है इसलिए गुजरात की जनता भारतीय जनता पार्टी से 27 साल के शासन में किये गये काम का हिसाब मांग रही है। खडगे ने कहा कि गुजरात को मॉडल बनाकर प्रचारित किया जाता है लेकिन हकीकत यह है कि वहां कुपोषण के शिकार बच्चों की संख्या बहुत ज्यादा है। पोषण के अभाव में बच्चों का वजन घट गया है और जीवन उनके लिए चुनौती बन गया है। इसी तरह से गुजरात में शिशुओं को लेकर भी राज्य सरकार ने उदासीन रवैया अपनाया हे जिसके कारण गुजरात ज्यादा शिशु मृत्यु दर वाले राज्यों में शामिल है। खडगे ने कहा कि नरेंद्र मोदी कांग्रेस को कोसने के बजाय भाजपा के कुशासन पर बोलिये। गुजरात के बच्चों का भविष्य क्यों बिगाड़ा। क्यों कुपोषित, कम वजन वाले बच्चों में गुजरात 30 राज्यों में 29वें स्थान पर है।




SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
संकल्प, समर्पित सेवा का

# श्री बालाजी हॉस्पिटल

## एक दिवसीय नि:शुल्क कार्डियक शिविर

दिनांक : 26/11/2022 | दिन : शनिवार
समय. 10:00 से 4:00 बजे तक

नि:शुल्क परामर्श एवं सभी जांचो पर 50% की विशेष छूट

नि:शुल्क ईसीजी एंड इको

एंजियोग्राफी 4,999/-

ADVANCE CENTER *for* CARDIAC SCIENCES



DR.BAVINDAR SINGH CHUGH
M.D. (General Medicine)
DM (Cardiology)



DR KAKU SINGH BHATIA
MD, DM Cardiology (CMC Vellore)
Consultant Interventional Cardiologist



DR VIVEK WADHAWA
M.S., M.Ch (CTVS)
PGIMER, Chandigarh

अत्याधुनिक फिलिप्स एफ.डी.15 फ्लैट पैनल कैथ लैब

मॉड्युलर ऑपरेशन थियेटर

सर्व सुविधायुक्त कार्डियक आई.सी.यु.

अग्रिम पंजीयन आवश्यक

डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना (राशन कार्ड ) से एंजियोप्लास्टी एवं बाई पास सर्जरी

मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़

फोन: 9926191294, 9370671648, 0771-4241000/01/02

# गुडेलिया में छत्तीसगढ़ मितानिन दिवस मनाया



पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com

21 साल पहले मितानिन बहनों द्वारा मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य और पोषण के विषयों से अपना कार्य शुरू किया गया था। फिर उन्होंने मलेरिया, दस्त, टी.बी. और कुष्ठ जैसे रोगों से लड़ने में बड़ी भूमिका निभानी शुरू की और आज वे मानसिक स्वास्थ्य बी.पी. शुगर आदि के लिए भी समुदाय को सेवाओं से जोड़ रही हैं। वे स्वास्थ्य समस्याओं पर समुदाय की जागरूकता बढ़ाने, उचित सलाह देने और सामान्य बीमारियों के लिए प्राथमिक इलाज देने का काम कर रही हैं। स्वास्थ्य के अधिकार के साथ-साथ मितानिन बहनें महिला सशक्तिकरण जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी बेहतर कार्य कर रही हैं। वे शासन की अनेक कल्याणकारी योजनाओं के अधिकार से समुदाय को जोड़ रही हैं। छत्तीसगढ़ के मितानिन कार्यक्रम से सीख लेकर देश भर में आशा कार्यक्रम बना जिसमें आज 10 लाख महिलाएं सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं। यह कहना उचित होगा कि मितानिन छत्तीसगढ़ का गौरव हैं। इस साल विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वैश्विक स्तर पर भी उनके योगदान को सराहा गया है। प्रदेश में हर साल 23 नवम्बर का दिन मितानिन सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाता है। मितानिन समुदाय के लिए काम कर रही हैं और समुदाय की नेतृत्वकर्ता पंचायती राज संस्थाएं हैं। वही ग्राम पंचायत गुडेलिया में मीतानीन दिवस सरपंच लोकेश धुर्व, पंच संतोष, वरिष्ठ नागरिक एलआर नेताम, सम्भु धुर्व, दुकालू धुर्व, मीतानीन दीदी, सुरुज, सुखमीन, मानुका एवम् जानकी और गणमान्य नागरिक की मौजूदगी में मनाया गया।

# कलेक्टर एएसपी ने किया भाटापारा का संयुक्त निरीक्षण

**भाटापारा।** कलेक्टर रजत बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा भाटापारा नगर पहुंचकर विभिन्न शासकीय संस्थानों एवं सड़को का जायजा लिया। इस दौरान उन्होनें भाटापारा के ग्राम धुर्राबांधा में दुर्भाग्यपूर्ण हुए दुर्घटना को गंभीरता से लेते हुए दो टूक कहा कि गौठान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता की योजना है। गौठानों से गरीब व्यक्तियों को सीधा लाभ मिलता है। जिले के किसी भी गौठानों में अतिक्रमण बर्दास्त नहीं की जायेगी। जो भी व्यक्ति गौठानों के निर्माण जैसे शासकीय कार्य में अवरोध उत्पन्न करेगा उसके विरूध्द नियमानुसार कड़ी दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान उन्होनें सबसे पहले भाटापारा नगर के आउटर से खोखली बायपास का अवलोकन किया। इस दौरान मार्ग में अवरूद्ध बने अंबुजा टैऊक के संबंध में जानकारी हासिल की। साथ ही अंबुजा के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए एक सप्ताह के भीतर कार्य योजना लोक निर्माण विभाग के साथ मिलकर प्रस्तुत करने कहा है। उक्त मार्ग अंबुजा के ट्रैक आ जाने से प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते लोगों को नगर के बीच से ही जाना पड़ता है। जिससे नगर में परिवहन का दबाव अधिक रहता है। साथ ही पुलिस प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर ने नगर पालिका द्वारा बनाये गये नवीन बस स्टैण्ड जो कि वर्तमान में सब्जी बाजार के रूप में संचालित है उनका अवलोकन कर जायजा लिया।



# नायगंज वार्ड मे नाली व सड़क जर्जर होने से गंदगी का आलम



पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा नगर पालिका नयागंज वार्ड में गंदा पानी निकासी नाली नहीं होने से वार्डवासी परेशान होकर शिवसेना जिला महासचिव के कार्यालय पहुंचकर नाली निर्माण कराने का निवेदन किया। जिसके बाद तत्परता दिखाते जिला महासचिव भीखम यदु ने वार्ड की महिलाओ व पुरूषो को अपनी साथ में लेकर तुरंत नगरपालिका पहुंचे जहाँ पर नगर पालिका के सीएमओ से मुलाक़ात कर गर्म जोशी दिखाते हुए वार्ड वासीयो के सामने नगर पालिका कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर वार्ड में जल्द नाली बनाने की माँग किया। वहीं शिवसेना जिला महासचिव भीखम यदु एवं वार्ड के लोगों ने बताया की वार्ड में नाली बनी तो है मगर कभी भी उस नाली की साफ सफाई नहीं हुई जिसके चलते गंदा पानी निकासी के लिए नाली सफाई नहीं होने के कारण घरो से निकलने वाला पानी घर के बाहर जमा हो गया अगर जहाँ पर कुड़ा कचरा आदी में गली तब्दील हो गया हैं जिसमें पानी भर जाने से कई मच्छर व कई जहरिले किड़े मकोड़े लगातार बड़ते जा रहे हैं जिसके काटने से कई प्रकार के बिमारियो का शिकार वार्ड के लोग हो रहे हैं अगर जल्द इसका निवारण नहीं किया तो किसी गंभीर बिमारी से वार्ड के लोग ग्रसित हो जाएगे जिसकी संपुर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका की होगी। अगर जल्द साफ सफाई नहीं करायेगे तो शिवसैनिक व वार्ड वासी उग्र आंदोलन करेगी ज्ञापन सौंपने वालो में जिला महासचिव भीखम यदु, नगर सचिव लोकेंद्र यादव समेत वार्ड से रेखा कुमारी, शन्ति, दूजा पटेल, कांति, सविता यादव, सुनीता यादव, रामेश यादव, रुखमणि , रंगनी, अनपूर्ण, गोलू, राजू, आकाश, लक्ष्मी, करण, पार्वती साहू, योगेश, भूषण, प्रकाश, हेतराम ध्रुव, धिष्ठिर नेताम, बिमला साहु, नंदनी साहु, अलका प्रकाश एवं वार्ड के लोग शामिल थे।

# गौठान के लिये जमीन का नापजोख करने पहुंचे ग्राम धुर्राबांधा के सरपंच पर हमला



पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत धुर्राबांधा मे गौठान के लिए जमीन नापने के दौरान हुए विवाद मे गांव के तीन लोगो ने मिलकर सरपंच हेमंत वर्मा के उपर प्राण घातक हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया सरपंच को गंभीर रूप से घायल अवस्था मे सिविल असपताल लाया गया जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर रिफर किया गया। घटना के संबंध मे ग्रामीण थाना टी.आई. विनोद मण्डवी ने बताया कि दोपहर दो बजे सरपंच हेमंत वर्मा और अन्य लोग गांव मे बनने वाले गौठान के लिए जमीन का नापजोख करने पहुंचे इसी बीच नंदकुमार रजक,और उसके पुत्र जागेश्वर रजक, हर्ष कुमार रजक मौके पर पहुंचे और सरपंच से गाली गलौच करते हुए कहने लगे कि तुम हमारे द्वारा घेरी गई जमीन पर कैसे नापजोख कर रहे हो कहकर विवाद करना शुरू कर दिया और इसी बीच उत्तेजित होकर नंदकुमार रजक और उसके पुत्रो ने घातक हथियार फरसा,टंगिया और लाठी से सरपंच के साथ मारपीट शुरू कर दी और उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया इस दौरान सरपंच के सिर हाथ पैर व अन्य स्थानो पर गंभीर चोटे आयी है ।घटना के बाद पुलिस को सूचना मिलते ही घटना स्थल गांव पहुंची, पुलिस ने बताया कि घटना पर आरोपियों के खिलाफ धारा 307,34 के तहत मामला पंजीबद्ध कर नंदकुमार रजक और जागेश्वर रजक को पकड़कर थाना लाया गया वही घटना मे शामिल एक अन्य हर्षकुमार रजक अभी फरार है।

# मेडिकॉल एक्सपो ने चिकित्सा उपकरणों के लिए भारत के सबसे बड़े व्यापार मेले के 31वें संस्करण का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

मेडएक्सपर्ट बिजनेस कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा चिकित्सा उपकरणों के लिए सबसे बड़े क्क2क्क व्यापार मेले, मेडिकॉल का आयोजन 09 से 11 दिसंबर, 2022 के दौरान कोलकाता के विश्व बांग्ला मेला प्रांगण में किया जाएगा।

मेडिकॉल के 31वें संस्करण में अस्पताल की सभी जरूरतों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें सर्जिकल कॉटन से लेकर नवीनतम इमेजिंग उपकरण और सर्जिकल उपकरण जैसी सभी चीजें शामिल होंगी। यह पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत में चिकित्सा उपकरणों तथा अस्पताल की जरूरतों के लिए आयोजित सबसे बड़ी और भव्य प्रदर्शनी होगी।

मेडिकॉल की ओर से परस्पर-बातचीत पर आधारित विचार-मंथन का आयोजन किया जाता है, जो मेडिकॉल के आकर्षण का मुख्य केंद्र है। मेडिकॉल में दवाइयों के प्रबंधन के संदर्भ में विचारों को प्रेरित करने वाले एवं नया नजरिया प्रस्तुत करने वाले सेमिनार, वर्कशॉप, तथा बेहद सहज तरीके से कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाता है, साथ ही वर्तमान में चल रहे अस्पतालों के व्यावसायिक पहलुओं के बारे में जानकारी पाने और जानकारी देने के उद्देश्य से चिकित्सा बिरादरी के लिए सभी से पूछें खुली चर्चा सत्र का आयोजन किया जाता है। मेडिकॉल के विचार-मंथन कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के दिग्गज हस्तियों द्वारा अपने अनुभवों पर आधारित जानकारी को संक्षेप में प्रस्तुत किया जाता है।

इसके अलावा, मेडिकॉल ने सिमुलेशन आधारित वर्कशॉप के जरिए छात्रों की प्रतिभा व कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से मेडिकॉल अकादमी की शुरुआत की, और इस वर्कशॉप में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में इस्तेमाल किए जाने वाले नए कौशल और तकनीकों पर व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना भी शामिल है। वर्ष 2006 से, चेन्नई, मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद, कोलकाता, हैदराबाद और कोलंबो में मेडिकॉल शो का आयोजन किया जाता है। मेडिकॉल द्वारा अब तक 30 सफल संस्करणों का आयोजन किया जा चुका है। इस एक्सपो के बारे में बात करते हुए, डॉ. एस. मणिवन्नन, संस्थापक एवं सीईओ, मेडिकॉल, ने कहा कि टियर II एवं टियर III श्रेणी के शहरों के छोटे और मध्यम आकार के अस्पतालों के मालिक योग्य परचेज मैनेजर को नियुक्त करने का खर्च नहीं उठा सकते हैं। उपकरण बनाने वाली कंपनियों के पास भी इन सभी अस्पताल मालिकों से मिलने के लिए पर्याप्त संख्या में सेल्स कर्मचारियों की कमी है। मैं अपने अस्पताल के लिए इस कठिनाई से गुजर चुका हूँ, इसलिए मेरे मन में मेडिकॉल के जरिए चिकित्सा उपकरण बनाने वाली सभी कंपनियों को एक ही छत के नीचे लाने का विचार आया। 9 से 11 दिसंबर, 2022 के दौरान मेडिकॉल कोलकाता में 300 से ज्यादा प्रदर्शक भाग लेंगे, जिसमें 10,000 से अधिक उत्पाद एवं सेवाएँ प्रदर्शनी के लिए उपलब्ध होंगी।

# साजा में आयोजित शिविर में 137 में से 108 आवेदनों का किया गया मौके पर निराकरण

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आम जनता की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा आज गुरुवार को बेमेतरा जिले के विकासखंड मुख्यालय साजा के पुराना बाजार चौक में जिला स्तरीय जनचौपाल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मांग एवं शिकायत के कुल 137 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 108 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने आम जनता से रु-ब-रु होकर उनकी फरियाद सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उसका त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए। साजा में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मांग, शिकायत एवं समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। विभागीय अधिकारियों ने मंच पर आकर विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर इसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में



सर्वाधिक राजस्व विभाग में 67 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 60 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। राजस्व विभाग द्वारा ग्राम केवतरा निवासी मेघनाथ पिता स्वरुप सिंह, ग्राम भरदा निवासी उदय कुमार पिता रामू को किसान किताब (ऋण पुस्तिका) का वितरण किया गया। शिविर में श्रम विभाग द्वारा भवन एवं अन्य संनिर्माण कल्याण मण्डल के 5 हितग्राही कुमारी पति उत्तम, सोनिया रजक पति भोजराम रजक, दामिनी बाई वर्मा पति दीनबंधु वर्मा, तिरिथ बाई ठाकुर पति दिलीप कुमार ठाकुर, परमेश्वरी निर्मलकर पति परमेश्वर निर्मलकर का श्रम पंजीयन कार्ड बनाकर प्रदान किया गया। चार हितग्राहियों को नया राशनकार्ड जारी किया गया इनमें जन्ती पति ररुहा एवं सरस्वती पति नोहर निवासी पथर्रीखुर्द, ग्राम नवागांवखुर्द निवासी मुन्नी बाई पति शिवकुमार, ग्राम बीजागोंड़ निवासी सरोज पति विजय शामिल है। मत्स्य विभाग द्वारा जय मां महामाया स्व-सहायता समूह साजा के अध्यक्ष देवकुमार एवं सिद्धी महिला स्व-सहायता समूह महिदही के अध्यक्ष गायत्री को फीश माण्उट प्रदान किया गया। खाद्य विभाग द्वारा हितग्राही रोहित सोनकर, नरोत्तम, दिनेश ठाकुर को कुसुम, मसूर और उड़द खाद्य बीज का वितरण किया गया। इस दौरान जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित बुकलेट का निःशुल्क वितरण किया गया। इनके अलावा शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क उपचार एवं दवा का वितरण किया गया।

# मारी क्षेत्र में बढ़ते धर्मांतरण के खिलाफ ग्रामीणों में दिखा आक्रोश, ग्रामसभा में लिए कई महत्वपूर्ण फैसले

पायनियर संवाददाता ∢ केशकाल
www.dailypioneer.com



केशकाल विकासखंड अंतर्गत मारी क्षेत्र में निवासरत सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग के बड़ी संख्या में ग्रामीण बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय केशकाल पहुंचे थे। जहां आदिवासी समाज ने धर्मांतरण के खिलाफ ग्रामीणों द्वारा ग्रामसभा के माध्यम से लिये गए फैसलों से सम्बंधित ज्ञापन एसडीएम के नाम सौंपा है।

इस बारे में सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग से जुड़े संभू जुर्री, राजेश आँचला एवं राजकुमार गावडे ने बताया कि मारी क्षेत्र में लगातार बाहरी लोगों के द्वारा आकर गांव के भोले भाले ग्रामीणों को बहला फुसलाकर धर्मांतरण करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इस ज्ञापन के माध्यम से एसडीएम को यह जानकारी दिया है कि गांव में धर्मांतरित ईसाई की मृत्यु होने पर ग्रामसभा की अनुमति के बिना दफन न करने, मारी क्षेत्र में किसी भी जगह पर प्रार्थना सभा आयोजन की अनुमति नहीं देने, ईसाई समाज के पास्टर को ग्रामसभा की अनुमति के बिना गांव में प्रवेश करने नहीं देने, क्षेत्र में किसी भी तरह के चर्च का निर्माण नहीं करने एवं शव दफन हेतु भी स्थान नहीं दिए जाने की बात कही गयी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जितने चर्च बने हुए हैं उन्हें तत्काल तोड़ा जाए। क्योंकि लगातार ईसाई धर्म के प्रचार प्रसार से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अब देखने वाली बात यह होगी कि धर्मांतरण जैसे ज्वलंत मुद्दे पर प्रशासन की ओर से ग्रामीणों के इस निर्णय व उनकी मांगों पर क्या प्रतिक्रिया दी जाती है।

# अरविंद महाविद्यालय में हुआ रोज़गार सृजन कार्यक्रम



**किरन्दुल।** शासकीय अरविन्द महाविद्यालय किरन्दुल में गुरुवार को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत महाविद्यालय में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र छात्रा को भारत की बढ़ती तथा रोजगार की कमियो को देखते हुए स्वरोजगार के लिये केवाईटीसी, केयूटीबी, डीआईसी के द्वारा स्वरोजगार के लिये जागरुक किया गया।स्वरोजगार के रूप में वन आधारित उद्योग, खनिज आधारित उद्योग,कृषि आधारित एवं खाद्य उद्योग की जानकारी एवं साथ ही सरकार के अनुदान एवं बैंको के अनुदानों के रूप में पूर्ण जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में बी. एन. मानाधरे,राज्य उपनिदेशक एवं ग्रामो उद्योग, एज. एम. राउत सहायक निर्देशक पी. नायक जिला समन्वयक अधिकारी शिवराम बघेल मुख्य जिला प्रबंधक (बैंक) महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र एवं तथा किरन्दुल स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक रविन्द्र के नाथ ने जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम के अध्यक्षता के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य शारदा दर्रो, बिन्दु ठाकुर एवं सुखराज नरेटी एवं समस्त प्रोफेसर एवं स्टाफ उपस्थित हुए। महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ ने इस शिविर में उत्साह पूर्वक भाग लिया।

# दि बुद्धि सोसायटी ऑफ इंडिया भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्य पदाधिकारियों की नियुक्ति



**रायपुर।** दि बुद्धि सोसायटी ऑफ इंडिया (भारतीय बौद्ध महासभा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ट्रस्टी चन्द्रबोधी पाटिल के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में कार्यों के आधार पर पदाधिकारियों को विगत तीन वर्ष के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रभार सौपा गया है। आयु. बी.एस.जागृत - छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष, आयु. भोजराज गौरखेड़े - प्रदेश महासचिव, नीलकंठ सिंगाड़े - प्रदेश कोषाध्यक्ष, इनके अधिकार क्षेत्र में रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, मानपुर, मोहला, अम्बागढ़ चैकी, बालोद, महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी कांकेर, कोण्डागांव, नारायणपुर, जगदलपुर, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा को प्रभार में दिया गया है। इन जिलों में उक्त पदाधिकारी भारतीय बौद्ध महासभा के लिए कार्य करेंगे।

# अंतर्राज्जीय फुलझर का आगाज 10 से बैतारी में होगा भव्य आयोजन



**सरायपाली।** अंतर्राज्यीय फुलझर कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बैतारी में 10 दिसंबर से शुरू हो रहा है। प्रतियोगिता के लिए तैयारियां जोरों से चल रही है। आठ दिनों तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में 4 प्रदेश की 16 टीमें भाग ले रहे हैं। जिसमें भिलाई बालाजी, बिलासपुर रेलवे, टर्मिनेटर रायपुर, नागपुर, रांची, मणिग्रीव रायपुर, दुर्ग, सम्बलपुर, पाटनागढ़, बरगढ़, सीजी फारेस्ट रायपुर, राउरकेला, फुलझर इलेवन, शारदा इलेवन, खम्हारपाली, बैतारी की शामिल हैं। इसका फाइनल 18 दिसंबर को खेला जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष सरपंच वासूदेव मांझी ने बताया कि सभी खिलाड़ियों के लिए भोजन एवं आवास की निःशुल्क व्यवस्था की गयी है। पूरे ग्रामवासी भी इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

# भाजयुमो ने फूंका मोहन मरकाम का पुतला

पायनियर संवाददाता ∢ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष चैतराम अटामी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर के मार्गदर्शन में भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष गीदम अजय अवस्थी के नेतृत्व में भाजयुमो मण्डल गीदम ने पुलिस को चकमा देकर फूंका मोहन मरकाम का पुतला। भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी ने कहा भानुप्रतापपुर विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मनंद नेताम को कांग्रेस पार्टी ने बदनाम कर राजनितिक नुकसान पहुंचाने हेतु जो षड्यंत्र रची है वो पूरी तरह से द्वेष युक्त है।

भानुप्रतापुर विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मानंद नेताम को पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम के द्वारा प्रेस कांफ्रेंस कर षडयंत्रपूर्वक बदनाम करने और झूठे आरोपों में दर्ज एफआईआर में नाम जुड़वाकर राजनितिक नुकसान पहुंचाने के विरोध में आज भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल गीदम ने बस स्टैंड गीदम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और मोहन मरकाम का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। पुतला दहन में मंडल अध्यक्ष राजेश कश्यप, दीपक बाजपेयी, ममता गुप्ता, ओम सोनी, श्रीकांत राव, साजन गौतम, जितेंद्र वट्टी, अवधेश गुप्ता, खिलावन सागर प्रीति वैष्णव, बलदेव कश्यप, उमेश कश्यप, वीरेश मिश्रा, शम्भू यादव, मुन्ना राम मुरामी, बसंत कश्यप, अभिजीत तिवारी, रजत तुलसी,सखाराम सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित हुए।

## किरंदुल युवा मोर्चा ने जलाया मुख्यमंत्री बघेल का पुतला

**किरंदुल।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल किरंदुल के द्वारा गजराज कैंप चौक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम का पुतला जलाया। पुतला दहन के दौरान युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं में काफी रोष देखा गया। मंडल अध्यक्ष निमाई पाल जिला कार्यकारिणी सदस्य बी उद्देश्य किशोर जाल ने बताया कि भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम के ऊपर



कांग्रेसी झूठा मनगढ़ंत आरोप लगाया है। प्रदेश में आदिवासी अस्मिता को मजाक बनाकर मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम को मोहरा बना कर एक बहुत ही गंदा मजाक किया है जिसका भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता पुरजोर विरोध करता है।युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने भूपेश बघेल मुर्दाबाद मोहन मरकाम मुर्दाबाद का जोरदार नारे लगाकर पुतला दहन किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मपाल मिश्रा महामंत्री संजीव दास दिनानाथ ठाकुर आरटीआई जिलाध्यक्ष मनोज छालीवाल युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष निमाई पाल जिला कार्यकारिणी सदस्य बी उद्देश्य किशोर जाल सुखदेव पोयम पलाश विश्वास बिंदु बेमल वनमाली हरिजन विकास स्वामी पदमवार देव कुमार सुभाष बिहार पलाश विश्वास देवांश बघेल दिलीप कुमार ठाकुर प्रेम जाल सरस्वती डेहरिया जोशना सवाई अंजलि शर्मा सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पुलिस ने किया 2 अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के आदेषानुसार अति. पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल के निर्देषन, एवं अनु. पुलिस अधिकारी निमितेष सिंह परिहार के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थ गांजा के तस्करों पर कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में 23नवंबर 22 को थाना कोंडागांव में उपनिरी. कैलाष केषरवानी को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि कोंडागांव में पुराने प्रकरण में न्यायालय पेशी में आये महाराष्ट्र के वर्धा जिले के दो गांजा तस्कर उड़ीसा से गांजा लाने के बाद कोंडागांव आने के लिये ग्राम बड़े कनेरा के ड्राल चौक के पास खड़े है।

सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों का अवगत कराने बाद गांजा तस्करों के भाग जाने की आषंका पर कोंडागांव पुलिस के द्वारा तुरंत कार्यवाही करते हुये मौके पर जाकर घेराबंदी कर उक्त गांजा तस्करों को धर दबोचा गया, जिनका नाम नरेष मोहिते पिता वैकटराव और हरीष मोहिते पिता वैंकटराव निवासी वर्धा महाराष्ट्र है।

आरोपियों के पास से झोले में रखे 05 पैकेट में कुल 9 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद कर जप्त किया गया। मामले में धारा 20 बी नारकोटिक्स एक्ट की कार्यवाही कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही निरी. भीमसेन यादव, उपनिरीक्षक कैलाश केशरवानी, प्रधान आर. नरेंद्र देहरी, प्रआर. हेमूराम साहू, आरक्षक लोकेश सोरी थाना कोंडागांव द्वारा की गयी।

# पत्रकार के नाम से की गई शिकायत की श्रमजीवी ने की जांच की मांग

## कलेक्टर व एसपी को दिया आवेदन, निष्पक्ष जांच की रखी मांग, कहां पत्रकारों की छवि धूमिल करने की जा रही फर्जी शिकायत

पायनियर संवाददाता ▸ दंतेवाड़ा/किरंदुल
www.dailypioneer.com

दंतेवाड़ा में पत्रकारिता हमेशा से एक चुनौती पूर्ण कार्य रहा है। राजनीतिक, प्रशासनिक और नक्सल दबाव के बीच पत्रकारों को एक नई चुनौती का सामना करना पड़ा रहा है। दक्षिण बस्तर में अब पत्रकारों की आवाज दबाने उनके नाम से फर्जी शिकायतें की जाने लगी हैं। सच का सामना करने का साहस नहीं जुटा पाने वाले लोग अब दंतेवाड़ा के निष्पक्ष पत्रकारों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने नए नए हथकंडे अपना रहे हैं।

ताजा मामला दंतेवाड़ा के एक सरकारी संस्था के संस्था प्रमुख को लेकर की गई फर्जी शिकायत का है। किसी अज्ञात व्यक्ति ने गृहमंत्री, कमिश्नर बस्तर और कलेक्टर दंतेवाड़ा के नाम एक शिकायत पत्र लिखा और शिकायतकर्ता के स्थान पर पत्रकार पंकज भदौरिया और एक अन्य व्यक्ति का नाम लिख दिया। पत्रकार के नाम से किए गए इस फर्जी शिकायत को श्रमजीवी पत्रकार संघ ने बड़ी गंभीरता से लिया। और संघ ने इस विषय को लेकर बुधवार को बचेली में एक आवश्यक बैठक रखी।

बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार गुरुवार को श्रमजीवी के पदाधिकारियों ने कलेक्टर और एसपी से मिलकर इस पत्र के निष्पक्ष जांच की मांग रखी। बता दें कि इस पत्र में एक संस्था प्रमुख पर बेबुनियाद आरोप लगाते उनके विरुद्ध जांच की मांग की गई है। और शिकायतकर्ता के स्थान पर पत्रकार पंकज भदौरिया का नाम लिख दिया है। पंकज जिले एक सम्मानित पत्रकार होने के साथ साथ श्रमजीवी पत्रकार संघ के पदाधिकारी भी हैं। मामले को गंभीरता से लेते श्रमजीवी पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर विनीत नंदनवार को इस घटनाक्रम से अवगत कराया और मामले की जांच कर दोषियों पर कारवाई की मांग की है। पत्रकारों की मांग पर कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि जल्द ही इस मामले की पुलिस से जांच कराई जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने भी इस कृत्य की निन्दा की और कहा कि एसपी से बात कर विशेष टीम गठित कर मामले की जांच कराई जायेगी। वहीं संघ के पदाधिकारियों ने एसपी सिद्धार्थ तिवारी से भी मुलाकात कर उन्हें आवेदन सौंपा।



### मैंने नहीं की कोई शिकायत

इस मामले में पंकज भदौरिया ने अपना पक्ष रखते कहा कि उन्होंने किसी शासकीय कर्मचारी या अधिकारी के विरुद्ध किसी से कोई शिकायत नहीं की है। शिकायत पत्र में किए गए हस्ताक्षर मेरे नहीं हैं और न ही मैंने किसी के विरुद्ध शिकायत कर जांच की जांच कि मांग की है। बल्कि इस फर्जी पत्र की जानकारी मिलते ही मैंने रविवार को ही दंतेवाड़ा एसपी को आवेदन देकर जांच की मांग की थी। और कहा कि जिनके विरुद्ध शिकायत की बात की जा रही है उनसे मिलना तो दूर आज तक किसी विषय पर बात तक नहीं की। ऐसे में शिकायत का प्रश्न ही नहीं उठता। दक्षिण बस्तर में पत्रकारों को परेशान करने अब तरह तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं जो की दुर्भाग्यपूर्ण है।

### पत्रकार के नाम से की गई शिकायत की हो निष्पक्ष जांच : संतोष गुप्ता जिला महामंत्री भाजपा



**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिले के पत्रकार के नाम का इस्तेमाल कर लिखा गया फर्जी पत्र की निष्पक्ष जांच करने की मांग भाजपा जिला महामंत्री संतोष गुप्ता ने की है। श्री गुप्ता ने इस कृत्य को राजनीतिक षड़यंत्र करार देते हुए कहा की ये लेटर लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ को बदनाम करने एवं एक प्रतिष्ठित व्यक्ति के छवि को धूमिल करने के प्रयास से लिखा गया है इसकी एक प्रतिलिपि भाजपा जिलाध्यक्ष को भी मिली है इसलिये इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए जिससे ऐसे संकीर्ण मानसिकता वाले व्यक्ति का पर्दाफाश हो एवं दंतेवाड़ा जैसे संवेदनशील जिले में जहा पत्रकार समेत तमाम राजनीतिक दल के कार्यकर्त्ता समाज के उत्थान हेतु अपनी जान जोखिम में डाल कार्य करते है उन पर किसी भी प्रकार का मानसिक दबाव उत्पन्न नहीं होना चाहिए।

# विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा किया गया 700 महाआरती



पायनियर संवाददाता ▸ कांकेर
www.dailypioneer.com

विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल नगर कार्यकारणी कांकेर द्वारा पिछले 15 माह से निरंतर जारी महाआरती का 700 महाआरती मां शीतला मंदिर शीतलापारा कांकेर में पूरी भव्यता के साथ संपन्न किया गया और इसमें विशेष यह रहा की इस पावन बेला में प्रांत संगठन मंत्री जितेन्द्र वर्मा उपस्थित रहे साथ ही हित चिंतक जैसे महाअभियान के निमित उनके द्वारा जिला एवं नगर टीम के दायित्ववान के साथ नगर भ्रमण कर हित चिंतक बनाए गए। 700 महाआरती के इस पावन बेला पर जितेन्द्र वर्मा प्रांतीय संगठन मंत्री द्वारा महाआरती में उपस्थित सभी लोगो को संबोधित करते हुए कहा सत्संग से ही संस्कार का संचार होना है साथ ही हित चिंतक अभियान के निमित सभी लोगों से चर्चा कर अभियान को गति देने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर स्वयं विश्व हिंदू परिषद के जिला कार्यकारी अध्यक्ष मनोज सिंह ठाकुर, मनोज साहू, जिला विशेष संपर्क प्रमुख और विभाग धर्म प्रसार प्रमुख सुरेश तिवारी, साथ ही नगर और जिला के दुर्गावाहिनी, मातृ शक्ति के बहने भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत नारा में मितानिन दिवस मनाया गया



**कांकेर।** ग्राम पंचायत नारा में मितानिन दिवस मनाया गया और एमटी बेबी नाग, मितानीन रामदुलारी जैन, मनटोरा जैन, लता जैन, सभी मितानिन को ग्राम पंचायत नारा की ओर से साल श्रीफल भेंट दिया गया और इस दौरान ग्राम पंचायत नारा के सरपंच सुलोचना पोयासरपंच, पवन किशन साहू, पंच घनश्याम जैन, महेश पोया, पंचायत सचिव भरत शांडिल्य, गौठान अध्यक्ष सुरेश नाग, कली राम साहू, चंद्रहास सलाम, दिलीप मंडावी बाल मती गोटा, कुमारी जैन, किशन साहू खमन जैन, हरिशंकर निषाद ग्रामीण उपस्थित थे।

# कोंडागांव में पीरामल फाउंडेशन का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता ▸ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला कलेक्टर कोण्डागांव दीपक सोनी के निर्देशन में चल रहे आकांक्षी जिला प्रोग्राम में नीति आयोग की सहयोगी संस्था पीरामल फाउंडेशन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विकासखंड कोंडागांव के बीआरसी भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना महामारी के दौरान लर्निंग गैप और लर्निंग लॉस से प्रभावित बच्चों को अभी शुरुआत में कोंडागांव जिले में 7200 बच्चों को चिन्हांकित किया गया है। इन बच्चों के लिए विद्यालय से घर जाने के बाद अतिरिक्त टूल के रूप में माइंडस्पार्क ऐप का लाइसेंस वर्जन निःशुल्क उपलब्ध करवाया जा रहा है, इस ऐप में शिक्षण सामग्री और प्रश्नों के स्तर को बच्चों के कक्षा स्तर के अनुरूप रखा गया है एवं बच्चों के लेवल चेक करते हुए उनके स्तर को सुधारकर ऊपर उठाने का प्रयास किया गया है। शिक्षा विभाग कोंडागांव में इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल,जिला मिशन समन्वयक महेंद्र पांडे मार्गदर्शन में सहायक कार्यक्रम समन्वयक रूपसिंह सलाम के नेतृत्व में पीरामल फाउंडेशन से एडीसी प्रदीप राव की सहायता से संचालित किया जा रहा है।एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक रामलाल नेताम,चयनित शालाओं के शिक्षक और संकुल समन्वयक उपस्थित थे।




विधानसभा उप निर्वाचन-2022

## निर्वाचन प्रेक्षक (सामान्य) एवं प्रेक्षक पुलिस पहुंचे कांकेर

**कांकेर।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-80 भानुप्रतापपुर (अजजा) के उप निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त निर्वाचन प्रेक्षक (सामान्य) डॉ. एम.व्ही. वैंकटेश एवं प्रेक्षक पुलिस अभिषेक मोहंती कांकेर पहुंच चुके हैं। निर्वाचन संबंधित शिकायत, समस्या की जानकारी देने के लिए उनसे संपर्क किया जा सकता है। प्रेक्षक (सामान्य) डॉ. एम.व्ही. वैंकटेश का मोबाइल नंबर 88395-71945 है। उक्त नंबर पर उनसे निर्वाचन संबंधी शिकायत व समस्या की जानकारी देने के लिए संपर्क किया जा सकता है। प्रेक्षक पुलिस अभिषेक मोहंती का मोबाइल नंबर 83052-31776 है, उनसे निर्वाचन में अपराध से संबंधी जानकारी दी जा सकती है, वे विश्राम गृह कांकेर में सायं 04 से 05 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। इस अवधि में उनसे संपर्क किया जा सकता है।

## भाजपा प्रत्याशी की छवि खराब करने के विरोध में भूपेश बघेल एवं मोहन मरकाम का युवा मोर्चा द्वारा पुतला दहन



पायनियर संवाददाता ▸ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के निर्देशानुसार कोंडागांव जिला के शहर मंडल कोंडागांव के युवा मोर्चा के द्वारा भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम के ऊपर झूठा बेबुनियाद चारित्रिक आरोप लगाकर, प्रदेश में आदिवासी अस्मिता को मजाक बनाकर मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम को मोहरा बना कर एक बहुत ही गंदा मजाक किया है। इसका पुर जोर से विरोध करते हुए शहर मंडल कोंडागांव भाजयुमो के द्वारा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम का कोंडागांव बसस्टेंड में पुतला दहन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में मुख्यरूप से जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा, प्रवीर बदेशा तरुण साना, लक्ष्मी ध्रुव, जितेंद्र सुराना, जैनेंद्र ठाकुर, कुलवंत चहल, रौनक पटेल, नागेश देवांगन, बालसिंह बघेल, बंटी नाग, शीतल पटेल,राम सलाम,अभिनेत्रसिंह,संतोष नाग,टिंकू साहू,संतोष सिंह, हनी दुआ,रविंद्र नाग, करुण नाइक,महेंद्र पारख,अंकित राजपूत,योगेंद्र नेताम, सनिल भंसाली,दिलावर कपाड़िया,बाबा खान,राकेश देवांगन, धनसुदास राजेंद्र शर्मा, मिथलेश सेन,अनिल यादव एवम अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

## जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य न करने वाले ठेकेदारों की निरस्त होंगी निविदायें

पायनियर संवाददाता ▸ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

बुधवार को कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित कार्यो की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यो की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यो की गति में वृद्धि लाते हुए ऐसे ठेकेदार जिनके द्वारा निविदा एवं कार्यादेश के उपरान्त भी निर्धारित समय सीमा में कार्य प्रारंभ नहीं किये जा रहे हैं। उनके विरूद्ध कार्यवाही करते हुए उनकी निविदायें निरस्त कर पुनः निविदा कराते हुए कार्यो को सुचारू रूप से संचालित करते हुए समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

बैठक में उन्होंने बोरवेल से दूषित पानी आने पर अपनायी जाने वाली मानक संचालन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी लेते हुए सभी पूर्ण योजनाओं में स्थानीय ग्रामीणों को पम्प ऑपरेटर एवं तकनीकी सहयोग हेतु ग्राम पंचायत के माध्यम से नियुक्त करने हेतु कहा। उन्होने अधिकारियों को सभी ठेकेदारों को प्रदर्शन के आधार पर रैंक करते हुए अच्छा प्रदर्शन करने वाले ठेकेदारों को प्राथमिकता प्रदान करने को कहा। दूषित जल के मामलों में लैब के माध्यम से तुरतं जांच कर रिपोर्ट अनुसार गांवों में मुनादी एवं बोर को रंग करने के साथ लोगो में पेयजल के उपयुक्त प्रयोग एवं प्रबंधन के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये। इस बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कार्यपालन अभियंता हरि सिंह मरकाम, डीपीओ एके बिस्वाल, डीईओ आशोक पटेल, एसडीएम विरेन्द्र पाण्डेय सहित जिला समन्वयक, आएसए सीटीपीडी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।



## आओ करे विज्ञान से दोस्ती, अपूर्व विज्ञान मेला में सम्मानित हुए बस्तर के विश्व मोहन मिश्र



पायनियर संवाददाता ▸ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवीन कंगोली एसएएफ जगदलपुर बस्तर छत्तीसगढ़ कोरोना काल में जबकि बच्चों की शिक्षा बुरी तरह प्रभावित हुई तो बस्तर दुर्गम क्षेत्र में विज्ञान का शिक्षण विशेष रूप से प्रारंभिक स्तर पर चुनौतीपूर्ण कार्य था जिसे विश्व मोहन मिश्र ने अपनी रसोई का उपयोग करअत्यंत रोचक और आकर्षक बनाया। वे अपनी रसोई में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर वैज्ञानिक अवधारणाओं को छोटे छोटे वीडियोज़ के माध्यम से समझाते जैसे-प्रेशर कुकर में दाल जल्दी क्यों पकती है,पूरीयां तलने पर फूलती क्यों है, कटा हुआ आलू कुछ समय पश्चात काला क्यूं पड़ जाता है,ठंड में दही जल्दी क्यों नहीं जमता? इस, तरह वे हर दिन रसोई से कुछ न कुछ वीडियो बनाकर वालेंटियर्स तक भेजते, वालेंटियर्स उन वीडियोज को मोहल्ला क्लास में दिखाते, अब जब परिस्थितियां सामान्य हो चुकी हैं तब भी वे घर की रसोई से विज्ञान से संबंधित वीडियो बनाकर अगले दिन स्कूल में बच्चों को दिखाते हैं। इसका सबसे सुखद पहलू यह है कि अब बच्चे भी अपने आसपास की घटनाओं में वैज्ञानिक तथ्य ढूंढने लगे हैं। विश्व मोहन का मानना है कि विज्ञान के शिक्षक की सबसे बड़ी उपलब्धि यह होती है कि उसका हर शिष्य यह कहे कि मुझे विज्ञान सबसे अच्छा विषय लगता है। अपूर्व विज्ञान मेला पिछले 25 वर्षो से नागपुर में हर साल आयोजित होता है जिसमें सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले साधारण घरों के बच्चे विज्ञान के प्रयोग प्रदर्शित करते हैं क्योंकि इस वर्ष रजत रजत जयंती वर्ष था इसलिए देश भर से 48 ऐसे विज्ञान प्रचारकों को चुना गया जो विज्ञान का शिक्षण और प्रसार प्रसार इस तरह से कर रहे हैं कि विज्ञान सरल हो रोचक हो और जिसमें बहुत अधिक खर्च की आवश्यकता ना हो यानी परंपरागत प्रयोगशालाओं से बाहर निकाल कर उसे सरल तरीके से बच्चों तक पहुंचाया जाए इस मेले की एक विशेषता और थी कि यहां पर लगभग सभी वक्ताओं ने बस्तर में शासकीय शालाओं में कबाड़ से जुगाड़ की जमकर तारीफ की मुख्य अतिथि रघु ठाकुर का कहना था कि बस्तर जो आमतौर पर नक्सलवाद के लिए जाना जाता है वहां पर अगर बच्चे एक दिन में 35000 प्रयोग कर रहे हैं तो निश्चित रूप से वहां के शिक्षकों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

# 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' मोर्चे की लड़ाई में भूमिका निभाएंगे छत्तीसगढ़ के किसान संगठन

पायनियर संवाददाता ▸ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी तथा अन्य जरूरी मुद्दों को लेकर छत्तीसगढ़ के किसान संगठनों ने एकजुट होते हुए एक बार फिर ताल ठोकी है। संयुक्त किसान मोर्चा दिल्ली के देशव्यापी आह्वान, तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य के मोर्चे में लड़ाई की आगे की रूपरेखा तय करने के विषय में , छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ से जुड़े संगठनों तथा अन्य किसान संगठनों के मुखियाओं की वर्चुअल बैठक 24 नवम्बर को संपन्न हुई। जिसमें छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ के संयोजक मंडल सदस्य तेजराम विद्रोही, वरिष्ठ किसान नेता भाई पारसनाथ साहू, भाई गजेंद्र कोसले, अखिल भारतीय किसान महासंघ (आईफा) के राष्ट्रीय संयोजक डॉ राजराम त्रिपाठी, छत्तीसगढ़ किसान महासभा के संयोजक वरिष्ठ किसान नेता भाई नरोत्तम शर्मा, अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के उपाध्यक्ष भाई मदन लाल साहू, भारतीय किसान यूनियन के छत्तीसगढ़ प्रभारी युवा किसान नेता प्रवीण श्योकंड, कृषक बिरादरी के सदस्य भाई पवन सक्सेना ने भाग लिया तथा सभी ने महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपनी बेबाक राय पेश की। कुछ साथी तकनीकी कारणों से ऑनलाइन नहीं जुड़ पाए दूरभाष चर्चा द्वारा उन सब की सहमति इन मुद्दों पर प्राप्त कर ली गई है । सभी साथियों ने तय किए गए इन कार्यक्रमों में सम्मिलित होने की सहमति प्रदान की है। छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ के संयोजक मंडल सदस्य और अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के सचिव तेजराम विद्रोही ने बताया कि सभी कृषि उपजों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, बिजली बिल विधेयक 2020 को वापस लेने, लखीमपुर खीरी में किसानों की हत्या के लिए जिम्मेदार मंत्री की बर्खास्तगी और गिरफ्तारी, दिल्ली किसान आंदोलन में शहीद किसान परिवारों को सम्मानजनक मुआवजे आदि की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ में 26 नवम्बर को दोपहर 1 बजे राज्यपाल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा अखिल भारतीय किसान महासंघ आईफा के राष्ट्रीय संयोजक डॉ राजाराम त्रिपाठी बताया कि हमें किसानों से जुड़े हर मुद्दे पर एक साथ, एकजुट होकर खड़े रहना है। वर्तमान समय में किसानों की सबसे बड़ी समस्या उसके उत्पादन का उचित मूल्य नहीं मिल पाना है।



इसलिए देश की हर फसल तथा प्रत्येक किसान के लिए एक सक्षम न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी कानून लाने हेतु देश के 223 किसानों ने एकजुट होकर दिल्ली में राष्ट्रीय न्यूनतम समर्थन मूल्य मोर्चा का गठन किया है। इसी तारतम्य में 1 दिसंबर को महाराष्ट्र के पुणे में तथा 18 दिसंबर को उत्तराखंड के देहरादून में बड़े किसान सभाएं आयोजित होने जा रही है, जहां 'फसल हमारी दाम तुम्हारा, नहीं चलेगा नहीं चलेगा' एवं 'हर फसल के लिए एमएसपी, हर किसान के लिए एमएसपी' जैसे नारे गूंजेंगे नहीं चलेगा तथा। छत्तीसगढ़ में भी ऐसी ही राष्ट्रीय स्तर की किसान संगठनों की बड़ी बैठक आयोजित की जानी है। इसकी विस्तृत कार्ययोजना बनाने हेतु छत्तीसगढ़ के सभी किसान संगठनों को आवाहन कर इसी दिसंबर 13 तारीख को रायपुर में एक बैठक आयोजित की जाएगी राष्ट्रीय किसान नेताओं की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सभी फसलों और सभी किसानों को एमएसपी मूल्य की गारंटी का अधिकार सुनिश्चित हो इस संदर्भ में एक बड़ी बैठक आयोजित करने की योजना है। जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी किसान संगठनों के प्रतिनिधि, समाजसेवी बुद्धिजीवी और समर्थक शामिल होंगे।

## भण्डारीपारा वार्ड में मनाया मितानिन दिवस मिठाई से मुंह मीठाकर किया अंभिवंदन

पायनियर संवाददाता ▸ कांकेर
www.dailypioneer.com



शहर के भण्डारीपारा वार्ड में सांस्कृतिक भवन गौरा चौक में मितानिन दिवस मनाया गया इस अवसर पर वार्ड पार्षद सुशीला यादव ने मितानिनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तिलक लगाकर, श्रीफल और मिठाई देकर सम्मानित किया गया। मौके पर वार्ड पार्षद सुशीला यादव ने संबोधित करते हुए समस्त वार्डवासियों की ओर से मितानिनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उनके निःस्वर्थ सेवा, भाव सहयोग से वार्ड और लोगों के लिए किए कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद आभार किया, और आगे भी वार्ड के लोगो की सेवा, मदद करने के लिए उन्हें प्रेरित किया। इस अवसर पर मितानीन कमला यादव, लिलिमा पटेल, सरिता यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संतोषी यादव, अनुराधा निषाद, हुमिना परिहार, अन्नपूर्णा शर्मा, सहायिका संगीता यादव, बिंदा धनकर, वार्डवासी दुलमा दुबे, खेमिन देवांगन, दिनेश यादव, मनोज ठाकुर, मुन्ना यादव, राम सेवक पटेल शिवराम यादव, लखन लाल पटेल, शालिक राम पटेल, ओम यादव, जयवीर पटेल, नीरज पटेल, किशन यादव सहित समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे।

# आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल बैकुंठ में पालकों ने किया धरना-प्रदर्शन

## स्कूल की प्राचार्य नीरजा पीयूष तिवारी को तत्काल बर्खास्त करने की कर रहे हैं मांग

पायनियर संवाददाता ∢ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



एक तरफ जहां आदित्य बिड़ला ग्रुप द्वारा अपने संस्थान में कार्यरत मजदूरों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा और सुविधाओं के लिए नित नए प्रयास किए जा रहे हैं वही आदित्य बिड़ ला पब्लिक स्कूल की प्राचार्य नीरजा पियूष तिवारी के अड़ियल रवैया और हिटलरशाही की वजह से लोगों में खासी नाराजगी दिखाई दे रही है उसे तत्काल बर्खास्त करने की मांग किया जा रहा है प्राचार्य नीरजा पियूष तिवारी की वजह से आदित्य बिड़ ला ग्रुप का नाम खराब हो रहा है।

आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल बैकुंठ पिछले कुछ समय से स्कूल के नियमों में जबरदस्ती मनमानी कर रही है जिसकी वजह से स्कूल स्टॉफ व अभिभावकों को मानसिक व आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हैं जिसे लेकर अभिभावकों, एन. एस. यु. आई.के कार्यकर्ताओ एवं श्रमिक यूनियन के द्वारा आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल बैकुंठ के गेट में ताला लगाकर कंपनी प्रबंधन के सामने अपनी 12 सूत्रीय मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन किये।

आपको बता दे की स्कुल की प्रिंसिपल अपने रूखे व्यवहार के कारण हमेशा सुर्खियों में रहती है प्रिंसिपल नीरजा पियूष तिवारी के अड़ियल रवैया होने से किसी भी अभिभावक से मिलने का समय नही देती है जिसकी वजह से अभिभावकों को अपमानित महसूस होना पड़ रहा है।

प्रिंसिपल द्वारा शिक्षकों को लंच करने का समय नही दिया जाता है और सीनियर शिक्षकों को बहुत ज्यादा अपमानित किया जा रहा है जिसकी वजह से कई शिक्षको ने रिजाइन दे दिया है। शिक्षकों की कमी से पढ़ाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है।

अभिभावकों ने अपनी 12 सूत्रीय मांगो में प्रमुख रूप से प्रिंसिपल को बर्खास्त कर नए अनुभवी प्रिंसिपल की नियुक्ती, फीस में आधे सत्र में अचानक वृद्धि, स्कूल के ड्रेस और बुक में कमीशन खोरी, कम्पनी में कार्यरत श्रमिकों के बच्चो को मुफ्त शिक्षा, आदि मांगो को कम्पनी प्रबंधन के समछ रखा है और मांग पूरा होने तक धरना अनिश्चितकालीन करने की बात कह रहे है।

कंपनी प्रबंधन ने कहा है की पालको द्वारा 12 सूत्रीय मांग पत्र दिया गया है मैनेजमेंट से चर्चा कर उचित निर्णय लिया जायेगा।

# विकासखण्ड स्तरीय शिविरों में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करें अधिकारी



■ मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भेंट मुलाकात कार्यक्रम के पूर्व हो सभी तैयारियां

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर प्रभात मलिक ने जिला प्रमुख अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में आगामी दिनों में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भेंट मुलाकात कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लेने के निर्देश दिये। उक्त कार्यक्रम के लिए नियुक्त सभी नोडल अधिकारी अपनी तैयारी कर लेवे। इसी प्रकार हितग्राही मूलक योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों को भी चयनित कर लिया जाए। सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरण, नया राशन कार्ड, भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, जाति प्रमाण पत्र के प्रकरण लंबित न रखे। इसी प्रकार वन भूमि पट्टा के लंबित प्रकरण के कारणों का जांच करा ले। कलेक्टर ने सीएमएचओ को शासन की महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य योजना क्रमशः डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना और मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत लाभान्वित हितग्राही चिन्हांकित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विगत दिवस जिले के विकासखण्ड मुख्यालयों में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में लोगों से प्राप्त शिकायतों का विभागीय अधिकारी त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों के लिए नियुक्त सभी नोडल अधिकारियों को संबंधित पंचायतों का भ्रमण कर शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर ले। संबंधित गौठानों का भी भ्रमण कर गोठान की गतिविधियों से भी भलिभांति वाकिफ हो जाए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को संबंधित विकासखण्ड के गौठानों में पशुओं के लिए पैरादान कराने किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये। बैठक में अवगत कराया गया कि आमामी 25 नवम्बर को जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित गांधी मैदान और पुलिस ग्राउंड में किया जायेगा। इसी प्रकार जिले के विकासखण्डों में 24, 25, 26 एवं 27 नवम्बर को युवा महोत्सव का भी आयोजन किया जायेगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ रोक्तिमा यादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, एसडीएम हितेश पिस्दा, पूजा बंसल एवं अर्पिता पाठक, डिप्टी कलेक्टर टीआर. देवांगन व चांदनी कंवर और जनपद सीईओ सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

# हाई स्कूल घिवरा में सम्पन्न हुआ 2 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ खरोरा
www.dailypioneer.com



शाला प्रबंधन समिति एवं पालकों के उन्मुखीकरण हेतु 2 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण संकुल केन्द्र घिवरा व ईल्दा का संयुक्त रूप से शासकीय हाई स्कूल घिवरा में सम्पन्न हुआ।

केन्द्र घिवरा व ईल्दा के सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के संस्था प्रमुखों के साथ, सभी विद्यालयों से एक वरिष्ठ शिक्षक भी प्रशिक्षणार्थी के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किये तत्पश्चात प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक अपने विद्यालय के शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर संकुल प्रभारी प्राचार्य घिवरा दीपक गुप्ता सर जी, संकुल प्रभारी प्राचार्य ईल्दा टी. श्रीलाल नायर सर जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रशिक्षक के रूप में घिवरा समन्वयक कैलाश बघेल, शिक्षक सुरेन्द्र कोसरिया, भरत लाल ठाकुर और महेंद्र साहू ने अपने दायित्वों का बहुत ही अच्छे ढंग से निर्वहन किये।प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में व्याख्याता सी. पी. ढ़ीढी जी ने एक विशेष सत्र लेकर विद्यालय को बगीचा के उदाहरण लेकर बहुत ही अच्छी तरह से हम पालकों को अपनी जिम्मेदारीयों का अहसास दिला सकेंगे। समापन अवसर पर संकुल प्रभारी प्राचार्य दीपक गुप्ता जी ने मास्टर ट्रेनरों को मानदेय की राशि प्रदान किये साथ ही व्याख्याता नीलकमल सायतोड़े जी ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का प्रशिक्षण में उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया साथ ही शास. पूर्व माध्य. शाला ईल्दा में पदस्थ नितेश दुबे जी के आकस्मिक निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप मौन धारण पश्चात समन्वयक कैलाश बघेल और लखेश्वर वर्मा जी के द्वारा प्रशिक्षण समाप्ति की घोषणा गई।

# भारती महिला शक्ति फाउण्डेंशन द्वारा सेनेटरी पेड के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए समिति प्रमुखों की बैठक आहुत की गई

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





भारती महिला शक्ति फाउण्डेंशन हेड ऑफिस रायपुर के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ के संस्थापक शैलेन्द्र कुमार रजक जी के नेतृत्व में बलौदाबाजार जिले के विभिन्न ग्रामों में शिविर लगाकर नुक्कड़-नाटक, विभिन्न खेलों के माध्यम से ''मेरी उड़ान मेरी पहचान'' के माध्यम से सभी शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में निवासरत् बहन-बेटियों, माताओं को माहवारी के समय होने वाली परेशानियों में कपड़े के उपयोग को बंद कराकर सेनेटरी पेड का उपयोग एवं महत्व समझाते हुए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर सुविधा मुहैया कराना हमारी संस्था का मुख्य उद्देष्य है। हमारी संस्था द्वारा भारत के सभी शहरों एवं ग्राम पंचायतों में अपनी शाखा का विस्तार कर रोजगार प्रदान करने के साथ-साथ महिलाओं संबंधी माहवारी की समस्या से निजाद दिलाने प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। माहवारी के दौरान कपड़े का उपयोग करने से महिलाओं को बच्चेदानी में समस्या, कैंसर जैसे भयानक रोग तथा अन्य गंभीर बिमारी होने की संभावना बनी रहती है। हमारी संस्था द्वारा उन महिलाओं को जागरूक कर सेनेटरी नेपकिन का उपयोग करने हेतु प्ररित किया जाना है। भारती हिरवानी बलौदाबाजार जिला डी.पी.ओ. द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा गया कि सभी शहरी एवं ग्रामीण महिलाओं, स्व सहायता महिला समितियों से हम अपिल करते है कि हमारी संस्था से जुड़कर रोजगार प्राप्त करने के साथ-साथ महिलाओं को जागरूक कर महिला संबंधित होने वाली अनेक परेशानियों से मुक्ति दिलाकर इस पुण्य कार्य में सहयोगी बनें।

## लोकसभा निर्वाचन 2019 के दौरान निर्वाचन कार्य के लिए अधिग्रहित वाहनों की राशि प्राप्त करने आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन 2019 के दौरान निर्वाचन कार्य हेतु अधिग्रहित वाहनों के ऐसे मालिक जिन्होनें अपना वाहन किराया प्राप्त नहीं किये है। वे एक सप्ताह के भीतर कार्यालयीन समय में वाहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर वाहन किराया की राशि जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। तथा उक्त अवधि के उपरांत प्राप्त दावों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा एवं अवितरित राशि शासन को समर्पित कर दिया जायेगा। तत्पश्चात संबंधित वाहन मालिक को वाहन किराया राशि का भुगतान नहीं होने की स्थिति में इस कार्यालय की कोई जवाबदारी नहीं होगी।

# पेंशनर संघ ने सिन्धी साहित्य अकादमी बोर्ड के अध्यक्ष राम गिंडलानी का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ∢ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के अध्यक्ष रामावतार पांडे और उनके कार्यकारिणी के पदाधिकारिगण के साथ छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ तहसील शाखा तिल्दा के अध्यक्ष अभिमन्यु वर्मा ने राम गिंडलानी का छत्तीसगढ़ सिन्धी साहित्य अकादमी बोर्ड के अध्यक्ष बनने पर शाल, श्रीफल, गुलाल और पुष्पाहार से स्वागत किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के कोषाध्यक्ष जवाहरलाल सिरमौर, एस. एन. गुप्ता, ईश्वर प्रसाद वर्मा, घनश्याम वर्मा, सूर्यदीन कुर्रे सहित अनेक साथी मौजूद थे। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के अध्यक्ष रामावतार पांडे ने राम गिंडलानी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के संवेदनशील मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल द्वारा आपको छत्तीसगढ़ सिन्धी साहित्य अकादमी बोर्ड के अध्यक्ष बनाए जाने पर छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ और छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ तहसील शाखा तिल्दा आपका हार्दिक अभिनंदन करती है। इस पद पर रहकर विकासात्मक कार्य करने हेतु संगठन आपको शुभकामनाएं देती है। इस पर राम गिंडलानी ने भरोसा दिलाया कि माननीय मुख्यमंत्री ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है जिन पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करूंगा और छत्तीसगढ़ सिन्धी साहित्य अकादमी बोर्ड के उन्नति और विकास के लिए सकारात्मक भूमिका का निर्वहन करूंगा।

# 28 को होगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु जिला मुख्यालय स्थित रोजगार कार्यालय परिसर में 28 नवम्बर 2022 को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्लेसमेन्ट कैम्प सुबह 11 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक समृद्ध किसान बायों प्लाटेंक प्रा. लि. बिलासपुर द्वारा ग्रुप लिडर के 12 पद, योग्यता बारहवीं से स्नातक उत्तीर्ण एवं अनुभव, सेल्स आफि सर के 32 पद, योग्यता बारहवीं उत्तीर्ण 3 फ्रॉन्ट आफिस एक्सक्यूटिव के 1 पद, योग्यता, बीकॉम उत्तीर्ण, टेली एवं अनुभव। उम्र 20 वर्ष से 35 वर्ष, वेतन 6 हजार से 20 हजार रूपये तक देय होगा कार्यक्षेत्र बिलासपुर, बेमेतरा, कवर्धा, मुगेली होगा। सीमेंट प्रा.लि. खपराडीह, सिमगा बलौदाबाजार द्वारा ट्रेनी टू असिस्टेंट माईसं डिर्पाटमेंट के 1 पद, योग्यता स्नातक एवं कम्प्यूटर डिप्लोमा उत्तीर्ण, असिस्टेट टू आफिसर लाजिस्टिक के 0)1 पद, योग्यता स्नातक, स्नाकोत्तर उत्तीर्ण एवं अनुभव, जीईटी ळम्ज् इंजीनियर माईस के 02 पद, योग्यता बी.ई, बी.टेक माइनिंग इंजीनियरिंग उत्तीर्ण, ट्रेनी टू असिस्टेंट आफिसर प्रोसेस के 02 पद, योग्यता बीएससी, एसएससी उत्तीर्ण, उम्र 20 वर्ष से 25 वर्ष कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ होगा। केवल पुरूष आवेदक ही आवेदन कर सकते है। इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त प्रमाण,पत्र आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए उपस्थित हो सकते है। इस संबंध मे अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय से या दूरभाष न. 07727- 222143 में सम्पर्क कर सकते है।

## कृषकों की बैठक लेकर पैरादान करने प्रेरित किया गया

# राजीव युवा मितान क्लब द्वारा बैलगाड़ी माध्यम से किया गया 12 गाड़ी पैरादान

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत रोहरा के गौठान में समिति, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों, गांव के वरिष्ठ कृषकों का बैठक लिया गया एवं पैरादान करने प्रेरित किया गया। इस तारतम्य में आज राजीव गांधी मितान क्लब के सदस्यों एवं ग्राम के कृषकों द्वारा पैरादान किया गया।

राजीव गांधी मितान क्लब के सदस्यों श्रमदान एवं स्वयं के खेतों से स्वयं के बैलगाड़ी में पैरादान किया। परम्परागत ईंधन के उपयोग को कम करने हेतु बैलगाड़ी का प्रयोग किया गया एवं 12 गाड़ी गौठान में दान किया गया है। जनपद पंचायत सिमगा के उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने किसानों को प्रेरित करते हुए 12 बैलगाड़ी पैरादान गौठान में कराया। पैरादान कार्यक्रम में राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष लोकेश साहू, उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, कोषाध्यक्ष दूजेराम निषाद, सचिव अमरनाथ यदु, सदस्य खेमराज धितोड़े, सरपंच अजय अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। उक्त कार्यक्रम में जिला खनिज न्यास के सदस्य सुनील माहेश्वरी भी उपस्थित रहे। जनपद पंचायत सीईओ अमित दुबे ने अन्य ग्राम पंचायतो के गौठान को भी रोहरा ग्राम पंचायत से प्रेरणा लेते हुए पैरादान करनें का आव्हान किया। पारंपरिक रूप से बैलगाड़ी में पैरादान करने से जहां पेट्रोल,डीजल की राशि की बचत होती है। वही पर्यावरण प्रदूषण भी कम होता है। पंचायतो में नवगठित राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यो को इस तरह की पहल एक अनूठा प्रयास बहुत ही सराहनीय हैं।

## धान खरीदी केंद्र की निगरानी समिति का गठन

**खरोरा।** शशिकांत दिवेदी (प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्टि भा.ज.पा) एवं अनिकेश कश्यप (बाबी) जिला अध्यक्ष ग्रामिण भा.ज.पा कि अनुशंसा से जिला स्तिरीय 5 सदस्य निगरानी समिति गठित जिसमें 1. शिरीष तिवारी (रायपुर ग्रामिण जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ट भा.ज.पा), सूरज सोनी ( सह संयोजक सहकारिता प्रकोष्ट भा.ज.पा), रमेश शर्मा, नेतराम साहू, राघ्वेन्द्रा साहू को निगरानी समिति ग्रामिण मंडल में नियुक्त, किया गया एवं अन्य ग्रामिण मंडल में तिल्दा् मंडल से 12 सदस्य, समोदा मंडल से 14 सदस्य, आरंग मंडल से 8 सदस्य, मंदिर हसौद मंडल से 15 सदस्य, नवापारा मंडल से 4 सदस्य, खोरपा मंडल से 9 सदस्य एवं जिला स्तरीय में रायपुर ग्रामिण के सभी जगह भिन्न भिन्न मंडलो में नियुक्त किया गया। जिसमें धान खरीदी निगरानी समिति बनाया गया।

## प्रधान पाठक पदोन्नति काउंसलिंग 26 से 30 नवम्बर तक

**गरियाबंद।** जिला स्तर के रिक्त पद के अनुपात में सहायक शिक्षक (एलबी) से प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पदोन्नति हेतु काउंसलिंग तिथि घोषित की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी करमन खटकर से प्राप्त जानकारी अनुसार देवभोग विकासखंड के लिए 26 नवम्बर 2022, फिंगेश्वर के लिए 27 नवम्बर, मैनपुर के लिए 28 नवम्बर, छुरा के लिए 29 नवम्बर तथा गरियाबंद विकासखंड के लिए 30 नवम्बर 2022 निर्धारित की गई है। उक्त काउंसलिंग स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद में प्रातः 10 बजे से होगी।

## एकलव्य विद्यालय के रिक्त सीट के लिए आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार।** जिले के कसडोल विकासखंड अंतर्गत सोनाखान में स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के कक्षा 7वीं एवं 8वीं के रिक्त सीट हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए है। जिसमें कुल 9 सीट रिक्त है। जिसमें कक्षा 7वीं में बालक एवं बालिका 2-2 सीट एवं कक्षा 8वीं में बालक 1, बालिका के 4 सीट शामिल है। उक्त आवेदन सहायक आयुक्त कार्यालय बलौदाबाजार में 29 नवम्बर 2022 तक कार्यालयीन समय तक में जमा कर सकते है।

# उल्टी-दस्त की जानकारी मिलने पर प्रभावित क्षेत्रों का महापौर नीरज पाल, कलेक्टर मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने लिया जायजा

## मरीजों का हाल जानने पहुंचे अस्पताल, बेहतर इलाज के दिए निर्देश,प्रभावी रोकथाम के लिए घर-घर किया जा रहा है सर्वे

- उल्टी-दस्त की रोकथाम के लिए उठाए जा रहे हर जरूरी कदम,प्राइवेट अस्पतालों में उल्टी दस्त के मरीजों के लिए 20 बेड रहे रिजर्व, महापौर नीरज पाल ने जिला प्रशासन को दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल, कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने उल्टी-दस्त से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। इस दौरान घर-घर सर्वे के निर्देश दिए गए तथा लक्षण वाले मरीजों की पहचान कर उन्हें दवाइयां उपलब्ध कराने तथा मरीजों की स्थिति के मुताबिक जिन्हे चिकित्सा की आवश्यकता है, उन्हें बेहतर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराने कहा गया। वृंदा नगर कैंप क्षेत्र एवं जेपी नगर क्षेत्रों में उल्टी-दस्त के मरीज मिले हैं, जिनका अस्पतालों में अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में इलाज किया जा रहा है, जिसके चलते 5 मरीज स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं। अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रहे मरीजों से मिलकर सभी से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली गई तथा बेहतर से बेहतर इलाज के निर्देश दिए गए। स्पॉट पर ही प्रभावी रोकथाम के लिए निगम व स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे कर रोकथाम के हर जरूरी उपाय कर रही है। उल्टी-दस्त होने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। निगम प्रशासन को सूचना मिलते ही मौके पर निगम की टीम ने प्रभावित वार्ड क्षेत्र एवं मोहल्ले का सघन निरीक्षण किया है, निगम की टीम मौके पर मौजूद है। निगम व स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर सर्वे कर रही है तथा जिंक टैबलेट और ओआरएस के पैकेट वितरित किए जा रहे है, प्रभावित घर, वार्ड व आसपास में भी सर्वे कराया जा रहा है तथा क्लोरीन टेबलेट का वितरण किया जा रहा है, मुनादी के माध्यम से पानी उबालकर पीने, साफपानी पीने, ताजा व गर्म भोजन ग्रहण करने प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सभी घरों में पेयजल की जांच की जा रही है। प्रभावित क्षेत्रों के घरों एवं आसपास के क्षेत्रों से पानी का सैंपल लेकर लैब टेस्ट करवाया जा रहा है। शुद्ध पानी सप्लाई के लिए पानी टैंकरों की व्यवस्था की गई है। प्रभावित क्षेत्रों में निरीक्षण के दौरान मुकेश चंद्राकर, महापौर परिषद के सदस्य एवं स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, धर्मेंद्र यादव एवं स्थानीय पार्षद, निगम के अधिकारी अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, जोन आयुक्त एवं निगम के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# बैंक अध्यक्ष राजेन्द्र साहू ने किया बेरला के मौलीभाठा उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण

## किसान कुटीर का किया लोकार्पण

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू ने आज बेरला तहसील के धान उपार्जन केन्द्र मौलीभाठा में किसान कुटीर के लोकार्पण में शामिल होने पहुँचे, यहाँ उन्होने धान खरीदी की समीक्षा की एवं किसानों से चर्चा की तथा कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी प्रकार की समस्या ना आये। इसके पश्चात वे सेवा सहकारी समिति मौलीभाठा में किसान कुटीर का लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा मुख्य अतिथि अध्यक्षता राजेन्द्र साहू अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक, विशिष्ट अतिथि हीरा देवलाल वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, भुनेश्वरी पोषण वर्मा सभापति जिला पंचायत बेमेतरा, रामेश्वर देवांगन, चंद्रिका प्रकाश वर्मा सदस्य, जनपद पंचायत बेरला, गीता भारत यादव सरपंच, दुलारी बाई समिति अध्यक्ष, गिरीश यादव समिति प्रभारी उपस्थित रहें। सहित सैकड़ो की संख्या में किसान उपस्थित थे। इस अवसर पर आशीष छाबड़ा विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस सरकार के द्वारा धान के 2500 रु. समर्थन मूल्य करने से किसानों को लाभ पहुंचाया है, इस वर्ष 01 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है साथ ही धान का परिवहन भी शुरू हो गया है जिससे समितियों को धान खरीदी एवं किसानों को धान विक्रय करने में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो रही है। इस अवसर पर राजेन्द्र साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश सरकार किसानो का हमेशा सम्मान करती है, किसानो को कर्जा माफी पहला सम्मान, किसान कुटीर किसानो के लिए बनाया गया है। किसानों को लाभ पहुंचाने आगामी वर्षो में धान खरीदी 2800 रु. प्रति क्विंटल में खरीदा जावेगा, राजीव गांधी न्याय योजना के द्वारा किसानों का सम्मान किया जा रहा है। भूमिहीन मजदूरों को मजदूर न्याय योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। छत्तीसगढ़िया सरकार है, छत्तीसगढ़ की संस्कृति को आगे बढ़ा रही है छत्तीसगढ़ के खेलकूद को आगे बढ़ाने छत्तीसगढ़ ओलंपिक के शुरुवात किया गया।

## कोटपा एक्ट के तहत चलाया गया अभियान

दुर्ग। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जे.पी. मेश्राम एवं नोडल अधिकारी डॉ.आर.के. खंडेलवाल के मार्गदर्शन में आज कोटपा चालान पुलगांव क्षेत्र में किया गया।थाना-पुलगांव के सहयोग से धारा 4 में पुलगांव के सार्वजनिक स्थान बस स्टैंड, होटलों, चौक, आसपास समझाईश देने के साथ-साथ चालान किया गया। धारा 4 के तहत आसपास भी समझाईश देने के साथ-साथ कोटपा अधिनियम से संबंधित बोर्ड भी दिया गया और पुलगांव के ग्राम क्षेत्र में धारा 6 के तहत स्कूल के आसपास प्रतिबंध तम्बाकू व उसके हानिकारक प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। इस चालान की कार्यवाही में पुलगांव थाना से आरक्षक, औषधी निरिक्षक गायत्री पटेल व चंद्रकला ठाकुर, खाद्य विभाग से अजय सिंह, स्वास्थ्य विभाग से ललित कुमार साहू सभी के सहयोग से चालानी की कार्यवाही किया गया।

## आबकारी विभाग की कार्यवाही, परिवहन कर रहे 30 लीटर अवैध महुआ शराब एवं मोटरसाइकिल जप्त

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



सचिव सह आबकारी आयुक्त निरंजन दास सर एवं प्रबंध संचालक ए.पी. त्रिपाठी के द्वारा दिए गए निर्देश के तारतम्य में जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाहियां जारी हैं। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम एवं सहायक आयुक्त आबकारी रामकृष्ण मिश्रा के निर्देश पर 21 नवंबर को शराब की अवैध बिक्री के विरूद्ध आबकारी वृत्त बरमकेला,के प्रभारी द्वारा कार्रवाई की गई। गस्त दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर नाका बंदी कर चाँटीपाली अटल चौक के पास परिवहन करते शिवदास महंत पिता मकरध्वज उम्र 27 वर्ष जाति पनिका साकिन बरमकेला वॉर्ड 12 एवं वरुण सिदार पिता सम्पतलाल सिदार उम्र 24 वर्ष जाति सौरा साकिन बरमकेला वॉर्ड 2 के कब्जे से 30 लीटर अवैध महुआ शराब एवं मोटरसाइकिल हीरो होण्डा स्पेलेंडर क्र cg04ca2084 को जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध के तहत गैर जमानतीय प्रकरण दर्ज कर जेल दाखिल की गयी। उक्त कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक विकास पाल साण्डे ,घरघोड़ा वृत्त प्रभारी रमेश सिंह सिदार द्वारा की गयी, हमराह स्टाफ भेखराम पटेल एवं वाहन चालक मकबूल अली, अशोक पटेल एवं सुरक्षा कर्मियों का विशेष भूमिका रही।

# जीपीएम पुलिस द्वारा वैज्ञानिक विवेचना हेतु आयोजित की गई एक दिवसीय कार्यशाला

## जिला जी पीएम पुलिस के सभी थाना प्रभारी एवं विवेचक हुए लाभान्वित

पायनियर संवाददाता < जीपीएम
www.dailypioneer.com



विवेचना अधिकारियों को वैज्ञानिक पद्धति से विवेचना करने एवं विवेचनात्मक त्रुटि में सुधार करने विवेचना में सम्मिलित सभी विभागों के आपसी समन्वय एवं परस्पर सहयोग और विवेचना के वैज्ञानिक विधियों की जानकारी के उद्देश्य से पुलिस नियंत्रण कक्ष गौरेला में पुलिस महानिरीक्षक के आदेशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक महोदय यू उदय किरण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा, एसडीओपी अशोक वड़ेगांवकर, डी एस पी आई तिर्की के दिशा निर्देश में विज्ञान प्रयोगशाला के वैज्ञानिक अधिकारी, जिला अभियोजन अधिकारी, जिला अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर एवं सभी थाना चौकी के प्रभारी एवं विवेचको की संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य रूप से विवेचना में होने वाली त्रुटियों तथा वैज्ञानिक पद्धति से साक्ष्य संकलन मुलाहिजा के बारे में सूक्ष्मता से वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई और होने वाले व्यवहारिक दिक्कतों एवं निदान के संबंध में चर्चा की गई उक्त कार्य शाला में विशेष रूप से विज्ञान प्रयोगशाला बिलासपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी प्रवीण सोनी एवं विज्ञान प्रयोग शाला रायपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डॉक्टर संदीप वैष्णव, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट विद्या जौहर, सहायक लोक अभियोजन अधिकारी आशुतोष श्रीवास एवं संजीव राय, शासकीय अधिवक्ता पंकज नगाइच, डॉ अभिमन्यु सिंह डॉक्टर, शांति राय, जहीर खान, बी एम ओ मरवाही हर्षवर्धन, एवं जिले के समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी एवं समस्त विवेचक उक्त कार्यशाला में शामिल हुए।

## अनाधिकृत विकास के प्रकरणों का निराकरण के संबंध में 14 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

आवासीय एवं गैर आवासीय अनधिकृत निर्माण के नियमितिकरण हेतु 14 जुलाई 2022 तक अस्तित्व में आये आवासीय एवं गैर आवासीय तथा भूमि उपयोग का परिवर्तन कर किये गये अनधिकृत निर्माण का नियमितिकरण किया जाना है। इस अधिनियम इस अधिनियम/नियम के तहत् अनधिकृत विकास करने वाले व्यक्तियों से निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों के साथ, दिनांक 14 जुलाई 2023 (01 वर्ष) तक नियमितिकरण हेतु आवेदन पत्र प्राप्त किये जायेंगे, इस अवधि में 30 दिन की वृद्धि करने का अधिकार जिला कलेक्टर को दिये गये हैं। आवेदन पत्र की प्राप्ति हेतु नगर पालिक निगम क्षेत्र में आयुक्त नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत क्षेत्र में मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा निवेश क्षेत्र के भीतर किन्तु स्थानीय निकाय के बाहर संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, दुर्ग अधिकृत किये गये हैं।

## दावा अपत्ति निराकरण एवं अंतिम सूची का प्रकाशन

दुर्ग। सहायक शिक्षक प्रयोगशाला (संविदा) विषय भौतिक, रसायन एवं जीवविज्ञान पद हेतु प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण सूची एवं पात्र-अपात्र आवेदकों की अंतिम सूची दुर्ग जिले के पोर्टल में प्रकाशित की गयी है। उक्त सूची में पात्र अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर चयन कर साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। जिसकी सूचना पृथक से जिले के वेबसाईट पर प्रकाशित की जाएगी।

## जवाहर चौक और इंदिरा मार्केट के दुकानों से हटाया गया अवैध निर्माण, दुर्ग निगम की कार्रवाई



पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार शहर को स्वच्छ एवं सुंदर रखने की दिशा में निगम सतत कार्य कर रहा है, अवैध पोस्टर, पॉम्प्लेट, होर्डिंग जैसे प्रचार सामग्री हटाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आयुक्त नगर पालिक निगम, दुर्ग के नेतृत्व में जवाहर चौक में दुकानों के सामने लगे होर्डिंग्स बोर्ड, नाली के ऊपर अतिक्रमण एवं रोड पर सामान रखकर विक्रय करने वालों को समझाईश दी गई। इस दौरान कुछ उपद्रवियों द्वारा प्रशासनिक काम में बाधा डालने एवं शांति भंग करने की कोशिश की गई। निगम आयुक्त लक्ष्मण तिवारी ने पुलिस को उनके विरूद्ध 107-16 लगाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी दुकान संचालकों और आम लोगों से यह अपील की है कि शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाना हमारा कर्तव्य है, जनता के सुगम आवागमन में इस के निर्माण से बाधा उत्पन्न होती है। आप सभी इस काम में प्रशासन की मदद करें और स्वेच्छा से इस के निर्माणों को हटाये अन्यथा निगम इस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष वर्मा ने किया छात्रावासों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त आर.एन.वर्मा ने दुर्ग जिले के छात्रावासों का दौरा किया एवं साथ ही निर्माणाधीन छात्रावास को देखा । वर्मा ने अधिकारियों को निर्माणाधीन छात्रावास को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए एवं साथ ही गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने की बात कही। वहीं वर्मा ने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार द्वारा सभी वर्ग को ध्यान में रखते हुए शिक्षा और विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वर्मा द्वारा महिला ओबीसी छात्रावास नेहरू नगर भिलाई एवं प्रोफेसर कॉलोनी कातुल बोर्ड रोड भिलाई पिछड़ा वर्ग छात्रावास पुरुष का निरीक्षण किया एवं वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वर्मा दुर्ग के प्रयास हॉस्टल गए एवं वहां की व्यवस्था का निरिक्षण किया। उन्होंने छात्रावास अधीक्षक से प्रयास में रह रहे अध्ययनरत छात्रों के दिनचर्या उनके खान पान और शिक्षा की जानकारी ली। बालिका छात्रावास में सुरक्षा और स्वास्थ्य वातावरण निर्मित रहे इसके लिए उन्होंने अधीक्षक को सतत निगरानी रखने और कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रयास छात्रावास में संचालित किचन की व्यवस्था देखी और जरुरी निर्देश दिए। वर्मा के साथ निरीक्षण के दौरान अनीता डीकाटे अनुसंधान अधिकारी छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, प्रियंवदा रामटेके सहायक आयुक्त आदिवासी कल्याण विकास विभाग दुर्ग, धीरज बाकलीवाल महापौर दुर्ग नगर निगम, गया पटेल, राजेश यादव सभापति नगर निगम दुर्ग, सैय्यद अनीस रज़ा, बृजमोहन तिवारी, निखिल खिचारिया आदित्य नवरंग मिर्ज़ा शिब्बू एंव छात्रवास निरीक्षक विकास चंद्राकर भवना पांडे, ओपी साहनी छात्रावास प्रभारी आशीष गुप्ता प्रयास लवकुमार वर्मा निरक्षक उपस्थित रहे। शब्द औषधि का काम करता है- प्रयास होस्टल में निरीक्षण के दौरान वर्मा ने कहा कि शब्दों का जीवन में बड़ा महत्व होता है आपके कहे शब्द घाव का काम करते है तो औषधि का भी काम करते हैं।

## संक्रमित क्षेत्रों में उचित प्रबंधन के लिए अस्पतालों को किया गया है सूचित

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिले के कुछ क्षेत्रों में उल्टी एवं दस्त के प्रकरण सामने आए हैं। वर्तमान में शहरी खंड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि शहरी क्षेत्र में कुल 48 प्रकरण पाए गए हैं, जिसमें विन्दानगर में 17, जेपी नगर में 16, संतोषी पारा में 2 अन्य आंकड़ों में 5 मरीजों का इलाज घर पर चल रहा है और 5 मरीज बीमारी से रिकवर कर गए हैं। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बैकुंठ धाम, सिविल अस्पताल सुपेला भिलाई, एसएस हॉस्पिटल भिलाई, जिला चिकित्सालय दुर्ग, स्पर्श हॉस्पिटल भिलाई, अंबे हॉस्पिटल पावर हाउस और बीएम शाह हॉस्पिटल भिलाई में वर्तमान में कुल 42 मरीज भर्ती हैं। जिला प्रशासन मुस्तैदी के साथ इसकी रोकथाम की दिशा में सकारात्मक कदम उठा रहा है। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर संक्रमित क्षेत्रों का चिन्हांकन कर रहे हैं और इसकी रोकथाम के लिए उचित प्रबंधन नीति पर कार्य कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संक्रमित क्षेत्रों में स्क्रीनिंग करने के लिए सुपरवाईजर, मितानिन व कॉम्बैट टीम का गठन कर किया गया है।इसके अलावा क्षेत्र के आसपास के अस्पतालों को भी संक्रमण के संबंध में जानकारी उपलब्ध करा दी गई है ताकि वह बेहतर से बेहतर प्रबंधन आने वाले मरीजों को उपलब्ध करा सकें।

## कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने राजस्व प्रकरणों की ली समीक्षा बैठक

रायगढ़। सारंगढ़-बिलाई गढ़ कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दकी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने राजस्व मामलों के सुदृढ़ी करण करने के लिए सभी को अवगत कराया कि आगामी दिनों में एक पृथक रेवेन्यू शिविर का आयोजन किया जाएगा, यह शिविर आने वाले एक महीने तक चलेगा या उससे अधिक समय तक चल सकता है। इस शिविर के माध्यम से द्रुतगति से राजस्व मामलों का निपटारा किया जाएगा। डिजिटल हस्ताक्षरित खसरों की जानकारी के बारे में सभी अधिकारियों को कहा कि पटवारी को बुलाकर सप्ताह में एक बार खसरे के मामलों का निराकरण करें, साथ ही निजी खातेदार सहखातेदार एवं आधार प्रविष्टि की जानकारी पटवारी को साथ में बैठाकर कराने को कहा। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने समीक्षा बैठक के दौरान विवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन।

### आयुक्त का पदभार ग्रहण करते ही शहर सफाई व्यवस्था का जायजा लेने वार्डों में पहुंचे आईएएस लक्ष्मण तिवारी

# जनभागीदारी से ही शहर बनेगा स्वच्छ, नागरिक भी समझे अपनी जवाबदेही : आयुक्त तिवारी

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम के चलते शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने और बाहरी तथा आंतरिक क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए प्रशिक्षु आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी ने कार्यपालन अभियंता प्रमोद दुबे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ अल सुबह निरीक्षण करने वार्डो में पहुँचे। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त ने शहर के 23,24 एवं 25 वार्डो का भ्रमण कर स्वच्छता का जायजा लिया। उन्होंने शहर के मुख्य सड़कों का निरीक्षण किया गुरुद्वारा रोड पर सहित वार्डो के अंदुरुनी क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए नाली की सफाई वय व्यवस्था देखी।उन्होंने भ्रमण के दौरान सुपर वाइजर को सख्त चेतावनी दिए कि वर्किंग समय मे फोटो ग्रुप में शेयर करने को कहा। सड़क किनारे से बिल्डिंग मटेरियल को हटवाने के निर्देश दिए।आयुक्त लक्ष्मण तिवारी ने क्षेत्र के सभी बाहरी तथा आंतरिक क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। साथ हो निरीक्षण के दौरान उन्होंने किराना दुकान में शंकर व चावल लेने ग्राहक बनकर दुकान पहुँचे निगम प्रशिक्षु आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी, दुकानों में पॉलीथिन यूज़ नही करने की समझाइस दी गई। उसके बाद उन्होंने अन्य जगहों तक किए जा रहे सफाई कार्यो का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्वंय खड़े रहकर साफ सफाई करवाई।निगम द्वारा।जिसका निगम आयुक्त 2 दोनों से लगातार शहर का दौरा कर जायजा ले रहे है। जिसमें आयुक्त द्वारा नाले का भी निरीक्षण किया गया। इसके अलावा चौक चौराहों पर भी निरीक्षण किया और इसके संबंध में वहां के लोगों से वार्ता भी की और स्थिति का जायजा भी लिया।कहा जिस तरह से हम अपने घर को स्वच्छ रखने में प्रबंधन करते है और जिम्मेदारी से काम करते है।ठीक उसी तरह शहर को सुंदर व स्वच्छ रखने में भी हमें अपनी जनभागीदारी भी बहुत जरूरी है।शहर को स्वच्छ रखने में निगम प्रशासन का सहयोग करें ताकि हमारा नगर स्वच्छता में अव्वल बने। इसके उपरांत वार्डो के आंतरिक क्षेत्रों में भी सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। आयुक्त लक्ष्मण तिवारी ने बताया शहर की स्वच्छता को बरकरार रखना प्रथम कार्य है। साथ ही नगर निगम द्वारा संचालित अन्य व्यवस्थाओं को भी सुदृढ रखना बेहद जरुरी है। शहर भ्रमण के दौरान जिस वार्डो से संबंधित समस्या सामने आती है। उसको तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने के लिए मौके पर ही संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि बाजार शहर के चौक चौराहों पर आवागमन में बाधित अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही करें साथ ही वार्डो के भीतरी क्षेत्र में नाली के ऊपर अतिक्रमण करने वालो को भी नोटिस देकर सख्त कार्रवाई करें।

# नगर चौपाटी एवं राजेन्द्र पार्क का होगा कायाकल्प, फिर से शुरू होगा टॉय बोट, ओपन थिएटर का होगा अपग्रेडेशन

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने नगर चौपाटी, राजेन्द्र पार्क, वाई शेप ब्रिज एवं बोरसी मार्केट का निरीक्षण किया। सबसे पहले नगर चौपाटी का निरीक्षण किया। नगर चौपाटी का होगा कायाकल्प- कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने नगर चौपाटी का निरीक्षण कर नगर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों, आमजनों और चौपाटी के दुकान संचालकों से चौपाटी के अपग्रेडेशन के विषय में चर्चा की। उन्होंने निगम अधिकारियों को ऑर्किटेक्ट से बात कर चौपाटी के अपग्रेडेशन हेतु प्लान बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने चौपाटी की सुंदरता बढ़ाने के लिए ओपन एयर थियेटर का अपग्रेडेशन कर व्यवस्थित लॉन का निर्माण करने, पार्क में सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त करने हेतु सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति, बाउंड्रीवाल की मरम्मत करने, फुड स्टॉल की संख्या 30 से बढ़ाकर 150 करने, टॉय बोट लाइन की मरम्मत, पेवर ब्लॉक लगाने, पेच वर्क और हाई मास्ट लाईट लगाने के निर्देश दिए। राजेन्द्र पार्क में बढ़ेगी जन सुविधाएं- राजेन्द्र पार्क में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पार्क में और बेहतर तरीके से प्लानटेशन एवं पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए प्रशिक्षित मालियों की नियुक्ति के निर्देश दिए। जिससे नगरवासी पार्क में शांत वातावरण का अनुभव कर पाएंगे। पार्क के बाहर स्थित फुड स्टॉल्स एवं छोटे बच्चों के प्ले- जोन को कलेक्टर ने पार्क के अन्दर शिफ्ट करने को कहा, जिससे उनका रोजगार प्रभावित ना हो साथ ही नगर निगम को भी आय मिल सके। फूड जोन से होने वाले कचरे के निपटारे के लिए भी कलेक्टर ने सफाई कर्मचारियों की व्यवस्था के निर्देश दिए।

## संपादकीय

# श्रृद्धा हत्याकांड पूर्वाग्रह बढ़ने की आशंका

**श्रृद्धा** वाकर हत्याकांड से हमारे पूर्वाग्रहों व पूर्वानुमानों के बढ़ने की आशंका है, जबकि इनसे बचा जाना चाहिए। श्रृद्धा वाकर हत्याकांड मुख्यधारा मीडिया व सोशल मीडिया में व्यापक आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। ऐसा होना असामान्य भी नहीं है क्योंकि इस प्रकरण में लोगों की दिलचस्पी पैदा करने वाले सारे तत्व मौजूद हैं। इसमें गैर-परंपरागत संबंध, अपराध, जघन्य हत्या, आदि शामिल हैं। श्रृद्धा की हत्या उसके लिव-इन पार्टनर आफताब अमीन पूनावाला ने बहुत क्रूर तरीके से की तथा उसकी लाश के टुकड़े कर उनको फेंक दिया। ऐसे विषयों पर अनेक विशेषज्ञों ने अपनी राय दी है जिनमें फारेंसिक विशेषज्ञ तथा मनोरोग विशेषज्ञ शामिल हैं। इसके साथ ही अनेक लोगों ने बिना मांगे सलाहें दी हैं तथा पूरी तरह पूर्वाग्रही टिप्पणियां की हैं। कुछ प्रतिक्रियायें काफी बेचैन करने वाली भी हैं, खासकर कुछ लोगों ने पीड़िता पर ही आरोप लगाए हैं। जनता के एक हिस्से की राय है कि नौजवानों व खासकर लड़कियों को अपनी स्वेच्छा से काम नहीं करना चाहिए और उनको कम से कम ऐसे काम नहीं करने चाहिए जिनको उनके माता-पिता नापसंद करते हों। ऐसी सोच रखने वालों का मानना है कि अपने 'बच्चों' के लिए माता-पिता ही सर्वोत्तम निर्णयकर्ता हैं, भले ही वे श्रृद्धा की तरह बीस वर्ष से अधिक आयु के ही क्यों न हो गए हों। यदि श्रृद्धा ने अपने माता-पिता की राय मान कर आफताब से संबंध तोड़ लिए होते तो वह आज जीवित होती। यह बात सच है, लेकिन यह भी सच है कि कुछ मामलों में माता-पिता परंपरागत रूढ़ियों के शिकार होते हैं और वे अपनी बेटियों को असहज हो चुके वैवाहिक संबंध बनाए रखने को समझाते व इसके लिए दबाव डालते हैं। इसका परिणाम अक्सर हिंसा और मृत्यु हो सकती है। यह सब इस उम्मीद से किया जाता है कि आखिरकार 'सब ठीक हो जाएगा'। हालांकि, तलाक व विवाह विच्छेद बुरे हैं, लेकिन खराब हो चुके वैवाहिक संबंध इनसे भी खराब हैं जहां पत्नियों की अक्सर पिटाई होती है और इसके बावजूद लड़कियों के माता-पिता विवाह बनाए रखने पर जोर देते हैं। संक्षेप में कहा जाए तो हमेशा माता-पिता अपने बेटों व बेटियों के लिए सर्वोत्तम निर्णयकर्ता नहीं भी हो सकते हैं।

इसके साथ ही यदि लड़कियों को स्वयं अपनी इच्छा से पसंद का अधिकार न हो तो उनको पढ़ाने-लिखाने से क्या लाभ? श्रृद्धा एक शिक्षित लड़की थी, एक बड़ी कंपनी में काम करती थी और स्पष्टतः वह वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर थी। उसे अपने लिए निर्णय लेने का अधिकार था और उसने वही किया।

संभवतः उसके कुछ निर्णय गलत थे। इसमें आफताब के हाथों भयानक पिटाई का शिकार होने के बावजूद उसके साथ बने रहना तथा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई न करना प्रमुख है। हम उसके निर्णयों की गंभीरता पर सवाल उठा सकते हैं, पर उसके निर्णय लेने के अधिकार पर नहीं। लेकिन दुर्भाग्य से कुछ लोग ऐसा भी कर रहे हैं और उनमें केवल सामाजिक रूप से कट्टरपंथी या प्रतिगामी तत्व ही शामिल नहीं हैं। इनमें कुछ ऐसे लोग भी हैं जो पूरे मामले को सांप्रदायिक रंग दे रहे हैं। कुछ लोग इसमें 'लव जिहाद' देखते हैं और वे इस विवाद की चिन्ता नहीं करते कि क्या ऐसी परिघटना का अस्तित्व है। हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि इस मामले में कोई 'जिहाद' नहीं था। इसके साथ ही लड़की की लाश को 35 टुकड़ों में काटने के कारण सभी मुसलमानों को राक्षसों की तरह पेश करना भी सही नहीं है। ऐसे जघन्य अपराध हर समुदाय के लोग कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में 9 नवंबर को प्रिंस यादव को गिरफ्तार किया गया जिसने एक महिला की हत्या कर उसकी लाश को 6 टुकड़ों में काट कर कुंए में फेंक दी थी। कोई भी अपराध केवल एक समय किया गया अपराध होता है, इससे हमें अपने पूर्वाग्रहों को बढ़ावा नहीं देना चाहिए।

# आर्थिक रूप से गरीबों के प्रति न्याय

## आर्थिक रूप से कमजोर तबकों-ईडब्लूएस को आरक्षण की अनुमति देकर सर्वोच्च न्यायालय ने नैतिक रूप से सही व विधिक रूप से मजबूत निर्णय किया है।

**विवेक गुमास्ते**
(लेखक, राजनीतिक टिप्पणीकार हैं।)



सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के 103वें संशोधन को उचित माना है। इस संशोधन से गैर-आरक्षित श्रेणियों के आर्थिक रूप से कमजोर तबकों-ईडब्लूएस को शैक्षणिक संस्थाओं व नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण का प्राविधान किया गया है। हालांकि, इसका भारी विरोध भी हो रहा है। इसका विरोध करने वालों का कहना है कि यह संशोधन न केवल संविधान में उल्लिखित समता की अवधारणा का उल्लंघन करता है, बल्कि इस आधार पर ही सवाल उठते हैं जो आरक्षण को उचित ठहराता है। इस संविधान संशोधन व सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का विरोध करने वालों में तमिलनाडु में सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम-डीएमके अग्रणी भूमिका निभा रही है। हालांकि, शुरुआत में जाति व्यवस्था का जन्म एक प्रकार से श्रम-विभाजन पर आधारित था, पर बाद में समय बीतने के साथ यह विकृत होती गई। कालान्तर में यह भेदभाव का निन्दनीय उपकरण जैसी बन गई। इस विकृति के चलते जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा केवल परंपरागत छोटे-मोटे कामों या शारीरिक श्रम तक केन्द्रित रह गया तथा उसे शिक्षा से वंचित कर उसकी सामाजिक गतिशीलता में बाधा डाली गई। इससे उसकी ऊपर की ओर प्रगति लगभग बंद हो गई। इस सामाजिक अन्याय को दूर करने के लिए भारत ने असाधारण रूप से स्वतंत्रता के बाद जाति-आधारित सकारात्मक कार्रवाई की योजना बनाई। दुनिया का कोई भी दूसरा देश इस प्रकार की सकारात्मक कार्रवाई का दावा नहीं कर सकता है जो इतनी व्यापक व इतनी महत्वाकांक्षी हो।

शुरुआत में जाति-आधारित आरक्षण केवल अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों तक सीमित था। उनको शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश, सरकारी नौकरियों व विधायिका में क्रमशः 15 प्रतिशत व 7.5 प्रतिशत आरक्षण दिया गया था। 1980 में प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने मंडल रिपोर्ट को स्वीकार करते हुए अन्य पिछड़े वर्गों-ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा कर दी। केन्द्र सरकार ओबीसी में शामिल जातियों-समुदायों की सूची रखती है। इसके बाद वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा नीत राजग सरकार ने सामान्य श्रेणी वाले उम्मीदवारों में आर्थिक रूप से कमजोर-ईडब्लूएस श्रेणी के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण लागू किया। ईडब्लूएस आरक्षण पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का विरोध करते हुए डीएमके के प्रवक्ता मनुराज शन्मुगसुंदरम ने इंडियन एक्सप्रेस में 11 नवंबर, 2022 को एक लेख लिखा। उनके अनुसार, 'आरक्षण गरीबी उन्मूलन की व्यवस्था नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय यह पहचानने में विफल रहा है कि आरक्षण का आर्थिक आधार पर विस्तार करने वाला संविधान का 103वां संशोधन उचित नहीं है। 1992 में इंदिरा साहनी बनाम केन्द्र सरकार में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा था कि पिछड़ापन निर्धारित करने में आर्थिक स्थिति कभी भी एकमात्र आधार नहीं हो सकती है।'

यह सच है कि आरक्षण मूलतः एक गरीबी उन्मूलन योजना नहीं है। लेकिन यह विश्वास करना भी नौसिखियापन होगा कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों व अन्य पिछड़े वर्गों के लिए शैक्षणिक संस्थानों व नौकरियों में आरक्षण के निर्णय की संस्तुति में आर्थिक विपन्नता को केन्द्रीय स्थान नहीं दिया गया था। यदि केवल प्रतिनिधित्व ही एकमात्र आधार होता तो केवल विधायिकाओं में आरक्षण ही काफी था और शैक्षणिक संस्थाओं व नौकरियों में आरक्षण की जरूरत ही नहीं थी। दूसरा, यह समझना कठिन है कि सामान्य श्रेणी के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों-ईडब्लूएस को राहत देने से जाति-आधारित आरक्षणों का लाभ उठाने वाले लोगों पर नकारात्मक प्रभाव कैसे पड़ेगा। ऐसा खासकर इसलिए भी है कि ईडब्लूएस आरक्षण से जाति-आधारित आरक्षण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। इस प्राविधान से एससी, एसटी व ओबीसी का पहले से आधारित आरक्षण कोटा यथावत बना रहेगा। एक और वंचित वर्ग को राहत देने से वर्तमान आरक्षण व्यवस्था से लाभान्वित विशिष्ट लोग कम असमान नहीं हो जाएंगे। यह तर्क उसी प्रकार गलत है जैसा तर्क सीएए-विरोधी आंदोलन में दिया गया था।

> डीएमके का एजेंडा अपरिहार्य रूप से कुछ समुदायों के खिलाफ घृणा पर आधारित है। एक समुदाय के लोगों को अपमानजनक रूप से 'पप्पन' कहा जाता है और इसके साथ ही एक कहावत जोड़ दी गई है कि 'यदि तुम एक पप्पन व सांप को एकसाथ देखो तो पहले पप्पन को मारो।'

पिछड़ेपन के आर्थिक संकेतक का प्रयोग करने के बारे में बहुमत का निर्णय देने वाले जस्टिस पी.बी. पारदीवाला ने स्पष्ट किया है कि 'लंबे समय से जारी विकास व शिक्षा के प्रसार के कारण पिछड़े वर्गों के पहचान और निर्धारण के तरीकों की समीक्षा करना बहुत जरूरी हो गया है। इसके साथ ही यह निर्धारित करना भी जरूरी हो गया है कि पिछड़ेपन के निर्धारण का आधार वर्तमान स्थितियों के अनुकूल है या नहीं।' इस प्रकार जहां इंदिरा साहनी बनाम भारत सरकार मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने भले ही यह फैसला दिया हो कि केवल आर्थिक आधार ठीक नहीं है, पर यह कोई पत्थर की लकीर नहीं है। बदलती परिस्थितियों के अनुसार आधार बदलने की आवश्यकता भी हो सकती है। वर्तमान समय में हमें अन्य वंचित वर्गों की पहचान के लिए जाति से आगे जाने की आवश्यकता है ताकि एक सचमुच समावेशी समाज बनाया जा सके। इस प्रकार ईडब्लूएस को स्वीकार करने वाले सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का विरोध केवल उदारवादी दृष्टिकोण से न होकर वैचारिक तथा राजनीति से प्रेरित है। डीएमके जैसी पार्टियों को जातीय टकराव से लाभ मिला है, भले ही वे हाशियाकृत समुदायों की पैरोकार के रूप में स्वयं को पेश करती हों। वे हमारे समाज में विभाजक रेखायें बनाए रखना चाहती हैं तथा स्वयं को राजनीतिक रूप से प्रासांगिक बनाए रखने के लिए जातीय पहचानों को बढ़ावा देना चाहती हैं।

सभी जानते हैं कि सामाजिक प्रगति का डीएमके का एजेंडा अपरिहार्य रूप से कुछ समुदायों के खिलाफ घृणा के प्रति-विमर्श पर आधारित है। एक समुदाय के लोगों को अपमानजनक रूप से 'पप्पन' कहा जाता है और इसके साथ ही एक कहावत जोड़ दी गई है कि 'यदि तुम एक पप्पन व सांप को एकसाथ देखो तो पहले पप्पन को मारो।' विडंबना है कि यह कहावत तमिलनाडु की मुख्यधारा कहावतों में शामिल हो गई है। इससे स्पष्ट होता है कि एक प्रकार के भेदभाव से दूसरे प्रकार के भेदभाव को सही ठहराया जाता है। इस प्रकार जाति-आधारित आरक्षण अनन्त काल तक लागू होने वाली अवधारणा नहीं बन सकता है। यह अपने आप में कोई इलाज नहीं है और अनन्त काल तक बनाए रखने पर यह उस उद्देश्य को ही समाप्त कर देगा जिसके लिए इसे बनाया गया था। ईडब्लूएस आरक्षण को उचित ठहराने के पक्ष में सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस पी.बी. पारदीवाला ने कहा, 'आरक्षण अपने आप में कोई लक्ष्य न होकर एक माध्यम है। यह सामाजिक व आर्थिक न्याय प्राप्त करने का माध्यम है। आरक्षण को एक निहित स्वार्थी तत्व बनने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

वास्तव में असली समाधान उन कारणों की समाप्ति होगी जिनके चलते सामाजिक, शैक्षणिक व आर्थिक पिछड़ापन पैदा हुआ है।' इसके साथ ही अल्पमत का पक्ष रखने वाले जस्टिस एस. रवीन्द्र भट ने हमें बाबा साहेब अंबेडकर की वह समझदारी भरी चेतावनी याद दिलाई है कि आरक्षण को एक अस्थाई व अपवाद वाली व्यवस्था के रूप में देखा जाना चाहिए क्योंकि 'ऐसा न होने पर उससे समता के नियम को नुकसान पहुंचेगा।'

# 2024 में तमिलनाडु पर भाजपा की नज़र



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, प्रख्यात राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)

दशकों तक कड़ी मेहनत करने के बावजूद, कर्नाटक को छोड़कर दक्षिणी राज्यों में भाजपा की उपस्थिति बहुत कम है या नहीं है। दक्षिण ने 129 लोकसभा सीटों का योगदान दिया है, जिनमें से भाजपा के पास केवल 29 हैं। विशेष रूप से, तमिलनाडु में राजनीतिक मंथन हो रहा है, जहां भाजपा अपने सहयोगी अन्नाद्रमुक पर गुल्लक की सवारी करने वाले स्थान पर कब्जा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। पार्टी के रणनीतिकारों ने 2024 के चुनावों में अपनी समग्र स्थिति को बनाए रखने और सुधारने के लिए दक्षिण में प्रवेश करने की आवश्यकता महसूस की है और इसके %%ऑपरेशन दक्षिण विजय%% को पढ़ा है। इसका उद्देश्य उत्तर-दक्षिण के अंतर को कम करना और 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारी करना है। हिमाचल प्रदेश और गुजरात में विधानसभा चुनाव के बाद इसे गति मिलेगी। निर्धारित संसद चुनावों से लगभग दो साल पहले, भाजपा ने दक्षिण भारत में दो बड़े लक्ष्यों की पहचान की है - तमिलनाडु और तेलंगाना (दोनों क्षेत्रीय दलों द्वारा शासित)। कर्नाटक के चुनाव कुछ महीने दूर हैं और तेलंगाना में एक साल से भी कम समय में चुनाव होंगे। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित भाजपा के शीर्ष नेताओं ने अधिक बार दक्षिण का दौरा करना शुरू कर दिया है। तमिलनाडु ने 2014 और 2019 दोनों लोकसभा चुनावों में एक चुनौती पेश की। प्रमुख द्रविड़ दलों से निडर होकर भाजपा खुद को तीसरे विकल्प के रूप में पेश करने की कोशिश कर रही है। भाजपा कई कारणों से राज्य में असफल रही है। पहला, निर्णायक द्रविड़ नेतृत्व की बराबरी करने के लिए राज्य के लंबे, करिश्माई नेताओं को विकसित करना अभी बाकी है। दूसरे, तमिलनाडु ने पांच दशकों से अधिक समय से द्रविड़ विचारधारा को अपनाया है। यहां तक ??कि कांग्रेस ने 1967 के बाद अपना प्रभुत्व खो दिया जब द्रमुक ने राज्य पर कब्जा कर लिया। तब से, दो मुख्य द्रविड़ दल - ष्ठरूय और ्रढ्ढष्ठरूय - बारी-बारी से राज्य पर शासन कर रहे हैं। भाजपा के हिंदुत्व को राज्य में कोई अपील नहीं मिली है।

तीसरा, तमिलनाडु स्कूलों में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में थोपने का विरोध करता है। चौथा, तमिलनाडु में जातिगत गठबंधन और सामाजिक न्याय के लिए कोई अपील नहीं है। इसलिए, कांग्रेस, भाजपा, भाकपा और माकपा जैसे राष्ट्रीय दल द्रमुक और अन्नाद्रमुक गठबंधन पर गुल्लक की सवारी कर रहे हैं। 2024 के चुनावों के लिए भाजपा की तैयारी उसके प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई के साथ हाल ही में मदुरै में आयोजित एक पार्टी सम्मेलन में चुनावी बिगुल फूंकने के साथ शुरू हुई। इसके साथ ही पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की यात्रा से बढ़ावा मिला। मोदी के आधिकारिक दौरे के बाद से सभी पार्टियों में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं

शाह ने चेन्नई में भाजपा मुख्यालय कमालय में लंबी बैठक की और पार्टी की चुनावी रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने दो दिग्गज नेताओं - एम. करुणानिधि (द्रमुक) और जे. जयललिता (एआईएडीएमके) के निधन के बाद राज्य में वर्तमान शून्य का उपयोग करने की आवश्यकता पर बल दिया। जबकि एम.के. स्टालिन राज्य पर शासन कर रहे हैं, अन्नाद्रमुक लगभग नेतृत्वहीन है, जबकि कानूनी और राजनीतिक तकरार में फंस गया है। यदि भाजपा युद्धाभ्यास कर सकती है, तो यह आंशिक रूप से अन्नाद्रमुक की खोई हुई जमीन को पुनः प्राप्त करने के लिए अपर्याप्त शक्ति के लिए धन्यवाद है। अन्नाद्रमुक आज एक विभाजित पार्टी है और गुटबाजी से ग्रस्त है। पार्टी के दो समूह- दो पूर्व मंत्रियों, एडापडी पलानीस्वामी (ईपीएस) और ओ पन्नीरसेल्वम (ओपीएस) के नेतृत्व में, इसके नेतृत्व के लिए कानूनी और राजनीतिक रूप से लड़ रहे हैं। तीन दशक से अधिक समय से जयललिता की साथी वीके शशिकला ने जेल से रिहा होने के बाद पार्टी पर कब्जा करने की धमकी दी। उनके भतीजे टीटीवी दिनाकरन ने पहले ही अपनी पार्टी एएमएमके का गठन कर लिया है और 2021 में चुनाव लड़ा लेकिन पांच प्रतिशत वोट शेयर के साथ। इस चार-तरफा विभाजन और एकजुटता के बिना, पार्टी को स्पष्टीकरण की आवश्यकता है।

भाजपा अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन का हिस्सा होगी। फिर भी, यह स्टालिन सरकार की आलोचना करने वाले मुख्य विपक्षी दल के रूप में कार्य करता है। करुणानिधि और जया की मृत्यु के बाद भी, दोनों द्रविड़ दलों के पास 30 प्रतिशत से अधिक वोट शेयर हैं जबकि भाजपा को सिर्फ 3 प्रतिशत वोट मिले हैं। मुख्य विपक्षी दल, अन्नाद्रमुक के अलावा, राज्य में कई छोटे लेकिन महत्वपूर्ण राजनीतिक दल हैं, जैसे कि पीएमके, डीएमडीके, नाम तमिलर काची, एमडीएमके और राष्ट्रीय स्तर की कांग्रेस पार्टी, सभी कुछ प्रभाव के साथ हैं। और समुदाय जाति-तटस्थ छवि बनाए रखते हैं। पार्टी नादारों, गौंडरों और देवेंद्र कुला वेल्लालर के मौजूदा इलाकों से अपनी पहुंच बढ़ाने की कोशिश कर रही है।

थूथुकुडी तिरुनेलवेली और कन्याकुमारी के पश्चिमी और दक्षिणी जिलों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। पार्टी ने 2024 में महत्वाकांक्षी 20 प्रतिशत वोट शेयर और कम से कम 10 लोकसभा सीटों का लक्ष्य रखा है। हालांकि, दो गठबंधनों के गठबंधन वाले हिस्से को अभी भी तय करने की जरूरत है। आखिरकार, फैसला करने के लिए दो साल का समय है क्योंकि कम्युनिस्ट पार्टियों को छोड़कर सभी पार्टियों का दिमाग खुला है। बीजेपी स्टालिन को कांग्रेस को छोड़ने के लिए कहेगी। ईपीएस गुट भाजपा को छोड़ना चाहता है और यहां तक कि अन्य छोटी पार्टियों के साथ भी जाना चाहता है।

ऐसे बदलते समीकरणों के साथ, अब भविष्यवाणी करना मुश्किल है, लेकिन दोनों गठबंधनों में डीएमके के नेतृत्व वाला गठबंधन स्थिर लगता है। राजनीति में एक हफ्ता लंबा और दो साल बहुत लंबा बताया जाता है।



## फरमाया



**क्षत्रपति** शिवाजी महाराज प्राचीन युग के एक प्रतीक हैं।
**- भगत सिंह कोश्यारी**
महाराष्ट्र के राज्यपाल



**वे** इसे मालिश व वीआईपी इलाज कहते हैं, पर वास्तव में यह केवल फिजियोथेरेपी है।
**- अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**ब्रिटेन** ईयू कानूनों से जुड़े यूरोप के साथ कोई जुड़ाव नहीं रखेगा।
**- ऋषि सुनक**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## सड़क सुरक्षा

**सरकार** द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमो को प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ाने के लिये पाठ्यक्रम में शामिल करने का विचार सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने का बेहतरीन प्रयास है। सड़क हादसों में प्रतिवर्ष लाखों लोग दुर्घटनाग्रस्त होते है।जिनमे लाखो लोगो की मौत और विकलांग हो जाते है। सड़क पर यातायात के नियमो का पालन करके काफी हद तक दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। दोपहिया चालको को हेलमेट और चार पहिया वाहनों को सीटबेल्ट की अनिवार्यता का ज्ञान सभी को होना चाहिये। सुरक्षित यातायात के नियमो के पालन के साथ सरकार को गुणवत्तापूर्ण सड़को के निर्माण की ओर ध्यान देना चाहिये। सरकार द्वारा सड़को पर चलने वाले वाहनों से रोडटैक्स टोलटैक्स से करोड़ो रूपये टैक्स लिया जाता है। इस टैक्स से अच्छी सड़के हर पांच किलोमीटर पर सीसीटीवी कैमरे आदि लगवाए जा सकते है। बच्चो को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर सरकार प्रशासनतन्त्र को भी सक्रिय और जवाबदेह बनाने की ओर ध्यान देना चाहिये। पैदल चलने वालों को भी सड़क सुरक्षा नियमों का जरूर पालन करना चाहिए।

**-कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

## गुजरात चुनाव

**गुजरात** चुनाव न केवल सत्ता पक्ष भाजपा के लिए बल्कि कांग्रेस के लिए भी अहम् हैं क्यूंकि जिस तरह की कड़ी टक्कर कांग्रेस ने 2017 में भाजपा को दी थी, उन्हें उसको और मजबूत करके भाजपा को असली में चुनौती देनी चाहिए थी मगर जिस तरह से स्वयं राहुल गाँधी ने आखिर क्षणों में गुजरात में प्रवेश किया है उससे साबित हो जाता है कि कहीं न कहीं कांग्रेस न तो गंभीर थी इन चुनावों के प्रति और इसके अतिरिक्त उन्होंने अपनी हार भी स्वीकार कर ली है लगता है। कांग्रेस को यह चुनाव अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ने चाहिए थे और भारत जोड़ो यात्रा को कुछ दिनों के लिए स्थगित कर देना चाहिए था। कांग्रेस प्रमुख मलिक्कार्जुन खड़गे के लिए भी यह चुनाव एक चुनौती और अवसर दोनों ही थे मगर उन्होंने भी निराश किया है। आम आदमी पार्टी निसंदेह कांग्रेस की जगह लेगी इस प्रदेश में और कांग्रेस अगर 2024 में विपक्ष की धुरी बनने के सपने देख रहा था तो वह धूमिल हो गए हैं। लगभग सभी जनमत सर्वेक्षण गुजरात में भाजपा की प्रचंड विजय की भविष्यवाणी कर रहे हैं जो एक प्रकार से मोदी की परीक्षा भी हो सकते हैं।

**- बाल गोविंद,** नोएडा

## आम आदमी पार्टी का सच

**मनी लॉन्ड्रिंग केस** में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन का एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वीडियो में सत्येंद्र जैन लजीज खाना खाते नजर आ रहे हैं। एक शख्स उन्हें खाना परोसता दिख रहा है। इसके अलावा वो फ्ल खाते हुए देखे जा सकते हैं। कोर्ट में जैन के वकील ने दावा किया था कि जेल में उन्हें ठीक से खाना नहीं दिया जा रहा है जिसके चलते उनका वजन गिर गया है, लेकिन तिहाड़ जेल के सूत्रों का दावा है कि जैन का वजन जेल में 8 किलो बढ़ गया है! पहले जेल में मालिश फिर लग्जरी खाना और बीमारी का बहाना! अब मंत्रियों के लिए या तो फाइव स्टार होटल में कमरे में अस्थाई जेल बनाने का नियम बनाया जाए या उन्हें प्रदेश के बाहर की जेल में रखने का नियम बनाया जाना चाहिए! आम कैदियों के लिए साधारण खाना भी बेस्वाद व जला भुना होता है वही नेताओं के लिए लग्जरी व्यवस्था न्याय व्यवस्था के मखौल के साथ ही आम व खास के फर्क को रेखांकित करती है। इससे आम आदमी पार्टी की सच्चाई भी सामने आ गई है।

**-सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## पुतकी कला में राजीव गांधी सेवा केंद्र भवन निर्माण 15 लाख के विकास कार्य का भूमिपूजन

# जनआकांक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य कर रहे है भुपेश सरकार : तुकाराम चंद्रवंशी

### जि.पं.सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी ने 15 लाख के निर्माण भवन का घोषणा पूर्ण कर किया भूमिपूजन ग्रामीणों भारी उत्साह

पायनियर संवाददाता < पंडरिया
www.dailypioneer.com

पंडरिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम चारभाटा खुर्द व पुतकी कला में ग्रामीणों द्वारा पंडरिया विधायक ममता चंद्राकर और जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी का भव्य स्वागत किये ग्राम चारभाटा खुर्द में पंडरिया विधायक ममता चंद्राकर द्वारा विधायक निधि से 10 लाख रू. का सामुदायिक भवन देने की घोषणा पूर्ण कर भूमिपूजन किये साथ जिला पंचायत सदस्य व युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के दशरंगपुर के आश्रित ग्राम पुतकी में 15 लाख रुपये राजीव गांधी सेवा केंद्र भवन का भूमिपूजन किया किया। जिला पंचायत सदस्य में उपस्थित सभा को संबोधित करते हुए कहा छत्तीसगढ़ की भुपेश सरकार जन आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य रही है लोगो की छोटी-छोटी जरूरतों को पूर्ण करना, गांव में हर वर्ग कर लोगो को लेकर साथ चलना उनके मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता है साथ ही तुकाराम ने कहा भुपेश सरकार द्वारा महत्वकाँक्षी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना व दलगत राजनीति से ऊपर उठकर भी सद्भाव के रूप जनमानस को उसका लाभ दिलाने के लिए हमारा पूरा प्रयास है। राजीव गांधी युवा मितान क्लब के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं से भेट मुलाक़ात किये। सभा को संबोधित करते हुए विधायक ममता चंद्राकर जी ने कहा कि क्षेत्र में लगातार विकास कार्य तेजी से हो रहे है। आम जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना, उनकी मांगों को पूरा करना हमारा उद्देश्य है।




### ग्रामवासियों ने जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी का जताया आभार

इस कार्यक्रम में पंडरिया मंडी उपाध्यक्ष सुभाषपुरी गोस्वामी, सरपंच मंशाराम, सरपंच कार्तिक जांगड़े दशरंगपुर, लालाजी चन्द्रवंशी, शोभी चंद्रवंशी, ठाकुर राम चंद्रवंशी, बिसेन चंद्रवंशी, बद्री चंद्रवंशी, रामफल चंद्रवंशी, दौलत गिरी, केसरु यादव, किशन यादव, चौपी बाई साहू, कुमारी साहू, सुनीता चंद्रवंशी, रूपेश चंद्रवंशी, अजय यादव अध्यक्ष राजीव युवा मितान क्लब, मालिक राम गोयल, रामचंद्र जांगड़े एवं सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## कुम्ही सोसाइटी के सहायक प्रबंधक एवं धान खरीदी केंद्र के प्रभारी अनियमितता के चलते हुए निलंबित

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जितेंद्र शुक्ला के द्वारा कुम्ही धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण जांच के दौरान अमितता पाए जाने पर सहकारी संस्थाएं के जिला उप पंजीयक जान खलको ने कुसमी सोसाइटी के सहायक प्रबंधक रामकरण वर्मा एवं धान खरीदी केंद्र कुम्ही के प्रभारी सत्यनारायण नेताम द को तत्काल निलंबित कर देने का आदेश जारी किया गया है।



इस संबंध में दिए गए जानकारी के अनुसार निलंबन के आदेश पत्र में सहकारी संस्थाएं के जिला पंजीयक जान खलको द्वारा जारी निलंबित आदेश बताया गया है कि सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुसमी के धान उपार्जन केंद्र कुम्ही के संबंध में खाद्य निरीक्षक द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में दिनांक 22नवांबर 2022 को कलेक्टर बेमेतरा द्वारा उपार्जन धान उपार्जन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान शासन द्वारा निर्धारित मात्रा 40 किलो ग्राम की स्थान पर अधिक ध्यान तोला पाया गया जिससे कि कृषकों को आर्थिक क्षति होती हुई धान उपार्जन केंद्र कुम्ही में खरीदे गए धान को एक लेयर धान भूसा स्टेक में लगाया जाना पाया गया जबकि शासन के निर्देश निर्देशानुसार धान को दो लेयर में रखा जाना है इसकू अलावा किसानों के धान को ढरी लगाकर परीक्षण नहीं किया जाना भी पाया गया इस प्रकार धान उपार्जन केंद्र कुम्ही में इस प्रकार अनियमितता करके धान खरीदी नीति 2022- 23 एवं उपार्जन धान तो सुरक्षित रखने के संबंध गए निदेशों का उल्लंघन किया गया जिसमें संयुक्त रूप से कुम्ही सोसाइटी के सहायक प्रबंधक रामकरण वर्मा एवं कुम्ही धान खरीदी उपार्जन केंद्र के प्रभारी सत्यनारायण नेताम दोषी पाया गया उक्त अनियमितता के संबंध में प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटीयों सेवायुक्त के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

## संभागायुक्त ने अधिकारियों पर नियंत्रण नहीं रखने पर बीईओ एव उप पंजीयक के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश

**बेमेतरा।** जिले के जिला कार्यालयों में उस समय हड़कंप मच गया जब संभागायुक्त महादेव कावरे द्वारा 10.30 बजे बेमेतरा के पंजीयन कार्यालय, विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जनपद पंचायत कार्यालय के आकस्मिक निरीक्षण में पहुंचे। निरीक्षण के दौरान 21 कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं होने की बात आई। जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कावरे ने संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। जिम्मेदार अधिकारी वाणी पवार, उप पंजीयक बेमेतरा एवं खरे विकास खंड शिक्षा अधिकारी को अधीनस्थों पर नियंत्रण नहीं रखने के कारण विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। उप पंजीयक कार्यालय में लोक सेवा ग्यारंटी रजिस्टर संधारित नहीं करने के कारण रिकॉर्ड कीपर मनोज साहू को निलंबित किया गया है।



## हैप्पी सीडर द्वारा फसल अवषेश प्रबंधन की दी गई जानकारी



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कृषि विभाग बेमेतरा के माध्यम से विकासखंड साजा अंतर्गत के समीप ग्राम पंचायत परसबोड़ के कृषकों के द्वारा बुधवार को धान फासल कटाई पश्चात खेतो में पडे फसल अवशेष को बिना आग लगाये हैप्पी सीडर के माध्यम से रबी फसल चना की बोआई की गई। शासकीय क्षेत्र मोहगांव में स्थित कृषि यंत्र सेवा केन्द्र मोहगांव द्वारा कृषकों को आधुनिक कृषि यंत्र निर्धारित दर पर किराये पर उपलब्ध कराया जाता है। जिसके तहत वर्तमान में फसल कटाई पष्चात खेतो में आगजनी को रोकने समय पर रबी फसलों की बुवाई करने के उद्देश्य से हैप्पी सीडर का प्रयोग किया जा रहा है, जिसके द्वारा खेतो में पड़े फसल अवशेष को बिना जुताई किए सीधे मिट्टी में मिला कर कतार बद्ध बुवाई का कार्य एक साथ सम्पन्न हो जाता है। इस आधुनिक यंत्र के उपयोग से सीड ड्रील के प्रयोग से कृषक समय पर रबी फसलों की बुवाई भी कर सकता है एवं फसल अवशेष को जलाने से होने वाले पर्यावरण प्रदुषण से पर्यावरण को बचा सकते है। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी साजा विनय शर्मा, सहायक कृषि अभियंता कर्वधा तिरथ कुमार, कृषक मित्र हरिराम साहू, ग्राम परसबोड़ कृषक प्रभुराम साहू ग्राम परसबोड़ एंव रामकुमार साहू एंव ग्राम परसबोड के अन्य कृषकों की उपस्थिति में उपरोक्त प्रदर्शन आयोजित किया गया।

## युवा एवं महिलाओं ने लिया विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव में हिस्सा

पायनियर संवाददाता < थानखमरिया
www.dailypioneer.com

विकासखंड सहसपुर लोहारा में एसडीएम लेखा अजगले के निर्देशानुसार एवं सीईओ पन्नालाल ध्रुव जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा तथा संतोष कुमार भास्कर विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहसपुर लोहारा के देखरेख में विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव दिनांक 22/11/2022 से प्रारंभ होकर 23/11/2022 को संपन्न हुआ।

विकास खंड शिक्षा अधिकारी संतोष भास्कर ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव में 9 युवक-युवतियों महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता दी ।युवा महोत्सव के आयोजन हेतु दो स्थान प्रथम बाजार चारभाठा समस्त प्रकार के खेल गतिविधियों के आयोजन तथा दूसरा मंगल भवन सहसपुर लोहारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन के लिए चयन किया गया था। युवा महोत्सव में विभिन्न विधाएं जैसे खो-खो,कबड्डी, दौड़, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा,कुश्ती , चित्रकला, निबंध लेखन, नाटक, एकांकी, क्विज प्रतियोगिता, पारंपरिक वेशभूषा, छत्तीसगढ़ी व्यंजन, सुआ नृत्य, राउत नाचा, बांसुरी वादन, तबला वादन, गायन, ओडीसी नृत्य, लोक नृत्य, लोकगीत, फूड फेस्टिवल आदि विधाओं का दो वर्गों 15 से 40 वर्ष एवं 40 वर्ष से अधिक आयु हेतु पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों का निर्णायकों के द्वारा चयन किया गया। जिन्हें जिला स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित युवा महोत्सव का मुख्य उद्देश्य युवाओं में छिपी प्रतिभा को बाहर निकालना था। इस कार्यक्रम में युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



## मितानिन दीदी सम्मान दिवस का आयोजन जिला के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में किया गया



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मितानिन दीदी के सम्मान में मितानिन सम्मान दिवस का आयोजन जिले विकासखण्ड नवागढ़, बेरला, साजा अंतर्गत नगर पंचायत परपोड़ी, खंडसरा के विभिन्न हेल्थ वेलनेस सेन्टर मरतरा, करचुवा, खाम्ही एवं ग्राम झालम, बावमोहतरा, चोरभट्ठा, पेन्द्रितराई, मोढ़े, हेमाबंद, प्रतापपुर में मितानिन दीदी को श्रीफल एवं साड़ी देकर सम्मानित कर मनाया गया।

जिले में हर साल 23 नवंबर का दिन मितानिन सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिले में मितानिन द्वारा सामुदाय स्तर को स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ने एवं स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में अग्रणी भुमिका निभाने वाली जिले की सभी 1947 मितानिनों को सराहनीय योगदान है। जिले सहित पूरे प्रदेश में मितानिन कार्यक्रम 21 साल पूरे कर रहा है। जिले की मितानिन दीदी मितानिन कार्यक्रम से सीख लेकर जिले के सामुदाय स्तर में मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य और पोषण के विषयों से अपना कार्य प्रारंभ किया गया था। फिर उनके द्वारा मलेरिया, दस्त, टी.बी. और कुष्ठ जैसे रोगों से लड़ने में बड़ी भूमिका निभानी शुरू की और आज वे मानसिक स्वास्थ्य, बी.पी. शुगर आदि के लिए भी समुदाय को जागरूक करते हुए स्वास्थ्य सुविधा से जोड रही है। स्वास्थ्य के साथ ही अन्य सामाजिक कुरीतिओं को भी दूर करने हेतू समुदाय में इनकी भूमिका सराहनीय है।

## अरविंद सिंह ठाकुर बने साहित्य एवं सांस्कृतिक परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादाह पं.क्र.1282 के केंद्रीय पदाधिकारियों के द्वारा प्रस्तावित एवं महासभा के अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस के स्वीकृति अनुसार महासभा के अधीन एतद साहित्य एवम सांस्कृतिक परिषद की घोषणा किया गया। जिसमें ग्राम सिलघट बेरला उपसमिति के अरविंद सिंह ठाकुर को साहित्य एवम सांस्कृतिक परिषद में प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। अरविंद सिंह ठाकुर ने केंद्रीय अध्यक्ष सहित महासभा के समस्त पदाधिकारी व बेरला उपसमिति के अध्यक्ष संतोष सिंह चंदेल व पदाधिकारी का आभार जताया व जिस चीज की जिम्मेदारी मिली है उसे बखूबी डंग से निभाने का प्रयास सदैव करता रहूंगा यह आश्वासन महासभा को दिया उन्होंने आगे बताया कि सामाजिक गतिविधियों को सुचारु रूप से चलाने व पारदर्शिता लाने महासभा के अधीनस्थ अलग अलग विभिन्न परिषद व समितियों का गठन कर पदाधिकारी व सदस्य मनोयन कर उनको जिम्मेदारी दी गई।

## राजकीय गीत के साथ हुआ छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कवर्धा के आउटडोर स्टेडियम और पीजी कॉलेज मैदान में एक दिवसीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन किया गया। खेल के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर जनमेजय महोबे, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल शामिल हुए और प्रतिभागियों को मनोबल बढ़ाया। छत्तीसगढ़ियां ओलंपिक खेल में राज्य के 14 लोक पारंपरिक खेल को शामिल किया गया है। राजकीय गीत अरपा पैरी के धार.. महानदी हे अपार की स्तूति के साथ एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का विधिवत शुभांरभ हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले के सभी कवर्धा, बोडला, पंडरिया और सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के प्रतिभागी शामिल हुए। इस खेल प्रतियोगिता में 14 खेलो को शामिल किया गया है, सभी खेलों के प्रतिभागियों को तीन वर्गों में विभाजित किया गया हैं, जिसमें शून्य से 18 वर्ष बालक, बालिका, 18 वर्ष से 40 वर्ष युवक एवं युवती, 40 वर्ष से अधिक महिला एवं पुरूष शामिल है। छत्तीसगढ़ में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। पारंपरिक खेलों में शामिल होने को लेकर प्रतिभागियों को उत्साह देखते ही बनता है। घरेलू महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी इस ओलंपिक में बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में 14 खेलों को शामिल किया गया है। इसके तहत दलीय खेल में गिल्ली डंडा, पिट्ठुल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, बाटी (कंचा) और एकल खेल में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मी. दौड़ तथा लंबी कूद की प्रतिस्पधाएं आयोजित की जा रही हैं। 6 चरणों में आयोजित किए जा रहे छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में लेवल-01 राजीव युवा मितान क्लब एवं लेवल- 02 जोन स्तर के सफल आयोजन के बाद लेवल-03 विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर और इसके बाद राज्य स्तर पर प्रतियोगिताएं होंगी। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में स्नेहा ने लगातार 42 मीनट तक फुगड़ी खेल कर सभी को चौका दिया, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल में उस समय रोमांचक माहौल बन गया जब सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के स्नेहा ने फुगड़ी प्रतियोगिता में लगातार 42 मीनट तक फुगड़ी की। स्नेहा ने 42 मीनट फुगड़ी खेल कर इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही पंडरिया के ग्राम कामठी की बैगा बच्ची अंचल मेरावी ने 41 मीनट 20 सेंकड तक फुगड़ी खेल कर दूसरे स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोति कें इसे अलावा दो और प्रतिभागीय शामिल हुए। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी खेल अधिकारी दिप्ती गौते, कवर्धा एसडीएम पी.सी. कोरी, जिला शिक्षा अधिकारी एम. के गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश वर्मा, सर्व जनपद सीईओं सहित अधिकारी, खिलाडी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने दिलवाया मौके पर रामप्यारी को नया राशन कार्ड



**बेमेतरा।** कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने आज विकासखण्ड बेरला के ग्राम कुसमी के शासकीय उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने पीडीएस दुकान के सेल्समेन से भण्डार गृह के खाद्य सामग्री जैसे चावल, नमक, शक्कर की जानकारी ली व चावल लेने आये हितग्राहियों की राशन कार्ड की जांच की एवं दुकान के खुलने व बंद होने, चावल की गुणवत्ता, निर्धारित मात्रा में मिलने वाले खाद्य सामग्री की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए कुसमी निवासी एक वृद्ध महिला रामप्यारी पति बरतिया उम्र 67 वर्ष का तत्काल नया राशन कार्ड बनवाकर दिया। वृद्ध होने के कारण अंगूठा निशान लेने में परेशानी हो रही थी जिससे आधार कार्ड नहीं बन पाने के कारण उनका राशन कार्ड नहीं बन पाया था। मतदाता परिचय पत्र के आधार पर वृद्ध महिला का नया राशन कार्ड बनवाकर उसे मौके पर ही प्रदान किया गया। रामप्यारी ने नया राशन कार्ड मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कलेक्टर को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

### धान विक्रय में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो-कलेक्टर

## कलेक्टर ने किया बारगांव के धान उपार्जन केन्द्र एवं गौठान का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शासकीय काम काज मे कसावट लाने तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लेने कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने आज बेरला क्षेत्र प्रवास के दौरान ग्राम बारगांव के धान उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने धान उपार्जन केन्द्र में आये किसानों से उनके धान के किस्म की जानकारी ली और उन्हे ऑनलाइन और ऑफ लाइन टोकन के बारे में बताया। इस दौरान उन्होने किसानों की समस्याएं सुनी और किसानों को आश्वासन दिया कि टोकन जारी होने से लेकर धान की बिक्री तक किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होने दी जायेगी। कलेक्टर शुक्ला ने धान उपार्जन केन्द्र के समिति प्रबंधक को ऑनलाइन टोकन जारी करने के संबंध में किसानों से बातचीत कर इसकी जानकारी देने को कहा साथ ही समिति प्रबंधक को निर्देश दिए कि किसानों द्वारा लाये गये धान का आर्द्रतामापी यंत्र से धान की नमी का पता करें तत्पश्चात् धान को पल्टी कर ढेरी लगाकर तौल करायें। उन्होने उपार्जन केन्द्र में उपस्थित उप संचालक कृषि विभाग से कहा कि सप्ताह में किसी एक दिन किसानों की बैठक लेकर ऑनलाइन टोकन जारी करने वाले टोकन तुंहर हाथ एप्प की जानकारी देने के निर्देश दिए और सभी के एंड्रॉइड मोबाइल में एप्प को इंस्टॉल करने को कहा। उन्होंने खरीदी केंद्र में नए बारदाने की उपलब्धता, तराजू बाट का सत्यापन, फड़ की साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने किया बारगांव गौठान का निरीक्षण- कलेक्टर शुक्ला ने शासन की फ्लैगशिप योजना नरवा, गरवा, घुरवा अउ बाड़ी के तहत निर्मित बारगांव गौठान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होन गौठानों मे बाड़ी विकास के तहत फेंसिंग, पानी की उपब्धता, वर्मी खाद के उत्पादन के संबंध में, गोबर खरीदी के संबंध में तथा वर्मी खाद की बिक्री व गौठान में किये गये पौधारोपण की जानकारी ली। जिलाधीश ने गौठान में कार्यरत महिला समूह से गोबर खरीदी की जानकारी लेते हुए कितने सक्रिय गौठान है उसकी जानकारी ली और प्रत्येक दिन की खरीदी व बिक्री के बारे में पूछा। उन्होने गौठान के संबंध में पंचायत सचिव से सभी अधूरे कार्य को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने तथा गौठान में कार्यरत समूह की महिलाओं का मानदेय समय पर भुगतान करने को कहा। इस दौरान स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित आचार, निरमा पाउडर की जानकारी ली और कहा कि इसे सी-मार्ट में विक्रय हेतु भेजे। समूह की महिलाओं ने मुर्गी पालन के लिए शेड निर्माण हेतु कलेक्टर से अपनी मांग रखी, जिस पर कलेक्टर ने सचिव से मुर्गी पालन के लिए शीघ्र शेड निर्माण करने के निर्देश दिए। इस दौरान गौठान में आये युवा मितान क्लब के युवाओं ने हॉकी मैदान में असामाजिक तत्वों द्वारा फैला रहे उपद्रव की शिकायत की जिस पर कलेक्टर ने प्रभारी पुलिस के टीम को पेट्रोलिंग कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेरला युगल किशोर उर्वशा, उप संचालक कृषि एम.डी.डडसेना, जिला प्रबंधक नान अल्का शुक्ला, डीएमओ आशुतोष कोसरिया, सहायक संचालक उद्यान हितेन्द्र मेश्राम सहित खण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## 155643 परिवारों को घरेलू नल जल कनेक्शन प्रदाय करने का लक्ष्य

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सदस्य सचिव ने समिति को अवगत कराया कि जिले को वर्ष 2021-22 के लिए 85977 एवं वर्ष 2022-23 के लिए 69666 कुल 155643 परिवारों को घरेलू नल जल कनेक्शन प्रदाय करने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें 209 रेट्रोफिटिंग योजना एवं 479 एकल ग्राम योजना से पूर्ण किया जाना है। अभी तक 209 रेट्रोफिटिंग योजना के अंतर्गत 44515 एफएचटीसी एवं 479 एकल ग्राम योजना के अंतर्गत 106829 एफएचटीसी की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त की जा चुकी है। प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त योजनाओं में से 209 रेट्रोफिटिंग योजना एवं 479 एकल ग्राम योजना की निविदा जारी की गई। तथा अभी तक 645 निविदाओं के ग्राम 206 रेट्रोफिटिंग योजना, 324 एकल ग्राम योजना में कुल 116338 एफएचटीसी हेतु राशि रू. 415.72 करोड़ के कायार्देश जारी किये गये शेष निविदा प्रक्रियाधीन है। निविदा आमंत्रण के पश्चात् न्यूनतम दर 28 से 32 प्रतिशत अधिक एसओआर प्राप्त हुये 26 योजनाओं के लिए पूर्व में जारी प्रशासकीय स्वीकृति की निरंतरता में पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है। सदस्य सचिव द्वारा 13 सितम्बर 2022 से 21 नवम्बर 2022 तक की गई विभिन्न मदों में प्राप्त आबंटन एवं व्यय की जानकारी से समिति को अवगत कराया गया। कुल 31 निविदाओं के दर प्राप्त किये गये। जिसे समिति में स्वीकृति हेतु प्रस्तुत की गई। बैठक में कार्यपालन अभियंता पीएचई एवं सदस्य सचिव आशालता गुप्ता, समिति के सदस्यों में कार्यपालन अभियंता जल संसाधन सीएस शिवहरे, उप संचालक कृषि एमडी डडसेना, डीईओ अरविन्द मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी बिद्याधर पटेल, जिला जनसंपर्क अधिकारी, रेंजर माधुरी तिवारी उपस्थित थे।

# राजेश बने रहेंगे अध्यक्ष, 18 सदस्यों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को नहीं मिल पाया समर्थन

- एसडीएम की उपस्थिति में अविश्वास प्रस्ताव पर हुआ मतदान, अविश्वास के पक्ष में 9 वोट तो वही विरोध में पड़े 10 वोट

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com






जनपद पंचायत शक्ति के 18 सदस्यों द्वारा विगत दिनों जिला कलेक्टर को जनपद पंचायत सक्ती के अध्यक्ष राजेश राठौर के खिलाफ विभिन्न बिंदुओं पर आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव की सूचना दी गई थी, तथा जिला कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने 23 नवंबर को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा एवं मतदान हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शक्ति आईएएस रैना जमील को अधिकारी नियुक्त किया था,तथा 23 नवंबर को सुबह विधिवत जनपद पंचायत सभागार में जनपद अध्यक्ष के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर विधिवत प्रक्रिया की गई, जिसमें कुल 20 जनपद सदस्य मौजूद रहे, जिसमें अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 9 वोट तो वही अविश्वास प्रस्ताव के विरोध में 10 वोट डाले गए तथा 1 वोट निरस्त किया गया, उल्लेखित हो की जनपद पंचायत शक्ति में कुल 24 सदस्य हैं, जिसमें 1 सदस्य की असामयिक निधन विगत दिन हो गया था, तथा 23 सदस्यों में से केवल 20 सदस्य ही मौजूद रहे एवं जनपद पंचायत शक्ति के अध्यक्ष राजेश राठौर कांग्रेस पार्टी से अध्यक्ष के रूप में विगत वर्षों बनाए गए थे,एवं 23 नवंबर को हुए जनपद अध्यक्ष के विरोध में अविश्वास प्रस्ताव के मतदान के दौरान काफी गहमागहमी रही, किंतु एक बार पुनः राजेश राठौर ने जनपद अध्यक्ष की अपनी कुर्सी बचा ली, तो वही आने वाले दिनों में भी अब जनपद पंचायत शक्ति में अध्यक्ष के लिए भी काफी चुनौतियां रहेंगी, वही जनपद अध्यक्ष की कुर्सी बचाने के बाद राजेश राठौर के पक्ष के सदस्यों में भी काफी प्रसन्नता देखी गई एवं बैंड- बाजे के साथ अध्यक्ष खेमे के सदस्यों ने खुशियां मनाते हुए मिठाईयां बांटी तथा पटाखे फोड़े,वही जनपद पंचायत शक्ति के अविश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा के दौरान इस बात को लेकर भी जोरों से चर्चा रही कि जब 18 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाने के पक्ष में हस्ताक्षर करते हुए कलेक्टर के पास आवेदन किया था, तो फिर अविश्वास प्रस्ताव की मतदान तिथि में केवल 9 सदस्यों ने ही अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, तथा शेष 9 सदस्य आखिर में कहां गए, इस बात को लेकर काफी चर्चाओं का बाजार गर्म रहा एवं लोगों का कहना था कि जनपद अध्यक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को लेकर जोरों से लेन-देन भी हुआ है, तथा जनपद सदस्यों को इस अविश्वास प्रस्ताव के दौरान मान-मनोवल कर उन्हें अपने पक्ष में करने हेतु काफी पुरजोर प्रयास किए गए हैं।

# राम की नगरी मे रेत का और काले हीरे की नगरी में कोयले का अवैध कारोबार

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

अब तक आपने भगवान राम के नाम पर हो रही सियासती खबरे तो खूब पढ़ी होगी लेकिन आज आपको भगवान राम ने जिस नदी को पार कर छत्तीसगढ़ में प्रवेश किया था वहां जारी रेत के अवैध उत्खनन व देशभर में काले हीरे की नगरी के नाम से विख्यात कोयला नगरी चिरमिरी में हो रहे कोयले के अवैध कारोबार का पर्दाफाश कर रहा है। लठैतों व गुंडों के दम पर कैसे रेत और कोयला माफिया अवैध कारोबार कर रहे है और प्रशासन आंख मुंदे बैठा है। नवगठित जिले मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के चिरमिरी और भरतपुर में अवैध कारोबार किस तरह अपना पैर पसार चुका है कि यहां कार्यवाही करने से प्रशासन के हाथ पैर भी कांपते है। भरतपुर के हरचौका जो कि संरक्षित क्षेत्र है वनवास के दौरान भगवान राम यहां जिस मवई नदी को पार कर छत्तीसगढ़ मे प्रवेश किये थे वहां अवैध रेत उत्खनन व अंग्रेजो के जमाने से जहा कोयला की खदानें संचालित है चिरमिरी वहां अवैध कोयला उत्खनन हो रहा है। कोयला नगरी के नाम से प्रसिद्ध चिरमिरी के छोटी



बाजार के कोडाकू पारा व डोमनहिल मुक्तिधाम में कोल माफिया अवैध तरीके से कोयले का उत्खनन कर रहे है। यहां कोल माफिया जेसीबी मशीन के माध्यम से कोयला निकाल रहे है व ईंट भट्ठो व दूसरे राज्यो में यह कोयला बोरियों में पैक कर ट्रकों के माध्यम से भेज रहे है। कोल माफियाओं के हौसले इस कदर बुलन्द है कि दिन हो या रात ये कोल माफिया गुंडों और लठैतों के दम पर यहां अवैध उत्खनन कर कोयला निकाल रहे है।

कोयले का काला खेल तीन चरणों में होता है। पहले चरण में बंद पड़े खदान या चालू खनन क्षेत्रों से गिरोह के सदस्य कोयला को एक स्थान पर एकत्रित करते है। दूसरे गिरोह के सदस्य एक निश्चित स्थान पर एकत्रित कोयले को छोटे वाहनों में लोड कर गिरोह के संचालक के पास पहुंचते हैं। जहां से गिरोह का संचालक ट्रकों पर लोड कर इसे दूसरे राज्यो में भेजता है। राज्य के बाहर अवैध कोयला को वैद्य तरीके से भेजने के लिए फर्जी चालान भी तैयार किया जाता है या एक ही चालान के माध्यम से कई वाहन अवैध तरीके से बाहर भेजे जाते है। जानकारी के मुताबिक मवई नदी और रेत का उत्खनन करने के लिए सिर्फ 5 एकड़ की अनुमति है लेकिन रेत माफिया यहां नियम कायदों को दरकिनार कर 25 एकड़ में अवैध रेत के उत्खनन कर रहे है। वहीं यहां एनजीटी के नियमों का खुलेआम उल्लंघन भी किया जा रहा है। नदी पर पोकलेन व जेसीबी मशीन उतारकर अवैध उत्खनन किया जा रहा है। यहां भी गुंडों और लठैतों के दम पर दिन रात अवैध उत्खनन जारी है। चिरमिरी में जारी अवैध कोयला उत्खनन में लगी मशीनों को प्रति घण्टे के हिसाब से दोगनी रकम से किराया दिया जाता है और मशीन पर कार्यवाही न होने का भरोसा दिलाया जाता है। क्षेत्र में जेसीबी मशीन का किराया प्रति घण्टा के हिसाब से 1000 या 1200 रुपये है लेकिन अवैध कोयला उत्खनन में लगी जेसीबी को यहां कोल माफिया 2000 रुपये से 2200 रुपये प्रतिघन्टे दिए जाते है।

# स्पीकर हाउस पहुंचकर महंत दंपत्ति को वैवाहिक वर्षगांठ की शुभकामनाएं दी विधानसभा के कांग्रेस नेताओं ने

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत एवं कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के विवाह की 43 वीं वर्षगांठ के मौके पर राजधानी रायपुर के स्पीकर हाउस में शक्ति विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं ने पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दी,इस दौरान प्रमुख रुप से शक्ति शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल दादू, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मनहरणलाल राठौर, नगरपालिका शक्ति के विधायक प्रतिनिधि आनंद अग्रवाल, नगर पालिका सक्ती के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन, नगर पालिका शक्ति की पूर्व उपाध्यक्ष एवं पार्षद रीना गेवाडीन, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कांग्रेस नेता गिरधर जायसवाल, पूर्व मंडी अध्यक्ष सरवन कुमार सिदार, युवा कांग्रेस नेता समर सिंह पिंटू ठाकुर, उप जेल शक्ति के अशासकीय संदर्शक राजीव जायसवाल, किशन सोनी सहित काफी संख्या में शक्ति विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता मौजूद थे,इस दौरान महंत संपत्ति ने भी शक्ति क्षेत्र से पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए उनका आभार व्यक्त किया तथा 23 नवंबर को स्पीकर हाउस रायपुर में महंत दंपति को वैवाहिक वर्षगांठ की बधाई देने वालों का तांता लगा रहा तथा सुबह से ही लोगों ने प्रदेश के विभिन्न स्थानों से पहुंचकर उन्हें बधाई दी तो वही महंत दंपत्ति द्वारा भी आगंतुक सभी लोगों का आत्मीय आभार व्यक्त किया गया

# डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट एवं कॉन्फ्रेंस प्रतिष्ठा में अध्यक्ष जानकी गुप्ता को मिला श्रेष्ठ अध्यक्ष का अवार्ड

## ऑल इंडिया लिनेस क्लब ने किया था आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

आल इंडिया लीनेस क्लब डिस्ट्रिक्ट सीएम 1 संपदा डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट एवं कॉफ्रेंस प्रतिष्ठा एवं अवार्ड सेरेमनी का आयोजन चार्टेड डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लीनेस अंजू कटारे के नेतृत्व में डिस्ट्रिक्ट एडवाइजर मृदुला रोजिन्दार, डिस्ट्रिक्ट सचिव रश्मि अग्रवाल, एरिया ऑफिसर लक्ष्मी चन्द्राकर की उपस्थिति में रीवा रोड स्थित ओम रिसोर्ट सतना में किया गया, सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित किया फिर ध्वज वंदना के साथ कार्यक्रम के आरंभ की घोषणा अंजू कटारे द्वारा की गई, जिसमे सभी लीनेस क्लब जो कि मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से



शामिल हुए थे और जिन्होंने पूरे वर्ष सक्रिय रहकर सेवा एवं प्रशासनिक गतिविधिया की थी उनका मूल्यांकन करके उनके कार्यों के अनुसार ढेरों अवार्ड प्रदान किए गए जिन्हें पाकर सभी के चेहरों पर मुस्कान आ गई, इस दौरान पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा, चारो ओर खुशी का माहौल था और इस तरह बहुत ही शानदार जानदार अवार्ड फंक्शन किया गया जिसमें धमतरी लीनेस क्लब अध्यक्ष जानकी गुप्ता को श्रेष्ठ अध्यक्ष का अवार्ड प्राप्त हुआ एवं 5 अन्य सेवागतियो के अवार्ड प्राप्त हुए इससे पूर्व दुर्ग में हुए एरिया कॉन्फ्रेंस से जानकी गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष एवं 12 अन्य अवार्ड प्राप्त हुए थे, साथ ही श्रेष्ठ सचिव का अवार्ड ज्योति शांडिल्य को मिला, निर्धन कन्या विवाह में सहयोग, मंदिर में वाटर कूलर, आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत महिला स्वालंबनके लिए सिलाई मशीन का दान, दिव्यांगजनो के सहायतार्थ कुर्शिया का वितरण, रक्तदाताओं का सम्मान एवं रक्तदान शिविर, हंगर रिलीफ़कार्यक्रम के लिए धमतरी क्लब को अध्यक्ष जानकी गुप्ता के नेतृत्व में अवार्ड प्राप्त हुए, डिस्ट्रिक्ट मंच का संचालन ज्योति चौरसिया एवं रुचि सक्सेना ने बहुत अच्छे तरीके से की।

# ग्राम पंचायत हरदा में मनाया गया मितानिन दिवस सरपंच के नेतृत्व में हुआ मितानिन बहनों का सम्मान



पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 23 नवंबर को पूरे प्रदेश भर में इसे मितानिन दिवस के रूप में आयोजित किया गया, शक्ति विकासखंड के ग्राम पंचायत हरदा में भी शासन के निर्देशानुसार सरपंच एवं पंच गणों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर मितानिन बहनों का सम्मान किया गया,इस दौरान मितानिन बहनों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें गांव में वर्ष भर विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी तथा अन्य शासन के आवश्यक कार्यों के लिए लोगों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाने वाली बताया तो वहीं इस दौरान विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिकाएं भी काफी संख्या में उपस्थित रहे तथा सभी ने मितानिन दिवस पर मितानिन बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# सरकारी माध्यमिक विद्यालय के जर्जर भवन की यथाशीघ्र मरम्मत कराए प्रशासन : विकास केडिया

- भाजपा नेता का आरोप कि शासन प्रशासन छात्रों के भविष्य और जीवन को लेकर पूरी तरह से असंवेदनशील

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पुसौर ब्लॉक के ग्राम में मचिदा में दोपहर जर्जर स्कूली भवन के जीर्णोधार और मरम्मत की मांग को लेकर छात्रों के साथ अभिभावक धरने पर बैठे थे। जिस पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए को पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष व भाजपा नेता विकास केडिया इसे दुर्भाग्यजनक करार देते हुए इस मामले में स्थानीय शासन प्रशासन की भूमिका को असंवेदनशील बताया है। मामले में जारी प्रेस विज्ञप्ति में भाजपा नेता विकास केडिया ने कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार स्थानीय सरपंच के द्वारा ग्राम मचीदा स्थित सरकारी माध्यमिक विद्यालय भवन की जर्जर और खस्ताहाल स्थिति को देखते हुए दो माह पूर्व सितंबर में ही कलेक्टर रायगढ़ को पत्राचार के जरिए विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति से अवगत करा दिया गया था कि विद्यालय भवन की स्थिति बेहद दयनीय है जो कि भविष्य में कभी भी ढह सकती है जिससे अध्ययनरत छात्रों की जान पर भी बड़ा खतरा बना हुआ है, बावजूद इसके दो महीने बीत चुके हैं और इस दिशा में न तो शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन की ओर से आज पर्यंत कोई पहल किया गया है और न ही सत्ता पक्ष से जुड़े किसी सक्षम निर्वाचित जनप्रतिनिधि की ओर से छात्र हित में कोई प्रयास किया गया है जो ये बताने के लिए पर्याप्त है कि स्थानीय शासन प्रशासन शिक्षा और छात्रों के भविष्य और जीवन को लेकर कितने असंवेदनशील और गैर जिम्मेदार हो चुके है।

# कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने गोधन न्याय योजना पर ली विशेष बैठक

- जिले के विभिन्न गौठानों में 'गौठान पर गोठ' कार्यक्रम की होगी शुरूआत

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की महत्वाकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना पर विशेष ध्यान देते हुए सारंगढ़ बिलाईगढ़ कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने सभाकक्ष में गोधन न्याय योजना से जुड़े सभी विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उक्त बैठक में कलेक्टर ने आंकड़ों की समीक्षा करने के बाद कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी लोगों को समझाइश दी कि गोबर विक्रेताओं की संख्या बढ़ाने पर विशेष ध्यान दें, सभी गौठानों पर काम दिखना चाहिए। आज से ही सभी दल बनाकर काम बांट कर कार्य करना शुरू कर दीजिए और एप में एंट्री करते जाइए, अगर सही समय पर काम नहीं करेंगे तो सभी कार्यवाही के लिए तैयार रहें। गौठानों में गोबर खरीदी और केंचुए की मात्रा की कमी को गौठान प्रबंधन समिति के माध्यम से केचुएं की अनुलब्धता को दूर करने के निर्देश दिए। गौठानों में गोबर के डेटा और खाद के डेटा इसमें जो भी गड़बड़ी है, पंचायतों में जो भी डेटा भी गड़बड़ी है सप्ताह भर के अंदर इस पर तय फार्मेट के अनुसार उसे दुरूस्त करने को कहा। इसके साथ ही वर्मी खाद के लिए बोरी की खरीददारी ग्राम पंचायत गोड़म स्थित स्व-सहायता समूह से करने को कहा। इसके अलावा जहां-जहां गौठान का निर्माण हुआ है, जो जगह जियोटैग में नहीं जुड़े हैं, उस जगह को जियोटैग में एंट्री कर उस काम को पूरा करने को कहा। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने इसके पश्चात आगामी दिनों में गौठानों में होने वाले कार्यक्रम 'गौठान पर गोठ' के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान ग्रामीण विस्तार अधिकारी एवं सभी रोजगार सहायक वहां उपस्थित होंगे। गोबर विक्रेताओं की संख्या उनके रजिस्ट्रेशन को बढ़ाने पर बात करनी है, साथ ही उन्हें गोमूत्र खरीदी के लिए प्रेरित करना है, इसके साथ ही प्रत्येक गौठान में तीन क्विंटल गोबर खरीदी हो इसके लिए सभी को प्रोत्साहित करना है एवं पैरादान की मात्रा को भी बढ़ाना है। इसके अलावा गौठानों में आजीविका संबंधी क्या और गतिविधि शुरू कर सकते हैं।

# शक्ति के शिक्षक महाराष्ट्र में हुए सम्मानित, शिक्षक शैल पांडेय को नागपुर के अपूर्व विज्ञान मेले में मिला सम्मान

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



अपूर्व विज्ञान मेला महानगर पालिका नागपुर में सम्मानित हुए छत्तीसगढ़ के सक्ति जिले के शिक्षक शैल पाण्डेय, रजत जयंती वर्ष 2022 में 100 से अधिक प्रयोग को प्रयोग कर उनके जटिल अवधारणा को बच्चों के द्वारा बहुत ही सरल सहज तरीको से प्रस्तुत कर मेले की रोचकता बढ़ाते हुये नन्हे बच्चों ने छात्रों एवं अन्य करीब 14 राज्यो से आये हुए विज्ञान के प्रति समर्पित विज्ञान प्रचारक को बहुत ही सरलता से विज्ञान के अवधारणा बताते हुए हजारों की संख्या में उपस्थित सभी को अचंभित विज्ञान के प्रयोग दिखाए।,एसोसिएशन ऑफ रिसर्च एंड ट्रेनिंग इन बेसिक साइंस एजुकेशन से सुरेश अग्रवाल एवं पूरी टीम,महानगर पालिका नागपुर तथा विज्ञान प्रसार नयी दिल्ली द्वारा आयोजित अपूर्व विज्ञान मेला नागपुर के रजत जयंती वर्ष में पिछले 25 वर्षों से विज्ञान को लोकप्रिय बनाने हेतु देशभर के 14 राज्यो के 30 विज्ञान संचारकों का सम्मान किया गया,इसमे छत्तीसगढ़ से शैलकुमार पाण्डेय को कम लागत की शिक्षण सामग्री सहित विज्ञान की अन्य विधाओं के जरिये छात्र, पालक, शिक्षकों अधिकारियों को प्रत्यक्ष और ऑनलाइन योगदान देने हेतु सम्मान किया गया।सम्मान समारोह में शैल पाण्डेय द्वारा कोरोना कॉल में कम खर्च से अनुपयोगी घरेलू सामग्री से स्व निर्मित न्यूटन डिस्क जो पारम्परिक खिलौना पर आधारित सामग्री सम्मानीय सुरेश अग्रवाल जी को भेंट किये जिसे समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के खिलौना बुक में शामिल किया गया है,सम्मान समारोह में डॉ नकुल पाराशर डायरेक्टर विज्ञान प्रसार, डॉ अमित बनर्जी चांसलर एस ओ ए यूनिवर्सिटी भारत सरकार तथा मंचासीन अतिथियों ने छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट विज्ञान संचारकों को सम्मानित किए जिनमे सक्ति जिले के शैलकुमार पाण्डेय को उनकी सतत विज्ञान सेवाओ के लिए सम्मान किया, शैल कुमार पाण्डेय शा आदिवासी बालक आश्रम मसनियाखुर्द, जिला सक्ति छत्तीसगढ़ में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत है।सम्मान कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने भी ऑनलाइन संबोधित किया।

# किया गया मितानिन दिवस पर मितानिन बहनों का सम्मान

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

नगर पालिका के सभाकक्ष में 23 नवम्बर को मितानीन सम्मान दिवस मनाया गया, राज्य सरकार द्वारा संचालित मितानीन कार्यक्रम के तहत प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 23 नवम्बर को उनके विषिश्ट एवं पारा



मोहल्ला में सेवा भाव एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए मितानिनों को नगर पालिका के सभाकक्ष में सम्मानित किया गया, नगर पालिका की अध्यक्ष सुषमा दादु जायसवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ तिवारी तथा पार्षद गण उपस्थित रहे, नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा दादु जायसवाल ने कहा कि मितानीन अपने अपने वार्डो में अच्छे से कार्य कर रही है।

# एक दिवसीय विज्ञान वर्क शॉप पेंड्रा आत्मानंद विद्यालय मे आयोजित

पायनियर संवाददाता < पेंड्रा
www.dailypioneer.com

जिला जीपीएम कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी एवं जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा के मार्गदर्शन मे एक़ दिवसीय विज्ञान वर्क शॉप का आयोजन स्वामी आत्मानंद विद्यालय पेंड्रा मे किया जिसमें जिले के चार विद्यालय स्वामी आत्मानंद पेंड्रा हिंदी व अंग्रेजी माध्यम सेजस सेमरा एवं कन्या विद्यालय पेंड्रा शामिल हुए कार्यक्रम मे संबंधित विद्यालय के प्राचार्य व्ही के वर्मा एन के तिवारी व एल पी डाहिरे अतिथि के रूप मे शामिल हुए जीपीएम वर्क शॉप के समन्वयक नागेंद्र सिंह ने बताया के इस तरह का नया प्रयोग बी आई टी रायपुर के सहयोग से हम कर रहे है ज़ो की बच्चो को नई चीज सीखने मे मददगार होगा ऐसे कार्यक्रम लगातार होते रहने चाहिए इस जिले के लिए यह नया प्रयोग है ज़ो की अभी 80 बच्चों के साथ किया गया है आगे और बेहतर करने का प्रयास होगा सभी विद्यालय से विज्ञानं समूह के बच्चों के साथ इस कार्यक्रम दृष्टिकोण डू इट योर सेल्फ प्रोजेक्ट्स ऑन आर्डिनो एंड सेंसर पऱ कार्य किया गया वर्क शॉप इन मुख्य बिन्दुओ पऱ आयोजित थी बेसिक्स ऑफआर्डिनो, ऑटोमेटिक् स्कूल बेल सिस्टम यूसिंग आर्डिनो सोलर पॉवर बेस्ड मोबाइल चार्जिंग सिस्टम आब्स्टेकल् अवोइडिंग रोबो कार, कैरियर गाइडेन्स भिलाई प्रोद्योगिकी सन्स्थान, रायपुर टीम प्रो. अभिनब शुक्ला प्रो. जयदीप प्रो. हेमंत वर्मा प्रो. अभिषेक साहू सभी बच्चो ने पूर्ण सहभागिता इस वर्क शॉप मे दी विभिन्न विद्यालयों से आय शिक्षक व प्रभारी उपस्थित रहे।

## एक मितानिन की मृत्यु होने पर 2 मिनट का श्रद्धा सुमन मौन धारण

# मितानिन ने स्वस्थ पंचायत एवं जन संवाद सम्मेलन

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com



महिला कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वस्थ पंचायत एवं जनसवाद कार्यक्रम में जिला शक्ति कलेक्टर नूपुर पन्ना शामिल हुए। जहां पर उन्होंने कोविड-19 के समय मितानिन को शासन के अनुसार जो राशि प्रदान किया जाना था वह तक नहीं मिला उसे दिलाने की बात कही वहीं पर उनके बैठक के लिए भी राजस्व अमला को निर्देशित किया कि उन्हें जगह दिया जाए। यह प्रस्ताव हमारे क्षेत्र के जुझारू विधायक केशव प्रसाद चंद्रा ने किया तथा अपने फ्ड से राशि देने की बात कही जिला कलेक्टर शक्ति नुपुर पन्ना के पास अनेकों समस्याएं रखी जिसे शीघ्र निदान करने की बात कही । विधायक ने गांव-गांव में मितानिन को शराब पर पाबंदी लगाने की भी बात रखी, गुटखा, तंबाकू जहां पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया और प्रत्यक्ष रूप से जनसंवाद जिला कलेक्टर सुनी उन सभी समस्याओं का शीघ्र करने का आश्वासन प्रदान किया। इस सम्मेलन में मुख्य रूप से जिला कलेक्टर शक्ति नुपुर पन्ना, विधायक केशव चंद्रा जैजेपुर, लक्ष्मीकांत कोरी तहसीलदार, माधुरी चंद्रा जिला सदस्य, किशन साहू जनपद सदस्य जैजेपुर, मनहरण मनहर पूर्व लोकसभा अध्यक्ष बसपा, पितर चौहान सरपंच प्रतिनिधि, टी आर बमन सरपंच प्रतिनिधि उषा ठाकुर जिला समन्वयक घसनीन टंडन ब्लॉक समन्वयक निर्मला साहू ब्लॉक समन्वयक प्रेम बाई बंजारे स्वस्थ पंचायत समन्वयक ललिता देवांगन मितानिन प्रशिक्षक ननकी चंद्रा, कमला बरेठ, संतोषी केवट, उर्मिला चंद्रा, सावित्री पात्रे, अंजू लता लहरें, सुलोचना जानवर, सुशीला चंद्रा, गायत्री चंद्रा, अमृत चंद्रा, भारती बंजारे, हरि बाई, कौशल्या साहू, बुधियारिंन साहू, राजेश्वरी साहू, अम्बे कष इत्यादि साथ में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जैजैपुर एस एल आग्रे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे इन सभी को पौधा एवं पुष्पहार से स्वागत किया। एक मितानीन के निधन होने पर 2 मिनट का उनकी आत्मा की शांति के लिए मौन धारण सभी ने किया।

# सुमित अग्रवाल का निधन

**सक्ती।** सक्ती नगर की प्रतिष्ठित फर्म मां किराना स्टोर वार्ड नं 06 के संचालक शंकरलाल अग्रवालके सुपुत्र सुमित अग्रवाल का आकस्मिक निधन 35 वर्ष की अल्प आयु में दिनांक-23 नवम्बर 2022 दिन-बुधवार हो गया है, जिनकी अंतिम संस्कार यात्रा दिनांक-24 नवम्बर 2022 दिन-गुरुवार को सुबह-09 बजे निवास स्थान- पीला महल के वार्ड क्रमांक- 09 रानी सागर पारा सक्ती से निकलकर स्थानीय मारवाड़ी मुक्तिधाम सक्ती में हुआ, सुमित अग्रवाल के निधन पर लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है, तथा सुमित अपने पीछे भरा पूरा परिवार बिलखता छोड़ गए एवं उनकी अंतिम संस्कार यात्रा में काफी संख्या में लोग शामिल हुए।



# कलेक्टर मित्तल के साथ पहाड़ी कोरवा और बिरहोर जनजाति के 65 नौनिहालों ने किया भोजन

## अपने पंसदीदा अफसर के घर पहुंचकर गदगद हुए बच्चे, खेल का भी लिया आनंद

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा और बिरहोर परिवार के बच्चे एक दिवसीय भ्रमण पर कलेक्टर बंगला पहुंचे और वहां कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल, पुलिस अधीक्षक डी.रविशंकर और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने के साथ समय व्यतीत किए। बच्चों को कलेक्टर बंगला में खेल गतिविधियों कराकर उनका मनोरंजन किया गया। बच्चों को टॉफी, किताबे, खेल सामग्री भी जिला प्रशासन की ओर से भेंट किया गया। कलेक्टर ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ अपने आस-पास के वातावरण को भी समझना बेहद जरूरी है। उन्होंने बच्चों को सफलता का टीप देते हुए बताया कि किसी भी कार्य में सफल होने के लिए कार्ययोजना और रणनीति बनाकर ही आगे बढ़ें। पढ़ाई में एक-दूसरे का सहायता जरूर करें और दूसरे का सहयोग करने के लिए भी पीछे न हटें। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के क्षेत्र में अपने शिक्षकों, अपने सीनियर छात्रों से भी अनुभव लेते रहे। पुलिस अधीक्षक ने सभी को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल से दिमाग तेज और शरीर फीट होता है। खेल के लिए एक-दूसरे का सहभागिता होना जरूरी है। पढ़ाई के दौरान एक-दूसरे की सहायता, पढ़ाई में एक-दूसरे की मदद और नोट बुक जरूर शेयर करें। समय का उपयोग करें, मेहनत करके आगे बढ़ें, अच्छी चीजों को अपने जीवन में अनुशरण करें और बुरी बातों को त्याग करने के लिए कहा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, शिक्षकगण एवं बच्चे उपस्थित थे।

**कलेक्टर के साथ किया भोजन**

कलेक्टर बंगले में जिले के विशेष जनजाति पहाड़ी कोरवा और बिरहोर परिवार के 65 बच्चों ने कलेक्टर और उनके परिवार के साथ भोजन किया गया। बच्चे कलेक्टर को अपने बीच पाकर बहुत खुश हुए। उन्हें नजदीक से भी कलेक्टर को जानने का मौका मिला। बच्चों ने अनुभव साझा करते हुए बताया यहां आकर आनंद की अनुभूति हो रही है। बच्चों ने बताया कि हमें आज यहाँ आकर नयी ऊर्जा का संचार हुआ है आत्मविश्वास बढ़ा है, मन की जिज्ञासा और झिझक दूर हुई है। काफी कुछ सिखने को मिला है। शिक्षकों और बच्चों ने कलेक्टर को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज का दिन उनके लिए बेहद ही अनमोल रहा।कलेक्टर ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बीच-बीच में भ्रमण भी करवाया जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए पूरा सहयोग दिया जाएगा।

# मासूम बच्ची के बलात्कारी ब्रम्हानंद का मैदान में डटे रहना भाजपा घृणित चेहरा: मरकाम

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि 15 साल की मासूम बच्ची के साथ सामूहिक बलात्कार का आरोपी ब्रम्हानंद नेताम भानुप्रतापपुर उपचुनाव में भाजपा का अभी तक प्रत्याशी बना हुआ है यह भाजपा का महिला विरोधी घृणित चेहरा है। खुद को पार्टी विद डिफरेंस का दावा करने वाली भाजपा का यही असली चेहरा है कि वह एक बलात्कारी को प्रत्याशी बनाकर उसके पक्ष में चुनाव अभियान चला रही है। भाजपा के बड़े-छोटे नेता बलात्कार के आरोपी ब्रम्हानंद नेताम के लिये वोट मांग रहे है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा जिस प्रकार बलात्कारी ब्रम्हानंद के पीछे खड़ी है उससे लग रहा 2023 में ब्रम्हानंद भाजपा का चेहरा होगा। उन्होंने भाजपा प्रभारी ओम माथुर पर तंज कसते हुये पूछा 2023 में ओम माथुर कितने आपराधियों को प्रत्याशी बनायेंगी? क्या 2023 में भाजपा का चेहरा रेपिस्ट होगा, अपराधी होगा? भाजपा को पता था ब्रम्हानंद नेताम रेप, गैंगरेप, पॉक्सो एक्ट का फरार आरोपी है? भाजपा ने जानबूझकर ओम माथुर, अजय जामवाल, अरुण साव, नारायण चंदेल, रमन सिंह की सहमति से रेपिस्ट को टिकट दिया है? भाजपा से नैतिकता की उम्मीद बेमानी है। भाजपा में जितना बड़ा अपराधी उतना बड़ा पद मिलता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि रमन सिंह और बृजमोहन घूम-घूमकर बलात्कारी के लिये वोट मांग रहे यह रमन सिंह और बृजमोहन का असली चरित्र है। भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम के ऊपर झारखंड के टेल्को थाना क्षेत्र में प्राथमिक क्रमांक 84/2019 धारा दिनांक 15.05.2019 धारा 366ए, 376, 376(3), 376 डीबी,120बी भादवि, 4,6, पॉक्सो एक्ट एवं 4,5,6,7,9 अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज है।

# पेंशन प्रकरणों का ई-कोष अन्तर्गत ऑनलाइन किया जा रहा है निराकरण

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण ऑनलाइन पद्धति से किया जा रहा है। इसके लिए आभार आपकी सेवाओं का पेंशन मैनेजमेंट सिस्टम का संचालन 31 मई 2018 से किया जा रहा है। शासकीय सेवक की सेवा पुस्तिका में दर्ज वेतनमानों का अनुमोदन संभागीय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन कार्यालय द्वारा सेवा पुस्तिका में अंकित प्रविष्टियों व उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर निर्धारित समयावधि में किया जा रहा है। पेंशन प्रकरणों में आ रही समस्याओं एवं त्वरित निराकरण हेतु संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन कार्यालयों द्वारा अपने संभाग के विभिन्न जिलों में लगातार पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग द्वारा पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु वित्त निर्देश 28/2018 जारी किया गया है। जिसके अंतर्गत पेंशन प्रक्रिया के निराकरण से संबंधित समस्त कार्यालय हेतु समय-सीमा निर्धारित की गई है।

# फुगड़ी एवं रस्साकसी की फाइनल प्रतियोगिता और मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का समापन

पायनियर संवाददाता < गौरेला पेंड्रा मरवाही
www.dailypioneer.com



शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय पेण्ड्रा के खेल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का फुगड़ी एवं रस्साकसी की फाइनल प्रतियोगिता और मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ आज समापन हुआ। फुगड़ी प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में रमेश कुमार मरवाही प्रथम एवं प्रकाश कुमार गौरेला द्वीतीय स्थान और महिला वर्ग में कांती कुमारी गौरेला प्रथम एवं भारती पेंड्रा ने द्वीतीय स्थान प्राप्त किया। समापन अवसर पर सभी खेलों के विजेता प्रतिभागियों को प्रसस्ती पत्र और मेडल से पुरूस्कृत किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. केके ध्रुव ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विलुप्त हो रहे छत्तीसगढ़िया खेलों को जीवंत रूप देने के लिए छत्तीसढ़िया ओलंपिक का आयोजन प्रारंभ किए है। इस ओलंपिक में हर वर्ग के लोगों ने उत्साह से भाग लिया। पारंपरिक खेलों के माध्यम से भाईचारे का संदेश जा रहा है। खेल के क्षेत्र में जीपीएम का जिला का नाम आगे तक जाएगा। उन्होंने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी और असफल प्रतिभागियों को आगे प्रयास करने कहा। राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य अर्चना पोर्ते ने भी छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने और समाज के सभी आयु वर्ग के लोगों को खेलने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किए गए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की सराहना की। उन्होने प्रतिभागियो को खेल भावना के साथ अच्छा प्रदर्शन करने हुए संभाग एवं राज्य स्तर पर जिले का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी। जनपद अध्यक्ष पेंड्रा आशा मरावी ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। उन्होने कहा कि खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने हुए जिले का मान बढ़ाते रहे है। उन्होने सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में गाड़ी संख्या 12879 एलटीटी- भुवनेश्वर में उठे धुआं पर संज्ञान

**रायपुर।** रायपुर रेल मंडल में कल दिनांक 23 नवंबर 2022 को गाड़ी संख्या 12879 लोकमान्य तिलक टर्मिनल (एलटीटी) भुवनेश्वर का रायपुर स्टेशन पर शाम को प्लेटफार्म नंबर 5 पर आगमन हुआ तो पार्सल के दैनिक कार्यो के अनुसार लोडिंग अनलोडिंग के लिये पार्सलयान को खोला गया तब पार्सल की लोडिंग अनलोडिंग के दौरान पार्सल क्लर्क द्वारा एक पैकेट से धुआं निकलते हुए पाया गया।

जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पार्सल स्टाफ द्वारा उस पैकेट को पार्सलयान (एसएलआर) से बाहर निकाल कर तुरंत दूसरे सामानों के पैकेट को सुरक्षित किया गया, पैकेट से निकलने वाले धुंए के कारणों की जांच की जा रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के लिए यात्रियों एवं परिवहन किए जा रहे सामानों की सुरक्षा सर्वोपरि है।

# विकास खंड युवा महोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम, प्रतिस्पर्धा में 374 युवाओं ने हिस्सा लिया





पायनियर संवाददाता < मनोरा
www.dailypioneer.com

विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव का रंगारंग आयोजन किया गया। जिसमें खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में हाई स्कूल के खेल मैदान मनोरा में आयोजित हुई। राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं जिला कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने एवं उनकी प्रतिभाओं को सामनें लाये जाने के उद्देश्य से 15 से 40 एवं 40 से ऊपर के 374 युवाओं ने विभिन्न विधाओं में से हिस्सा लिया।, महोत्सव में आकर्षक प्रस्तुति से बच्चों ने मोहा मन यह विधा शामिल युवाओं ने लोक नृत्य, लोक गीत, खो-खो, कबड्डी, वाद-विवाद, वादन, निबंध, चित्रकला, क्विज, गेड़ी दौड़, फुगड़ी नाच, बाँसुरी वादन, भौरा एवं फूढ प्रतियोगिताओं में पूरे उत्साह के साथ बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी प्रतियोगिताओं में सम्मिलित हुए विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

**ये रहे उपस्थित:-** कार्यक्रम को विकासखंड शिक्षा अधिकारी उदित चौहान एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण पटेल ने संबोधित करते हुए विजयी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के लिए जिला स्तर के लिए शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के सफल संचालन में सभी संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक, खेल प्रशिक्षक, स्कूल के प्रभारी शिक्षक एवं कार्यालयीन समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# जिला कलेक्टर ने अस्पताल के लिए किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com



शक्ति के जिला कलेक्टर नुपुर पन्ना ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर हर वार्ड का निरीक्षण किया, जहां पर मरीजों की समस्या एवं स्टाफ रूम की कमी को देखते हुए घटनास्थल का मुआयना किया तथा राजस्व विभाग के अधिकारी एवं जनपद पंचायत ,नगर पंचायत को निर्देशित किया, कि हमें शासकीय भूमि का अवलोकन कर बताएं कि हमारे पास राजस्व विभाग में कितने शासकीय भूमि हैं, उसके उपरांत उन्होंने कन्या आश्रम जयजयपुर के वार्ड का निरीक्षण किया तथा वहां पर छात्राओं से भी जानकारी हासिल की और उन्होंने यह भी कहा कि जो भी शासकीय जमीन में हैं उन्हें खाली कराएं हमारे पास भूमि की आवश्यकता पड़ रही है और मंदिर निर्माण को निजी जमीन में करने की बात कही, कोई भी व्यक्ति अपने निजी जमीन में ही मदिर निर्माण करें द्य शासकीय भूमि में इसका निर्माण ना करें जहां पर राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षक ,जनपद पंचायत एस डी ओ, मुख्य काय पालन अधिकारी के साथ स्वास्थ्य अमला भी उनके साथ में रहा, यहां पर ट्रामा एवं स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ एवं उनकी कमी को देखते हुए जगह खाली कराने की बात कही इससे आने वाले समय में जनपद पंचायत जैजैपुर क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलने का पूर्ण रूप से आश्वासन मिल रहा है, नया जिले शक्ति होने से जिला कलेक्टर शक्ति नूपुर पन्ना अब अपने रूद्र रूप में दिखाई पड़ने लगी है द्य बेजा कब्जा धारियों के हौसले अब उड़ने लगेंगे। निरीक्षण करके राजस्व विभाग, जनपद विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को सोमवार तक जानकारी देने की बात कही है ताकि आने वाले समय में जैजैपुर में ड्रामा बनाया जा सके।

# विधायक, कलेक्टर और एसएसपी के संग पहाड़ी कोरवा बिरहोर विद्यार्थियों ने देखा प्रेरक फिल्म आई एम कलाम

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





जिला प्रशासन की सार्थक पहल से बुधवार को जिला पंचायत के सभागार में जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा और बिरहोर परिवारों के 10वीं और 12वीं के 65 बच्चों को आई. एम. कलाम फिल्म दिखाया गया। इस अवसर पर विधायक विनय भगत, कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल, पुलिस अधीक्षक डी.रविशंकर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव, जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, शिक्षकगण एवं बच्चे उपस्थित थे। विधायक और कलेक्टर ने बच्चों को गुलाब फूल देकर उनका आत्मीय स्वागत किया। पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे.अब्दुल कलाम के जीवन परिचय के बारे में फिल्म के माध्यम से बच्चो को दिखाया गया। विधायक, कलेक्टर और एसपी को अपने बीच पाकर बच्चे बहुत खुश हो गए और अपने अनुभव भी साझा किए। बच्चों ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि आज हमें बहुत अच्छा लग रहा है। हम भी पढ़-लिखकर कलेक्टर, एसपी, डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक बनकर उच्चे पदों पर जाएंगे और अपने सपने पूरे करेगें।

**विधायक ने दी शुभकामनाएं**

विधायक विनय भगत ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी बच्चे को मेहनत लगन से अच्छी शिक्षा ग्रहण करके अपने मुकाम हासिल करें। किसी भी क्षेत्र में सफलता हालिस करने के लिए मेहनत बहुत जरूरी है। उन्होंने सभी बच्चों को ज्ञानवर्धक किताबे पढ़ने के लिए कहा। ताकि बच्चे देश-दुनिया के साथ आस-पास के चीजों को भी बेहतर तरीके से जान सके। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है और उसका लाभ भी बच्चों को मिल रहा है।

**कार्ययोजना बनाने की सलाह**

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने बच्चों को ज्ञानवर्धक बाते बताते हुए कहा कि अपने लक्ष्य को पाने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। मेहनत से कभी पीछे न हटे, समय का पालन करें। उन्होंने कहा कि आज आप लोगों के लिए जिला प्रशासन द्वारा ज्ञानवर्धक फिल्म आई.एम.कलाम दिखाया जा रहा। जिससे देखकर आपको बहुत अच्छा लगेगा और प्रेरणा भी मिलेगी।

# बिरसा मुण्डा को भारत रत्न से अलंकृत करें केंद्र सरकार: रिजवी

**रायपुर।** मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिवक्ता इकबाल अहमद रिजवी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र प्रेषित कर कहा है कि वर्तमान में प्रदेश के आदिवासी समाज में आरक्षण के मुद्दे के लेकर उत्तेजना व्याप्त है, उसके निराकरण का दायित्व प्रदेश की सरकार पर है जिस पर प्रदेश सरकार सामयिक एवं ठोस निर्णय लेने जा रही है। प्रदेश में सबसे ज्यादा विधायक इसी वर्ग से हैं। हालातेहाजरा को देखते हुए आदिवासियों के भगवान बिरसा मुण्डा की जयन्ती को सार्थक सिद्ध करते हुए उनकी आदमकद प्रतिमा की स्थापना के लिए राजधानी रायपुर में उनकी गरिमा के अनुकूल स्थान पर तत्काल निर्णय लिया जाना उपयुक्त होगा। रिजवी ने कहा है कि आदिवासी समाज के विधायकों की संख्या बल को देखते हुए इस वर्ग से किसी मंत्री को उपमुख्यमंत्री का दर्जा दिया जाना चाहिए जैसा कि आंध्रप्रदेश में वहां के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने 4 उप मुख्यमंत्री अपनी केबिनेट में रखे हैं। रिजवी ने आगे कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री बघेल को चाहिए की वह राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को क्रान्तिवीर बिरसा मुण्डा को भारतर दिए जाने हेतु सिफारिशी पत्र भेंजे तथा आगामी गणतंत्र दिवस को इस हेतु उपयुक्त आवसर भी आने वाला है। उपरोक्त सुझावों पर सकारात्मक निर्णय लिए जाने की मांग की है।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. वि/यां. संभाग, जगदलपुर (छ.ग.)

### // संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक 4549/NIT-09/2022-2023/व ले लि दिनांक : 21/11/2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ''प्रपत्र-ए'' में प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्यो हेतु मेन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 01/12/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 12/12/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 13/12/2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| निविदा क्र. | कार्य का नाम/लो.नि.वि. वि./यां उपसंभाग बीजापुर के अन्तर्गत आवासीय/गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण का मूल/लघुमूल गौण/विशेष मरम्मत/जमा मद एवं अन्य कार्य-प्रथम आमंत्रण कार्य की अवधि 08 माह | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| T0126 | जिला बीजापुर के अन्तर्गत विद्युतीकरण का | 30.00 |
| T0127 | सिविल उपसंभाग क्र. 1 बीजापुर के अन्तर्गत आवासीय भवनों में विद्युतीकरण का | 10.00 |
| T0128 | सिविल उपसंभाग क्र. 1 बीजापुर के अन्तर्गत गैर आवासीय भवनों में अन्तर्गत विद्युतीकरण का | 12.00 |
| T0129 | सिविल उपसंभाग क्र. 2 बीजापुर के अन्तर्गत आवासीय भवनों में विद्युतीकरण का | 10.00 |
| T0130 | सिविल उपसंभाग क्र. 2 बीजापुर के गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण का | 12.00 |
| T0131 | सिविल उपसंभाग क्र. 3 बीजापुर के अन्तर्गत आवासीय भवनों में विद्युतीकरण का | 8.00 |
| T0132 | सिविल उपसंभाग क्र. 3 बीजापुर के अन्तर्गत गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण का | 10.00 |
| T0133 | जिला बीजापुर ब्लॉक भैरमगढ़ के अंतर्गत आवासीय भवनों में विद्युतीकरण का | 10.00 |
| T0134 | जिला बीजापुर ब्लॉक भैरमगढ़ के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण का | 12.00 |
| T0135 | जिला बीजापुर ब्लॉक बीजापुर के अंतर्गत आवासीय भवनों में विद्युतीकरण का | 10.00 |
| T0136 | जिला बीजापुर ब्लॉक बीजापुर के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण का | 12.00 |
| T0137 | जिला बीजापुर ब्लॉक भोपालपटनम के अंतर्गत आवासीय भवनों में विद्युतीकरण का | 10.00 |
| T0138 | जिला बीजापुर ब्लॉक भोपालपटनम के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण का | 12.00 |
| T0139 | जिला बीजापुर ब्लॉक उसूर के अंतर्गत आवासीय भवनों में विद्युतीकरण का | 8.00 |
| T0140 | जिला बीजापुर ब्लॉक उसूर के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण का | 10.00 |
| T0141 | सिविल संभाग बीजापुर जिला बीजापुर के अन्तर्गत विद्युतीकरण का | 20.00 |
| T0142 | सिविल संभाग बीजापुर के अन्तर्गत ए.सी./सी.सी.टी.व्ही. कैमरा एवं इलेक्ट्रानिक उपकरणों का संधारण कार्य - प्रथम आमंत्रण | 5.00 |

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता,
लो.नि.वि. वि/यां. संभाग, जगदलपुर (छ.ग.)

G-96019/3



## न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला - मुंगेली (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-6/2021-22
ग्राम मुंगेली प.ह.न. 29

एतद द्वारा ग्राम मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामगुलाल पाल पिता/पति यशवंत जाति ...निवासी मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा ग्राम मुंगेली हल्का नं. 29 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 152/3 रकबा 0.0200 हे. को फौती के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 25/11/2022 को समय 11:00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
मुंगेली (छ.ग.)


## विकासखण्डों के 1200 प्रतिभावान खिलाड़ी खेल में भाग ले रहे हैं

# भूपेश सरकार छत्तीसगढ़िया खेल को दे रही बढ़ावा: विधायक विनय

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में गुरूवार को रणजीता स्टेडियम में तीन दिवसीय जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का विधायक विनय भगत ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष कल्पना लकड़ा, कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल, पुलिस अधीक्षक डी. रविशंकर जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर आई.एल.ठाकुर, सूरज चौरसिया, जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी एवं अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। जिले के सभी विकासखण्डों के लगभग 1200 खिलाड़ी शामिल हुए हैं। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में 0 से 40 वर्ष के आयु वर्ग के लिए कबड्डी, बाटी, भौरा और बिल्लस सहित अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। विधायक विनय ने सभी खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशा अनुसार सभी जिले में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल को बढ़ावा दिया जा रहा है और इसी कड़ी में प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन हमारे पूर्वजों की रीति-रीवाज परम्पराओं को आगे बढ़ाने का सरहानीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेले हार और जीत तो खेल का नियम है। किसी भी खिलाड़ियों को निराश होने की आवश्यकता नही है। सभी खिलाड़ी अपना बेहतर प्रदर्शन करके राज्य स्तर पर भी अपने जिले का नाम रोशन करें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल में भाग लेने वाले खिलाड़ी गांव स्तर से चयनित होकर विकासखण्ड स्तर पर और जिला स्तर पर प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

जिला स्तर से विजेता खिलाड़ी राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। सभी खिलाड़ी अपना बेहतर प्रदर्शन करें। जिला प्रशासन सभी खिलाड़ियों को पूरा सहयोग प्रदान करेंगा।

# बेटी ने धोखे से हड़प ली जमीन, नातिन जूते से मारती है 85 वर्षीय नाना को, मुख्यमंत्री से ना भेंट हुई ना वार्ता

## दर दर भटकने के बाद मुख्यमंत्री से मिलने की आखरी आस भी टूटी, बुज़ुर्ग दंपत्ति मुलाकात के लिए घण्टों करते रहे इन्तजार

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय के करीब सुरगी थाना के ग्राम बुचीभरदा में बुजुर्ग दंपति की जमीन को उसकी ही बेटी ने धोखे से हड़प ली है। अब बेटी अपने माता-पिता को उनके घर से भी निकलने प्रताड़ित कर रही है और बुजुर्ग दंपत्ति की छोटी नातिन कुसुम साहू हर एक दो दिन में अपने बुजुर्ग नाना को ना सिर्फ लात घूंसे और जूतों से पीट रही है बल्कि एक दो बार धारदार हथियार से भी उसने बुजुर्ग नाना पर हमला भी किया है लेकिन अब तक पुलिस ने इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की है। तमाम जुल्म सहने के बाद एक माह पूर्व बुजुर्ग दंपति ने परेशान हो कर कलेक्टर से आत्महत्या की अनुमति भी मांगी थी लेकिन वो भी नहीं मिल पाने के बाद वो लोग बीते मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिल कर अपनी समस्या रखना चाह रहे थे लेकिन न तो उनकी मुख्यमंत्री से भेंट हो पाई और ना ही किसी प्रकार की वार्ता। भरे ठण्ड में रात 11 बजे तक बुजुर्ग दम्पत्ति मिलने की फ़रियाद करती रही लेकिन कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने भी संवेदनशीलता नहीं दिखाई और प्रशासन ने उन्हें वापस उनके घर ले जा कर छोड़ दिया।


बुचीभरदा में रहने वाले 85 वर्षीय त्रिभूवन साहू व उनकी पत्नी 78 वर्षीय अमरिका बाई ने बताया कि उन्होंने अपने तीन बेटे और एक बेटी में जमीन का बराबर बंटवारा किया था। इसके बाद शेष जमीन एक एकड़ 72 डिसमिल को अपने जीवन यापन के लिए रखा है। उनका एक छोटा सा मकान भी है। जहां दोनों साथ रहते हैं। लेकिन बीते दिनों उनकी बेटी जानकी बाई ने धोखे से दान पात्र में अंगूठा लगवा कर उनकी जमीन को दान लिखवा कर अपने नाम कर लिया। दंपति ने बताया कि वे शिक्षित नहीं हैं। इसके चलते उन्हें इसकी जानकारी नहीं मिली। बेटी ने पहले जमीन अपने नाम किया, अब घर से भी बाहर निकालने के लिए लगातार मारपीट व मानसिक रुप से प्रताड़ित कर रही है। दंपति ने अपने साथ हुई मारपीट की शिकायत बीते दिनों सुरगी पुलिस से भी की।

### बीमारी की वजह से कहीं आना जाना नहीं कर पा रहे

दंपति ने बताया कि पहले ही उनकी उम्र अधिक हो गई है। उस पर कई तरह की बीमारियों ने भी उन्हें घेर लिया है। ऐसे में अपनी जमीन के लिए लड़ाई लड़ने वे सरकारी दफ्तरो का चक्कर भी नहीं काट सकते। दोनों का कोई सहारा भी नहीं हैं। उनके बेटे भी दूसरे प्रदेशों में काम करने गए हुए हैं। ऐसे में उनके सामने अब कोई रास्ता नहीं बच गया है। न्याय की गुहार लगाने दोनों अफसरों तक पहुंचने में भी सक्षम नहीं हैं। ऐसे में प्रदेश के मुखिया ही एकमात्र सहारा थे जो उनकी मदद कर सकते थे लेकिन भेंट वार्ता कार्यक्रम में वो भी नहीं मिल पाए जिससे अब परेशानी और बढ़ गई है।

### 85 वर्षीय बुजुर्ग त्रिभुवन से मारपीट के मामले में कई दिन बाद कुसुम के खिलाफ दर्ज

85 वर्षीय बुजुर्ग त्रिभुवन साहू को उसकी 23 वर्षीय नातिन कुमारी कुसुम साहू ने 26 सितम्बर 2022 को ना सिर्फ इस मामले को लेकर बुरी तरह से पीटा बल्कि जूतों से अपने नाना एके सर पर वार कर के उन्हें बेइज्जत भी किया लेकिन जब इस मामले की शिकायत करने बुजुर्ग दंपति बसंतपुर थाना अंतर्गत सुरगी चौकी पहुंची तो बिना किसी कार्यवाही के उन्हें वापस लौटा दिया गया। इस मामले की शिकायत लेकर जब बुजुर्ग दंपति मुख्यालय में जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय शिकायत करने पहुंची तब 04 अक्टूबर 2022 को कुमारी कुसुम साहू के खिलाफ धारा 294, 323 और 506 के तहत मामला दर्ज किया गया और थाने से ही उसे जमानत दे दी गई। हांलाकि इस मामले में चालान पेश कर दिया गया है लेकिन कुसुम साहू का बुजुर्ग दंपति से अब भी मारपीट का दौरा लगातार जारी है।


FIRST INFORMATION REPORT
Under Section 154 Cr.P.C.

### प्रशासन चाहे तो इन नियमो के तहत बुजुर्ग दंपत्ति को मिल सकती है मदद

बुचिभरदा निवासी बुजुर्ग दंपत्ति का के मांमले में यदि जिला प्रशासन चाहे तो माता - पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरणपोषण तथा कल्याण अधिनियम ,2007 के अध्याय 05 में उल्लेखित कंडिका क्रमांक 23 के अनुसार इन्हें मदद दी जा सकती है जिसमे स्पष्ट रूप से उल्लेखित है कि जहाँ कोई वरिष्ठ नागरिक , जिसने इस अधिनियम के प्रारम्भ के पश्चात अपनी संपत्ति का दान के रूप में या अन्यथा अंतरण इस शर्त के अधीन रहते हुए किया है कि अंतरिती , अंतरक को बुनियादी सुख - सुविधाएं और बुनियादी भौतिक जरूरतें प्रदान करेगा और ऐसा अंतरिती ऐसी सुख सुविधाओं तथा भौतिक जरूरतें प्रदान करने से इंकार करेगा या असफल साबित होगा तो संपत्ति का उक्त अंतरण कपट अथवा प्रतिपीड़न या अनावश्यक प्रभाव के अधीन किया गया समझा जाएगा और अंतरक के वुयकल्प पर अधिग्रहण द्वारा उसे शून्य घोषित किया जाएगा। इस पुरे विवरण व् नियम के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा बुजुर्ग दंपति को लगातार भटकाया जा रहा है जबकि अब तक इस मामले का समाधान कर दिया जाना था।

# दिवंगत गोंड़ समाज प्रमुखों के तस्वीरों का हुआ विमोचन

पायनियर संवाददाता ‹ छुरिया
www.dailypioneer.com

गत दिनों ब्लाक गोंड़ समाज छुरिया-डोंगरगढ़ के अध्यक्ष दिनेश कोरेटी दिलेर के उपस्थिति में ग्राम आंको में दिवंगत समाज प्रमुखों के तस्वीरों का विमोचन किया गया।

गोंड़ समाज सर्किल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गोंड़ समाज प्रमुख दिनेश कोरेटी दिलेर, बागरेकसा सर्किल अध्यक्ष गिरधारी लाल गोटे,आंको के पूर्व सर्किल अध्यक्ष एवं ब्लाक कार्यकारिणी सदस्य रामसुख सलामें एवं पूर्व सर्किल प्रवक्ता बुक्खूराम सलामें ने दिवंगत समाज प्रमुखों के तस्वीरों का विमोचन किया। जिनमें प्रमुख रुप से ब्लाक गोंड़ समाज छुरिया-डोंगरगढ़ के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व संरक्षक द्वय टेम्पल सिंह सलामें एवं राधेलाल आचले, पूर्व ब्लाक संरक्षक एवं बागरेकसा के पूर्व सर्किल अध्यक्ष बिदेसिंह कुमरे एवं आंको के पूर्व सर्किल अध्यक्ष बिसराम सलामें बैगा की तस्वीर शामिल है। इस अवसर पर समाज को संबोधित करते हुए ब्लाक अध्यक्ष ने कहा कि हमें अपने परिवार एवं समाज के प्रमुखों के तश्वीरों को हमेशा संजोकर रखना चाहिए ताकि उनके द्वारा किये गये कार्य उनके तस्वीरों के माध्यम से हमें याद दिलाते रहें तथा उनके अधूरे सपनों को पूरा करने हेतु हमें



प्रेरणा देते रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लाक सचिव समन लाल उइके, सर्किल उपाध्यक्ष रामसिंह हिड़को,जेठूराम उसेण्डी,ब्लाक कार्यकारिणी सदस्य एवं आंको के पूर्व सर्किल अध्यक्ष रामसुख सलामें, बागरेकसा के सर्किल अध्यक्ष गिरधारी लाल गोटे,पूर्व सर्किल सचिव एवं पूर्व ब्लाक प्रवक्ता गुलाब सिंह उइके,बुक्खूराम सलामें, बूचाटोला सर्किल सहसचिव मेघनाथ सिंह सलामें,मरकाकसा सर्किल सचिव कड़ियाम,प्रकाश कुमार मंडावी आदि सहित छुरिया एवं डोंगरगढ़ ब्लाक के समाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पीड़ित महिला की आवाज दबाने में जुटा जिला प्रशासन, दलित विधवा के दर्द से जिला कलेक्टर को कोई सरोकार नहीं

पायनियर संवाददाता ‹ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

तीन दिन जिला कार्यालय के द्वार पे, दो दिन सिविल अस्पताल खैरागढ़ मे और अब तीन दिन से मेडिकल कालेज मे इलाज करा रही दलित विधवा महिला की दर्द भरी आवाज जिला कलेक्टर तक शायद नहीं पहुँच पा रही है। प्रशासन उसकी आवाज दबाने मे तुल गया है। मामला वनाचंल क्षेत्र साल्हेवारा के सहसपुर पंचायत की विधवा और चार बच्चो की माता झामिन भारती का है जिसका बना बनाया पक्का घर पंचायत ने तोड़ दिया और कारण बताया कि अतिक्रमण है जबकि उसी खसरे और रकबे मे एक दर्जन से ज्यादा लोगों का घर बना हुआ है। महिला फरियाद लेकर सीएम हाऊस पहुंची,


न्याय की आस में तीन दिनों से निराहार जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर बच्चों के साथ बैठी पीड़ित महिला
प्रशासन ने नहीं ली अब तक कोई सुध, शुक्रवार को तबीयत बिगड़ने पर ले जाया गया अस्पताल

पायनियर
लगातार

सचिवालय से जिला प्रशासन को उचित कारवाई का लेटर आया लेकिन संवेदनशील मुखिया के राज मे असंवेदनशील अधिकारियो का रवैया देखिए, सूचना के बाद झामिन को मनाया नही। मामले में किसी भी प्रकार की मदद ना मिलने के बाद तीन दिन तक खैरागढ़ जिला कार्यालय के सामने भूखी प्यासी धरने पर बैठी महिला अपने मासूम बच्चो के साथ भूखी प्यासी बैठी रही जब तबियत खराब हुई तो दो दिन सिविल अस्पताल मे इलाज हुआ और अब सुधार नही होने पर मेडिकल कालेज में महिला को भर्ती कराया गया है।

### जिला प्रशासन मामले को दबाने में जुटा




इस बीच जिला प्रशासन ने नया दांव खेला कुछ कतिपय लोगों बुलाया कहा मामले को शांत कराने के नाम पर एक नई कहानी परोसी गई जिसमे कहा जा रहा कि महिला की बहन का घर उसे एलॉट कर दिया गया है जबकि हकीकत इससे कोसो दूर है। कलेक्ट्रेट के दरवाजे पर बैठी महिला की सुध नही लेने वाले अधिकारी मेडिकल कालेज मे इलाजरत महिला की तरफ से कहला रहे हैं कि जिला प्रशासन ने उसे बहन का पीएम आवास योजना से स्वीकृत घर एलॉट करा दिया है। जबकि मेडिकल कालेज मे इलाजरत झामिन भारती ने कहा कि जिला प्रशासन की तरफ से उसे कोई प्रस्ताव नही मिला है, वो अपने निर्णय पर अडिग है मकान तोडऩे वालो पर कारवाई और मुआवजा लिए बिना वो कही नही जाएगी चाहे भूखे प्यासे वो मर क्यो ना जाए।

### ग्राम पंचायत ने लिया महिला के सहयोग का निर्णत

झामिन भारती ने पायनियर को बताया कि बुधवार दोपहर को एक व्यक्ति बिस्किट फल लेकर मिलने आया था वो हालचाल पूछकर चला गया, बहन का घर देने लेने को लेकर उससे किसी की कोई बातचीत नही हुई है। इस बीच पता चला है कि सहसपुर पंचायत ने भी अपनी गलती मानते हुए जिला प्रशासन के मुखिया को लेटर दिया है और कहा है कि ग्राम पंचायत ने महिला का सहयोग करने का निर्णय लिया है, ग्रामसभा मे अनुमोदन बाद आवास दिया जाएगा और महिला की आर्थिक स्थिति, बच्चो की परवरिश को देखते हुए शासन स्तर से मिले आर्थिक सहायता से भी उन्हे कोई दिक्क त नही है।

# राकेश कुमार ने छुरिया महाविद्यालय के छात्रों को दी शिविरों की जानकारी



पायनियर संवाददाता ‹ छुरिया
www.dailypioneer.com

शासकीय रानी सूर्य मुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में प्राचार्य डॉ सुषमा चौरे नेताम के दिशा निर्देशों पर एक दिवसीय ऑनलाइन माध्यम से उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राकेश कुमार थे। राकेश कुमार राष्ट्रीपति पुरस्कृत हैं जिन्होंने महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों को पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर एवम् गणतंत्र दिवस परेड शिविर की जानकारी प्रदान किया। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी राष्ट्रीय स्तर के शिविरों की जानकारी दिया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राजेंद्र शर्मा , एवम् एचएस भाटिया के साथ-साथ सभी सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे।

# कुमर्दा में तहसील की घोषणा के बाद विधायक का हुआ स्वागत

पायनियर संवाददाता ‹ छुरिया
www.dailypioneer.com

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के कुमर्दा को तहसील बनाए जाने की घोषणा से स्थानीय नागरिकों और आसपास के ग्रामीण उत्साहित हैं। मुख्यमंत्री द्वारा बीते दिनों भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान की गई इस घोषणा के बाद नागरिकों ने संयुक्त रुप से कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू का आभार व्यक्त किया है।



कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची विधायक का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। पुष्पगुच्छ भेंटकर आतिशबाजी के साथ मुख्यमंत्री व विधायक के पक्ष में जोरदार नारेबाजी की गई। स्थानीय जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ नागरिकों ने उनका मंच पर स्वागत किया। यहां उमड़ी ग्रामीणों की भीड़ ने बहुप्रतिक्षित मांग के पूरा होने पर तालियों के साथ विधायक का अभिवादन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि, खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुमर्दा की भौगोलिक स्थिति के लिहाज से यहां तहसील कार्यालय की स्थापना काफी जरुरी थी। इसके आपसास दर्जनों गांव हैं जिन्हें छुरिया तक आने जाने में काफी असुविधा होती थी। नदी के किनारे और उसपार के क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए यह बड़ी परेशानी का सबब था। उन्होंने कहा कि, हमने स्थानीय लोगों की मांग पर शासन के सामने यह विषय रखा था। मुख्यमंत्री जब भेंट मुलाकात कार्यक्रम के लिए खुज्जी विधानसभा पहुंचे तो हमने विशेष रुप से कुमर्दा को तहसील बनाए जाने की मांग रखी थी। उन्होंने विषय की गंभीरता से लिया और सालों पुरानी तहसील की मांग अब पूरी हो चुकी है। यहां तहसील कार्यालय की स्थापना से दर्जनों गांवों को फायदा मिलेगा। कुमर्दा को तहसील बनाने में यहां के संघर्ष समिति का बड़ा योगदान है जिन्होंने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कुमर्दा को आगे ले जाने का काम किया है।

# राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज भगवान भरोसे : आशीष जैन

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता युवा मोर्चा दक्षिण मंडल के महामंत्री आशीष जैन ने एक प्रेस विज्ञप्टी जारी करते हुए कहा कि राजनांदगाँव मेडिकल कालेज सुविधाओं के अभाव में भगवान भरोसे संचालित हो रहा है जिसकी शासन प्रशासन को कोई फ़िक्र नहीं है। राजनांदगाँव जिले में भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम में आए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दो दिन राजनांदगाँव में रहे पर उन्होंने किसी भी अस्पताल का जायज़ा नही लिया। जैन ने कहा कि बुधवार के दिन एक महिला ने भी पेंड्री मेडिकल अस्पताल में दम तोड दिया बच्चे दानी का ऑपरेशन कराने आयी महिला के परिजनों ने डाक्टरो पर आरोप लगाते हुए कहा की लापरवाही की वजह से महिला की जान चले गयी। जैन ने कहा मुख्यमंत्री को भेंट मुलाक़ात से ज़्यादा ज़रूरत जनता को हो रही परेशानी को दुर करने की है लेकिन इस दिशा में उनका ध्यान बिलकुल भी नहीं है। मुख्यमंत्री ने एक बार भी यह नही सोचा की स्वास्थ्य विभाग का भी हाल चाल जान ले।



## मिड डे मील और स्कूल में शौचालन निर्माण न होने पर की कार्रवाई

# खबर प्रकाशन के बाद खैरागढ़ बीईओ पर चला कार्रवाई का डंडा, संभागायुक्त ने निलंबित किया

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव/खैरागढ़
www.dailypioneer.com

दुर्ग संभाग आयुक्त ने खैरागढ़ के बीईओ महेश भुआर्य को निलंबित कर दिया है। आदेश बुधवार को जारी हुआ। दरअसल, खैरागढ़ क्षेत्र के स्कूलों में मध्याह्न भोजन परोसे जाने में लापरवाही के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक रसोईयों की दो माह की हड़ताल के बीच बीईओ ने स्कूलों से मिली मिड डे मील के संचालन प्रभावित होने की सूचना आगे नहीं पहुंचाई। इसे ही कार्रवाई का आधार बनाया गया है।

संघ के आव्हान पर रसोईयों के प्रदेशव्यापी हड़ताल के चलते दो महीने तक मिड डे मील बंद रहने के चलते कमिश्नर की ताबड़तोड़ कार्रवाई से पूरे महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। निलंबित बीईओ पर मिड डे मील बंद रहने की जानकारी रोके जाने के अलावा कमिश्नर के दौरे के समय सम्बंधित एक स्कूल में शौचालय निर्माण नहीं होने की गम्भीर लापरवाही का आरोप भी बताया जा रहा है। इसके पहले ब्लॉक के दो प्रधानपाठकों को भी निलंबित किया जा चुका है और संकुल समन्वयक और तीन शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

इस मुद्दे पर दैनिक पायनियर हिंदी ने लगातार विस्तृत खबर प्रकाशित किया पायनियर की खबरों के बाद प्रशासन के अफसर हरकत में आये और बीईओ की बड़ी चूक मानते हुए निलंबन आदेश जारी कर दिया। वहीं शिक्षकों के निलंबन की कार्रवाई को लेकर अभी आक्रोश थमा नहीं है। बुधवार को सहायक शिक्षक फे डरेशन


मिड-डे मिल न परोसे जाने का ठीकरा शिक्षकों फूटा, विरोध में सामने आया संघ

पायनियर
लगातार

के जिला और ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षकों ने कलेक्टर ओएसडी (डीईओ कार्यालय खैरागढ़) विकासखंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर निलंबन आदेश शून्य कर मामले में विभागीय लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

ठीक दूसरे दिन गुरुवार को रेंगाकठेरा के पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भी शिक्षकों के निलंबन से अपने बच्चों की पढ़ाई बाधित होने की आशंका पर कलेक्टर और महकमे के अधिकारियों को निलंबन शून्य करने ज्ञापन देकर कड़ा विरोध जताया है।

### क्यूं छिपाई जानकारी

खैरागढ़ विकासखंड के 229 स्कूलों में से कुछ ही स्कूलों में रसोईयों की हड़ताल के चलते समूह की महिलाओं ने मिड डे मील की व्यवस्था बनाया। बाकी अधिकांश स्कूलों में मिड डे मील की व्यवस्था गड़बड़ा गई थी। इस आशय की जानकारी स्कूल प्रभारियों ने संकुल समन्वयकों के मार्फ़त ब्लॉक तक पहुंचा दिया था। फिर भी शिक्षकों पर कार्रवाई हुई। समझा जा रहा है कि विकासखंड और जिला स्तर के अधिकारियों ने जानकारी आगे नहीं बढ़ाई। जबकि मिड डे मील की व्यवस्था को प्रभावी बनाने ऑनलाइन मॉनिटरिंग और नियंत्रण के लिये ऐप के माध्यम से राज्य स्तर पर रोजाना जानकारी मंगाये जाने के बाद भी उक्त ऑनलाइन जानकारियों के विश्लेषण के अभाव में शिक्षकों पर कार्रवाई की गाज गिरी है।

### गंभीर लापरवाही पर खड़े हुए सवाल

हर महीने मिड डे मील संचालन की जानकारी चावल के खपत और कुकिंग कास्ट समेत तमाम महत्वपूर्ण जानकारी निर्धारित फार्मेट में बीईओ कार्यालय भेजा जाता है। बावजूद इसके आखिर विकासखंड के जिम्मेदारों की ओर से मासिक जानकारी के साथ वस्तुस्थिति की जानकारी देने में गम्भीर लापरवाही में महकमे के ब्लॉक और जिला स्तर के कार्यालयीन स्टॉफ की भूमिका को लेकर भी सवाल खड़े हो रहें हैं और ऑनलाइन मॉनिटरिंग भी अब औचित्यहीन साबित हो रहा है। जबकि वर्तमान में मिड डे मील के लिए जारी फार्मेट में जानकारी भेजने के बाद ही रसोईयों के मानदेय, चावल के अनुमानित आबंटन और कुकिंग कास्ट की राशि जारी करने की प्रक्रिया पूरी करने की खबर है।



# सरकंडा बालक शाला के 1000 बच्चों के पास जूते नहीं थे तो स्कूल के बच्चों के लिए विधायक शैलेश ने दिया एक माह का वेतन

## छात्र-छात्राओं की मांग पर विधायक शैलेश ने की घोषणा कहा अंग्रेजी माध्यम स्कूल सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट

■ विधायक शैलेश पांडे ने कंप्यूटर एवं प्रिंटर के लिए रामदुलारे दुबे स्कूल को दिए 5 लाख

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



विधायक शैलेश पांडे ने छात्र-छात्राओं की मांग पर पंडित राम दुलारे दुबे शासकीय बालक शाला को स्वामी आत्मानंद स्कूल बनाने की घोषणा की है। विधायक पांडे ने कहा है कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप शासन का ड्रीम प्रोजेक्ट के अंतर्गत पंडित राम दुलारे दुबे शासकीय बालक स्कूल सरकंडा को स्वामी आत्मानंद स्कूल बनाया जाएगा। उन्होंने आज शाला के सांस्कृतिक एवं पाठयको उत्तर कौशल विकास प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए विजेता टीम को पुरस्कार बांटे। इस अवसर पर विधायक शैलेश पांडे ने बालक सरकंडा स्कूल मे कंप्यूटर तथा प्रिंटर एवं अन्य सामग्री अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के लिए 5 लाख की राशि देने की घोषणा की। साथ ही स्कूल के 1000 बच्चों के जूतों के लिए एक लाख की राशि दी है। स्कूल की प्राचार्य रीता तिवारी की मांग पर विधायक शैलेश पांडे ने कहा है कि स्कूल परिसर में बेजा कब्जा हटाने तथा साइकिल स्टैंड बनाने एवं अन्य कार्यों के लिए पैसे की कोई कमी नहीं होगी। सरकंडा बालक स्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विधायक शैलेश पांडे ने कहा कि स्कूल के बच्चे अच्छे से पढ़ाई करें और शहर एवं माता-पिता का नाम रोशन करें। उन्होंने शाला की जमीन पर बेजा कब्जा हटाने तथा साइकिल स्टैंड बनाने की भी घोषणा की है। एवं 5 लाखकी राशि कंप्यूटर प्रिंटर के लिए देने की बात की। इस अवसर पर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष विनोद साहू ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल समिति की सीमा शुक्ला, आशा सिंह प्राचार्य निशा तिवारी, राजू शर्मा, रीता मजूमदार, भारत जुरयानी, अर्चना दुबे, प्रीति गंधर्व, पूर्णिमा मिश्रा, सुदेश दुबे, अमित नामदेव, अनुराधा, रिंकू छाबडा के अलावा शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद थे। वार्ड के नागरिकों ने मुक्तिधाम चौक में सरकंडा पुल के नीचे जाम की स्थिति से निपटने के लिए डिवाइडर लगाने की मांग की। प्राचार्या निशा तिवारी ने विधायक को मांग पत्र सौंपा जिसमें स्कूल के उन्नयन तथा साइकिल स्टैंड की मांग रखी गई थी। विधायक शैलेश पांडे ने कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूल के बनने के लिए राज्य शासन 3से4 करोड़ की राशि यहां खर्च करेगी ।

### खिलाड़ियों को किया सम्मानित

सांस्कृतिक एवं पाठ कोत्तर कौशल विकास प्रतियोगिता के अंतर्गत पंडित राम दुलारे दुबे सरकंडा बालक स्कूल मैं आयोजित खेल प्रतियोगिता में कई बच्चों ने भाग लिया। जिसमें रस्सी दौड़, जलेबी दौड़,बोरा दौड और चम्मच दौड समेत कई प्रतियोगिताएं हुईं। प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को विधायक शैलेश पांडे ने सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र दिए। बोरा दौड़ मे विवेक यादव तथा गोपाल पांडे चम्मच दौड़ में निधि केवट तथा फैसी यादव सुई धागा में निशान तथा निधि केवट लंबी दौड़ में तुषार प्रधान जलेबी दौड़ में नितिन श्रीवास सुई धागा में प्रीति साहू तथा चम्मच दौड़ में अंजू ने बाजी मारी है। अलग-अलग वर्ग में हुए प्रतियोगिता में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में रोशन साहू, आर्यन खरे, रजनी रात्रे सुई धागा में कुश कुमार साहू, आदित्य चौहान ।

# कलेक्टर ने गोठान निरीक्षण के दौरान वर्मी कंपोस्ट निर्माण में लापरवाही पर जताई गहरी नाराजगी

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने जनपद पंचायत कटघोरा के अंतर्गत अरदा गोठान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने गौठान में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी गोठान के नोडल अधिकारी से ली। साथ ही गोबर खरीदी और खरीदे गए गोबर से वर्मी कंपोस्ट निर्माण की भी जानकारी ली। कलेक्टर संजीव झा ने गोठान निरीक्षण के दौरान गोठान में खरीदे गए गोबर के खुले में भंडारण, वर्मी टांको में पर्याप्त केंचुआ नही होने और सही अनुपात में वर्मी कंपोस्ट निर्माण नहीं किए जाने की जानकारी पर गहरी नाराजगी जताई। कलेक्टर ने सरकार की महत्वकांक्षी योजना के संचालन में लापरवाही बरतने, गोठान में अव्यवस्था और वर्मी कंपोस्ट निर्माण में लापरवाही बरतने के कारण प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एमपी सिंह कंवर और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पीके नेटी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश उपरांत उप संचालक कृषि ने दोनों अधिकारियों को नोटिस जारी कर दिए है। अधिकारियों को तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण भी देने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि गौठान में खरीदे गए गोबर को खुले में ना रखा जाये। गोबर को शेड में सुरक्षित भंडारण किया जाए। इस दौरान उन्होंने मनरेगा से बनाई गई डबरी तालाब का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मनरेगा से बनाई गई डबरी का निरीक्षण करके तकनीकी सहायक को निर्देश दिये कि मनरेगा से बनाई जाने वाली परिसंपत्ति का निर्माण वैज्ञानिक तकनीकों की सहायता से करे। उन्होंने कहा की जीआईएस और गूगल अर्थ के माध्यम से पता करके कहां पर पानी संग्रहित हो सकता है इसके आधार पर जल संरचनाएं बनाई जाए। उन्होंने गोठान में बने वर्म टेंकों में गोबर से बनाए जा रहे खाद का अवलोकन किया तथा प्रत्येक टांके में 7 से 10 किलोग्राम केंचुआ एवं सूखे पत्ते कचरा डालने के निर्देश दिए। उन्होंने स्व सहायता समूह की महिलाओं से गोठान में अब तक की गई गोबर खरीदी एवं बनाए गए वर्मी खाद की जानकारी ली।

# खेल सामग्री मिलने से राष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी किशन के खिले चेहरे, कलेक्टर ने उन्हें प्रदान किया खेल सामग्री की किट

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय क्रिकेट दिव्यांग खिलाड़ी किशन कुमार के चेहरे में उस वक्त खुशी देखने को मिली, जब कलेक्टर ने मात्र एक आवेदन में दिव्यांग खिलाड़ी को खेल सामग्री की किट प्रदान कर उनकी समस्या को दूर कर दिया। कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित कलेक्टर कक्ष में उन्हें यह खेल सामग्री किट प्रदान किया और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप जिले में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल का भी आयोजन किया जा रहा है। उन्होनें दिव्यांग खिलाड़ी किशन कुमार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। कलेक्टर के हाथों खेल सामग्री पाकर दिव्यांग खिलाड़ी किशन कुमार के चेहरे खिल उठे। उन्होंने खुशी-खुशी कलेक्टर और जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

गौरतलब है कि दिव्यांग खिलाड़ी किशन कुमार ने कल 22 नवम्बर मंगलवार को आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर खेल सामग्री की मांग की थी और बताया था कि उनका चयन आगामी 27 नवम्बर से 03 दिसम्बर तक राजस्थान के उदयपुर में थर्ड नेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट चैम्पियनशिप 2022 के लिए राज्य स्तरीय टीम में हुआ है। इसके पहले भी उन्होने राष्ट्रीय खेल में भाग ले चुका है। कलेक्टर ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्कॉल खेल सामग्री उपलब्ध कराने हेतु जिला खेल अधिकारी को निर्देश दिये थे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्यकार्य पालन अधिकारी डी.एस.राजपूत, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत और जिला खेल अधिकारी संजय पाल मौजूद थे।

# जिले को एनीमिया मुक्त बनाने हेतु बेहतर कार्ययोजना बनाकर कार्य करें: कलेक्टर

## कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिले को एनीमिया मुक्त बनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में कुल एनीमिक बच्चों, किशोर-किशोरियों और एनीमिक माताओं की संख्या व प्रतिशत और जिले में एनीमिया कम करने हेतु किये जा रहे कार्यों आदि के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले को एनीमिक मुक्त बनाने संबंधित विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर और बेहतर कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने जिले के सभी ग्रामों और नगरीय निकायों में एनीमिक की संख्या में कमी लाने जागरूकता कार्यक्रम, एनीमिया से बचाव हेतु आयरन फोलिक एसिड व कृमिनाशक का सम्पूरण, वर्ष भर सघन व्यवहार परिवर्तन, संवाद अभियान, डिजिटल माध्यम से एनीमिया जांच स्थल का प्रचार-प्रसार सहित तमाम विषयों पर चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे ने बताया कि जिले में एनीमिक की संख्याओं की कमी लाने 06 माह से 59 माह के शिशु को सप्ताह में दो बार निर्धारित मात्रा में आयरन फॉलिक एसिड सिरप, 05 से 09 वर्ष के शिशु व 10 से 19 वर्ष के किशोर-किशोरियों और प्रजनन आयु वर्ग की महिलाएं को सप्ताह में 01 आयरन फॉलिक एसिड टैबलेट और गर्भवती एवं धात्री महिला को रोजाना एक फॉलिक एसिड टैबलेट दिया जा रहा है।

# कलेक्टर ने पुरूष नसबंदी पखवाड़ा प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट परिसर से पुरूष नसबंदी पखवाड़ा प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस प्रचार रथ के द्वारा 05 दिवस तक जिले के सभी विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जाकर दंपतियों को जागरूक करते हुए पुरुषों को नसबंदी के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.एस.राजपूत, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, डॉ. एम. डी. तेंदवे, डॉ. सोनाली मेश्राम सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे ने बताया कि जिले में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा विगत वर्ष के भांति इस वर्ष भी पुरूष नसबंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुरूष नसबंदी पखवाड़ा प्रचार-प्रसार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अभियान के तहत जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रयास किये जा रहे हैं। पुरूष नसबंदी पखवाड़ा के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले योग्य दम्पतियों को गर्भनिरोधक के संबंध में परामर्श देते हुए इच्छित गर्भ निरोधक साधन अथवा सेवा उपलब्ध करायी जाएगी।

# छात्राओं को स्वेटर, जूता, मोजा एवं शिक्षण समाग्री का वितरण

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




रोट्रेक्ट क्लब आफ मुंगेली के द्वारा शासकीय प्राथमिक अनुसूचित जनजाति कन्या शाला रामगढ़ में छात्राओं को स्वेटर, जूता, मोजा एवं शिक्षण समाग्री का वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया ,इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि मुंगेली एसडीएम सुश्री आकांक्षा शिक्षा खलखो विशिष्ट अतिथि संकुल प्रभारी डॉ आई पी यादव समन्वयक नेमचंद भास्कर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया तत्पश्चात पश्चात राष्ट्रगान व छत्तीसगढ़ी राजकीय गीत गाया गया।स्वागत भाषण क्लब के अध्यक्ष द्वारा दिया गया। सभी 50 छात्राओं को स्वेटर, जूता, मोजा, पेन,शीश, रबड़, कटर, बिस्किट, चॉकलेट का वितरण अतिथियों एवं क्लब के सदस्य के द्वारा किया गया संकुल प्रभारी डॉ आई पी यादव द्वारा रोट्रेक्ट क्लब द्वारा किए गए कार्यों की सराहना एवं छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना किया गया। एसडीएम आकांक्षा शिक्षा ने आदिवासी अनुसूचित जनजाति छात्राओं को अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया किया तथा इस आयोजन के लिए रोट्रेक्ट क्लब को बधाई व शुभकामनाएं दिया। इस आयोजन को सफ्ल बनाने में अध्यक्ष मनीष वाधवा, सचिव राजू श्रीवास्तव, दिनेश गोयल, रामशरण यादव, नितेश ठाकुर, रितेश अग्रवाल, अनीष सोनी, गिरीश सुथार, दीपक कोटडिया, अनीष जैन, जिनेश्वरी जांगड़े अधीक्षका, हेमा मसीह, शिक्षिका गंगोत्री भगत का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत मे आभार व धन्यवाद स्कूल की प्रधान पाठिका कामिनी श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# जिले के ग्राम डिंडौरी में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की नवीन शाखा शुरू

■ छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष चंद्राकर ने किया का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले के विकासखण्ड लोरमी के ग्राम डिंडौरी में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की नवीन शाखा की शुरूआत हो गई। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी (अपेक्स) बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर ने नवीन शाखा का शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किसानों के हित में लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में क्षेत्र के किसानों की सुविधा के लिए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की नवीन शाखा का शुभारंभ किया गया। इस शाखा के प्रारंभ होने से किसानों को अब बैंक संबंधित कार्यों के लिए अन्य बैंक शाखा नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की नवीन शाखा प्रारंभ होने पर क्षेत्र के किसानों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल का किसानो के प्रति प्रेम एक बार भी नजर आया है, उन्होने किसानो होने वाली समस्याओं को देखते हुए डिंडौरी वासियों को सौगात दी है, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बिलासपुर के अध्यक्ष प्रमोद नायक, जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर, जनपद पंचायत लोरमी के उपाध्यक्ष खुशबू आदित्य वैष्णव, सोनू चंद्राकर, वरिष्ठ नागरिक मायारानी सिंह, उर्मिला रमेश यादव अशोक सोनवानी, धनुष सेन, पप्पू लोनिया, तोरण खांडे जाकिर हुसैन ने भी ग्राम डिंडौरी में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की नवीन शाखा के शुभारंभ होने पर क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर लोरमी एसडीएम श्रीमती पार्वती पटेल, सीसीबी नोडल संतोष सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या किसान उपस्थित थे।

# पुरुष नसबंदी जागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार रथ रवाना, अपर कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

■ चार दिसंबर तक चलेगा पुरुष नसबंदी पखवाड़ा
■ पुरुष नसबंदी कराने वाले हितग्राही को मिलेगा तीन हजार रुपए प्रोत्साहन राशि

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com




अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले ने मंगलवार को पुरुष नसबंदी जागरूकता के लिए प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से परिवार नियोजन के तहत चार दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। प्रचार- प्रसार रथ के द्वारा जिले के सभी विकासखण्डों में पुरूष नसबंदी को लेकर जागरूकता लाने प्रचार किया जाएगा। पुरुष नसबंदी कराने वाले हितग्राहियों को तीन हजार रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। परिवार नियोजन के लिए पुरूष नसबंदी व अन्य माध्यमों के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों के क्रम में हर साल पुरूष नसबंदी पखवाड़ा मनाया जाता है। इसी कड़ी में 21 नवंबर से आगामी चार दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवाडा मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसमे इस वर्ष का थीम अब पुरूष निभाएंगे जिम्मेदारी परिवार नियोजन को अपनाकर दिखाएंगे अपनी भागीदारीष् है। इस तरह इस वर्ष के पुरूष नसबंदी पखवाडें का विषय परिवार नियोजन में पुरूषों की सक्रिय भागीदारी से है। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. एसएन केसरी, डीपीएम डॉ. असरफ अंसारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ.एसएन केसरी ने बताया कि जिले में पुरूष नसबंदी को बढावा देने के उद्देश्य से पुरूष नसबंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। यह पखवाड़ा दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण में स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के योग्य लक्ष्य दंपतियों के पुरूषों से संपर्क कर, व्यक्तिगत चर्चा कर नसबंदी के फायदे बताएंगे। साथ ही पुरूष नसबंदी से जुड़ी भ्रातियों और मिथकों को दूर करने आवश्यक सलाह भी देंगे। सीएमएचओ ने बताया कि परिवार नियोजन के स्थाई साधन अपनाने के मामले में पुरुष काफी पीछे रहते हैं जबकि पुरुष नसबंदी एक मामूली सी शल्य क्रिया है महिला नसबंदी के मुकाबले यहां कारगर भी है पुरुष नसबंदी में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती है। सीएमएचओ ने जिले के लक्ष्य दंपतियों में जो पुरुष अपना परिवार पूर्ण कर चुके हैं उन्हें इस पखवाड़े में पुरुष नसबंदी करा कर अपने परिवार को खुशहाल बनाने की अपील की।

## केंद्र में पानी की समस्या को दूर करने बोर खनन के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने छुरीकला धान खरीदी केंद्र का किया औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com





कलेक्टर ने विकास खंड कटघोरा प्रवास के दौरान छुरीकला में धान खरीदी केंद्र और ढेलवाडीह में उप स्वास्थ्य केंद्र और ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने आदिवासी सहकारी समिति छुरीकला धान खरीदी केंद्र निरीक्षण के दौरान खरीदी केंद्र में किसानों की सहूलियत के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी समिति प्रबंधक से ली।

कलेक्टर संजीव झा ने खरीदी केंद्र में पानी की समस्या की जानकारी प्राप्त होने पर पीएचई विभाग के अधिकारियों को पानी की समस्या दूर करने केंद्र में बोर खनन के निर्देश दिए। उन्होंने खरीदी केंद्र में पंजीकृत किसानों की संख्या व अब तक हुई धान खरीदी की जानकारी ली। कलेक्टर ने आद्रता मापी मशीन से धान की आद्रता जांचने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने धान खरीदी के लिए समिति में पर्याप्त बारदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर झा ने भंडारकक्ष का अवलोकन किया और व्यवस्थाएं देखी। कलेक्टर ने खरीदी केंद्र में धान रखने के लिए बनाए गए चबूतरों का अवलोकन किया। मौके पर किए जा रहे हैं धान के तौल प्रक्रिया का निरीक्षण किया और जरूरी निर्देश दिए। कलेक्टर झा ने खरीदी केंद्र में किसानों की सुविधा का ध्यान रखते हुए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समिति के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों से धान बेचने आए किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर झा ने समिति प्रबंधक से 100 क्विंटल से ज्यादा धान बेचने वाले किसानों की जानकारी ली और स्वेच्छा से पैरादान के लिए उन्हें प्रेरित करने और उनसे सहमति पत्र प्राप्त करने के लिए कहा।

कलेक्टर संजीव झा ने कटघोरा विकासखंड के अन्तर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र ढेलवाडीह का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर झा ने स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उपलब्ध संसाधनों के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने उपचार व्यवस्था का अवलोकन किया। साथ ही अस्पताल में चिकित्सक कक्ष, लैब का निरीक्षण किया। अस्पताल में आने वाले ओपीडी के मरीजों की संख्या के अनुपात में डॉक्टर व कर्मचारियों की उपलब्धता और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर झा ने ढेलवाडीह में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र संचालन करने वाली राधे कृष्णा स्व सहायता समूह की महिलाओं से भी चर्चा की। कलेक्टर ने समूह की अध्यक्ष संतोषी देवी से गांव में कचरा कलेक्शन और कचरा संकलन की प्रक्रियाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने गांव में कचरा कलेक्शन के बदले यूजर चार्ज भी लेने के निर्देश दिए। साथ ही महिला समूह को कचरा कलेक्शन के बदले यूजर चार्ज दिलवाने के लिए आवश्यक बैठक करवाने के भी निर्देश ग्राम पंचायत सचिव को दिए। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ नूतन कंवर, कटघोरा जनपद के सीईओ व्ही के राठौर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पांच प्रकार के पदों के लिए कौशल परीक्षा 26 और 27 को

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत 31 संवर्गो के रिक्त 157 संविदा पदों की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इनमें से पांच प्रकार के पदों के लिए कौशल परीक्षा का आयोजन 26 और 27 नवंबर को किया जाएगा। कौशल परीक्षा लाइवलीहुड कॉलेज आईटीआई रामपुर कोरबा में आयोजित की जाएगी। 26 नवंबर को जिला प्रबंधक- डाटा, सेक्रेटेरियल असिस्टेंट - एनएमएचपी, सेक्रेटेरियल असिस्टेंट - एनएचएम एवं सेक्रेटेरियल असिस्टेंट - एनयूएचएम पदों के लिए कौशल परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 27 नवंबर को जूनियर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट पीएडीए- एनएचएम पद के लिए कौशल परीक्षा ली जाएगी। सीएमएचओ ने बताया की विज्ञापित एक पद के विरुद्ध 10 अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा में शामिल किया जा रहा है। कौशल परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा के सूचना पटल एवं जिला कोरबा के वेबसाइट में प्रकाशित किया गया है जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

# ये चुनाव नहीं धर्मयुद्ध है: बृजमोहन

## भूपेश बघेल को पता है कि वो चुनाव हार रहे हैं, इसलिए प्रत्याशी को बदनाम करने की कोशिश की






पायनियर संवाददाता ➤ दुर्गुकोंदल
www.dailypioneer.com

भानुप्रतापपुर उपचुनाव में चुनावी प्रचार ने अब जोर पकड़ लिया है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों के नेतृत्व में भानुप्रतापपुर विधानसभा के दुर्गुकोंदल मंडल में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें समस्त कार्यकर्ताओं को प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम, प्रभारी बृजमोहन अग्रवाल समेत प्रदेश के कई बड़े नेताओं ने चुनावी तैयारियों को लेकर संबोधित किया। इस दौरान बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव, विजय बघेल, ब्रम्हानंद नेताम, मोती लाल साहू, दीपक साहू, भोजराज नाग, रामविचार नेताम, विक्रम देव उसेंडी, दीपक साहू, गौतम उइके एवं अन्य नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं उपचुनाव प्रभारी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, ये चुनाव नहीं है, ये धर्मयुद्ध है। ये न्याय और अन्याय की लड़ाई है और हमें न्याय का साथ देना है। आप बताइए न्याय कौन दे रहा है? उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी दे रहे है। मोदी जी ने गरीब को पक्का घर देने का वादा किया, पर इस घर को छीनने का काम इस भूपेश बघेल सरकार ने किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश के 18 लाख लोगों के सर से छत छीनने का काम करने वाली सरकार को सबक सिखाना है। इतना ही नहीं मोदी ने 3 साल तक गरीब जनता के लिए 5-5 किलो अनाज भेजा, पर ये लबरा सरकार जो हमारे गरीब लोगों का अनाज तक खा गई। भूपेश बघेल जी ने कहा था 10 लाख युवाओं को रोजगार देंगे, नहीं तो 2500 रुपये बेरोजगारी भत्ता देंगे। न रोजगार मिला न बेरोजगारी भत्ता। सिर्फयही नहीं; न बिजली बिल आधा हुए, न ही किसानों के कर्जे माफ हुए, ना ही महिलाओं को 1500 पेंशन मिली। पूर्व मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा छत्तीसगढ़ की जनता का दुख दर्द समझ रही है। आने वाले समय मे भाजपा की सरकार भी बनने वाली है, जिसमें चहुंओर विकास होगा। अगर आपने भी हमारे विधायक को चुना तो आपका ये विधायक उन सारे विकास काम को कराएगा जो इस भूपेश बघेल सरकार ने रोक दिया है। जैसे मैं अपनी विधानसभा क्षेत्र में करता हूं। अग्रवाल ने कहा कि जब भूपेश बघेल जी को पता चला हम लोग चुनाव हार जाएंगे, तब उन्होंने हमारे भाई ब्रम्हानंद नेताम को बदनाम करने की कोशिश की। जिसने हमारे भाई/बेटे ब्रम्हानंद नेताम को बदनाम करने की कोशिश की। हम सबको मिलकर मुख्यमंत्री जी को सबक सिखाना है। इस सरकार को हराना है। ऐसे लोगों को एक पल भी अब कुर्सी पर बैठे रहने का अधिकार नहीं है, जो विकास के काम को छोड़कर छवि खराब करने और जनता को गुमराह करने का काम करते हैं।

## डिज्नीलैंड मेला शुरु, बढ़ने लगी रौनक झूलों का आनंद ले रहे बच्चे व युवा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



रावणभाठा मैदान, अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के पास, भाटागॉव में डॉ. राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज के मुख्य आतिथ्य में डिज्नीलैंड मेला का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर फिरोज अख्तर भी उपस्थित थे। मेले को काफी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। इसमें रौनक बढ़ने लगी है। जहां लोग जरुरत के अनुसार सामग्री खरीद रहे हैं, बच्चे व बड़े झूलों का आनंद ले रहे हैं। यहां कई तरह के देशी-विदेशी झूले लगे हैं, जिसमें समय-समय पर एक से बढ़कर एक आकर्षण जोड़े जाएंगे। मेले के अनेक आकर्षण में एक रेंजर झूला है, जिसमें छोटे-बड़े सभी को एंजॉय करने का मौका मिल रहा है। डिज्नीलैंड मेला के संचालक ने बताया कि इस मेले में 150 से अधिक स्टॉल हैं जहाँ लोग अपनी पसंद की खरीदारी भी कर सकते है. यहां संपूर्ण भारत के अनेक राज्यों से विभिन्न प्रकार के व्यावसायिक स्टॉल्स लगाए गये है जिसमें मुख्यतः हैंडलूम, साड़ियां, बेडशीट, वुडन हैंडीक्राफ्ट, बैम्बू के अनेक हैंडीक्राफ्ट आइटम्स, फैंसी ज्वेलरी, बच्चों के एक से बढ़कर एक खिलौने, सोफा कवर, सोफा कम बेड, लेडिस बैग, चप्पल जैसे अनेक गृहोपयोगी आटयम्स हैं।



**रायपुर।** जशपुर राजपरिवार से यशप्रताप सिंह जुदेव ने राज्यपाल अनुसुईया उईके से सौजन्य मुलाकात की।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403